सूर्योदय : 6:15
सूर्यास्त : 5:23
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 21.0


RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-137 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 08 नवम्बर 2024
05 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



शाहरुख को जान से मारने की मिली धमकी (पेज- 09)

# जम्मू-कश्मीर में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**आतंक**

- दो दिन में तीसरा एनकाउंटर
- सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया और एक आतंकी को ढेर कर दिया



**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के सोपोर के अंतर्गत सागीपोरा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ की सूचना है। जानकारी के अनुसार दोनों ओर से गोलीबारी जारी है। इससे पहले बीते बुधवार बांदीपोरा और कुपवाड़ा इलाके में भी सेना का सामना आतंकियों से हुआ था। यह मुठभेड़ कुपवाड़ा के लोलाब में शुरू हुई। ऐसी सूचना थी कि इलाके में तीन आतंकी मौजूद थे। जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया और एक आतंकी को ढेर कर दिया। इससे पहले सेना ने बांदीपोरा में भी सर्च ऑपरेशन चलाया। केंद्र ने पराली जलाने पर जुर्माने को दोगुना कर दिया है. नए लिए गए सख्त फैसले के मुताबिक, दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों को 5,000 रुपये, 2 से 5 एकड़ जमीन वाले किसानों को 10,000 रुपये और पांच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों को पराली जलाने पर 30,000 रुपये जुर्माना देना होगा. बता दें कि बीते महीने के आखिरी में सुप्रीम कोर्ट ने भी पराली जलाने से प्रभावित राज्य सरकारों को कम जुर्माने के लिए फटकारा था, इसके बाद केंद्र ने जुर्माने की राशि बढ़ाई है।

# मुख्यमंत्री ने छठ महापर्व में अस्तांचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

## सीएम योगी ने भोजपुरिया सनेश स्मारिका का विमोचन किया तथा सभी को छठ महापर्व की बधाई दी

**आस्था**

- छठ लोक आस्था का एक ऐसा पर्व, जो सूर्य उपासना के साथ जुड़ा हुआ
- 140 करोड़ भारतवासी देश की एकता व अखण्डता के पक्षधर : मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यहां लक्ष्मण मेला मैदान में आयोजित छठ महापर्व में शामिल हुए। उन्होंने अस्तांचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। उन्होंने भोजपुरिया सनेश स्मारिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने सभी को छठ महापर्व की बधाई दी।

छठ महापर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भोजपुरी में अपने सम्बोधन की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 'छठ पूजा' में आइके हमरा बड़ा आनन्द महसूस हो रहल बा। लोक आस्था के महापर्व 'छठ' के आप सबके बहुत-बहुत बधाई अउर शुभकामना। छठी मइया की कृपा आप सबके ऊपर बनल रहे। सबके जीवन खुशहाल रहे। आप सबके जीवन में उमंग और उत्साह बनल रहे। परिवार खातिर कठिन व्रत रखने वाली माता और बहन लोगन के हमरी तरफ से विशेष मंगलकामना। पूरे दुनिया में हजारों भाषा अऊर बोली बा लेकिन भारत की संस्कृति के अलगे स्थान बा। ओही में भोजपुरी भाषा, संस्कृति आपन दुनिया में अलग मिठास और सुगन्ध के कारन सबसे हटके आपन पहिचान बनवले बा। अउर अलगे आपन इतिहास बा।



पूरे दुनिया में हजारों भाषा अऊर बोली बा लेकिन भारत की संस्कृति के अलगे स्थान बा, ओही में भोजपुरी भाषा, संस्कृति आपन दुनिया में अलग मिठास और सुगन्ध के कारन सबसे हटके आपन पहिचान बनवले बा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व लोक आस्था के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता, एकात्मता और अखण्डता के प्रतीक हैं। यह प्रसन्नता का विषय है कि अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के द्वारा आयोजित छठ महापर्व का यह 40वां वर्ष है। वर्ष 1984 से लक्ष्मण मेला मैदान में यह आयोजन लगातार होता आ रहा है। यह भोजपुरी समाज के साथ ही अखिल भारतीय समाज का उत्सव बन गया है। भोजपुरी समाज बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश से देश और दुनिया में जहां कहीं भी गया, अपने साथ पर्व की सुगंध ले जाकर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व और त्योहारों के आयोजन के पीछे यह भाव है कि हम सभी मिलकर भेदभाव को समाप्त कर एक समरस समाज की स्थापना कर सकें तथा अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति कर सकें। हम सभी मिलकर आयोजनों में सहभागी बनें। हम जाति, क्षेत्र तथा भाषा सहित किसी भी प्रकार के बन्धनों से मुक्त होकर समरस समाज की स्थापना के लिए मिलकर कार्य कर सकें, इस भाव से पर्व और त्योहार के कार्यक्रम आयोजित होते हैं। छठ के आयोजन ने भी देश भर में इसी भक्ति भावना से लोगों के मन एक स्थान बनाया है। विरासत को विकास के साथ जोड़कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में जो कार्य प्रारम्भ किये, उसके परिणामस्वरूप हम आज एक नये भारत का दर्शन कर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का सर्वसम्मति से अहम फैसला

# बीच में नहीं बदले जा सकते सरकारी भर्ती के नियम

**टिप्पणी**

- चयन के नियम संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुसार होने चाहिए
- पारदर्शिता और गैर-भेदभाव सार्वजनिक भर्ती प्रक्रिया की पहचान हो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की। देश की शीर्ष अदालत ने कहा कि जब तक पहले से निर्धारित न हो तब तक सरकारी नौकरियों के भर्ती नियमों को बीच में नहीं बदला जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पहले एक बार खेल के नियम तय हो जाने के बाद उन्हें बीच में नहीं बदला जा सकता।

चयन के नियम मनमाने नहीं बल्कि संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुसार होने चाहिए। शीर्ष अदालत ने सर्वसम्मति से कहा कि पारदर्शिता और गैर-भेदभाव सार्वजनिक भर्ती प्रक्रिया की पहचान होनी चाहिए। पीठ में न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहे।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगर मौजूदा नियम या विज्ञापन के तहत बदलाव की अनुमति है तो उसे अनुच्छेद 14 की आवश्यकता को पूरा करना होगा और गैर-मनमानेपन के परीक्षण की संतुष्टि के अनुसार होना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले को पश्चिम बंगाल से बाहर स्थानांतरित करने से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि निचली अदालत के न्यायाधीश के पास सबूतों की जांच करने के बाद आवश्यक महसूस होने पर एक और जांच का आदेश देने की पर्याप्त शक्तियां हैं। अदालत ने इस मामले में सीबीआई द्वारा दाखिल छठी स्टेटस रिपोर्ट की भी जांच की। मगर कोई टिप्पणी नहीं की। अदालत ने कहा कि अभी जांच चल रही है।

### एनटीएफ ने पेश की रिपोर्ट

शीर्ष अदालत ने कहा कि कोलकाता की एक अदालत ने मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ चार नवंबर को आरोप तय किए हैं। मामले में रोजाना सुनवाई 11 नवंबर से शुरू होगी। सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय टास्क फोर्स (एनटीएफ) ने शीर्ष अदालत में अपनी रिपोर्ट पेश की। शीर्ष अदालत ने एनटीएफ की रिपोर्ट को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा करने का निर्देश दिया और सुनवाई चार सप्ताह बाद तय की। सुप्रीम कोर्ट ने 15 अक्टूबर को पश्चिम बंगाल सरकार से राज्य में नागरिक स्वयंसेवकों की भर्ती पर सवाल पूछे थे और उनकी भर्ती और नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़ा डेटा मांगा। सुप्रीम कोर्ट ने 30 सितंबर को सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अलग-अलग आराम कक्षों के अलावा सीसीटीवी लगाने और शौचालय बनाने में राज्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया और 15 अक्टूबर तक इसे पूरा करने का आदेश दिया।

## 'बटेंगे तो कटेंगे' महाराष्ट्र की जनता को पसंद नहीं: अजीत पवार




**मुम्बई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली में 'बटेंगे तो कटेंगे' का नारा दोहराने के एक दिन बाद, भाजपा के सहयोगी और राकांपा प्रमुख अजित पवार ने गुरुवार को कहा कि राज्य के लोग इस तरह की टिप्पणियों की सराहना नहीं करते हैं। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने आगे कहा कि, महाराष्ट्र के लोगों ने हमेशा से सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान को लेकर पत्रकारों की तरफ से सवाल पूछे जाने पर अजित पवार ने कहा, महाराष्ट्र छत्रपति शिवाजी महाराज, राजर्षि शाहू महाराज और महात्मा फुले का है। आप महाराष्ट्र की तुलना अन्य राज्यों से न करें, महाराष्ट्र के लोगों को यह पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज की शिक्षा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की थी। अपने बयान में राकांपा प्रमुख अजित पवार ने आगे कहा, जब अन्य राज्यों के लोग यहां आते हैं, तो वे अपने लोगों को ध्यान में रखते हुए बोलते हैं, लेकिन महाराष्ट्र ने कभी इसे स्वीकार नहीं किया और यह यहां के सभी चुनावों का इतिहास रहा है।

# आतंकियों से निपटने के लिए मास्टर प्लान तैयार : अमित शाह

**संबोधन**

- जल्द आएगी राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक नीति
- आतंकवाद की कोई सीमा नहीं : गृह मंत्री



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकवाद निरोधक सम्मेलन को संबोधित किया। अमित शाह ने कहा कि सरकार आतंकवाद, आतंकवादियों और उनके पारिस्थितिकी तंत्र से लड़ने के लिए जल्द ही राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक नीति और रणनीति लाएगी।

आतंकवाद निरोधक सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है और राज्यों की भौगोलिक सीमाएं और संवैधानिक सीमाएं हैं, लेकिन आतंकवाद के मामले में ऐसी कोई सीमा नहीं है और इसलिए सभी सुरक्षा एजेंसियों (केंद्र और राज्य) को निकट समन्वय में काम करना चाहिए, संयुक्त रणनीति बनानी चाहिए और खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए आदर्श आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और आदर्श विशेष कार्य बल (एसटीएफ) पर एक दृष्टिकोण तैयार किया है, जिसे अगर अपनाया जाता है तो यह आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए एक साझा ढांचे और मंच के रूप में काम करेगा।

सम्मेलन में राज्य पुलिस बलों के प्रमुख और राज्यों और केंद्र के अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारी शामिल हुए। गृह मंत्री ने कहा कि नई नीति राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों को आतंकवाद से निपटने के लिए निकट समन्वय में काम करने में मदद करेगी।

एटीएस और एसटीएफ मॉडल पर उन्होंने कहा कि मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को राज्यों के साथ साझा किया जा रहा है और वे अपनी-अपनी आवश्यकताओं के अनुसार इसमें बदलाव कर सकते हैं।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए सभी को सभी सुरक्षा चुनौतियों से निपटना होगा और आतंकवाद से लड़ने के लिए एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा।

> **आतंकवाद को करेंगे जड़ से खत्म : शाह**
> गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार देश में आतंकवाद को खत्म करने और इसके खिलाफ ठोस रणनीति के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों को युवा अधिकारियों को अच्छी तरह से सुसज्जित करना होगा और आतंकवाद से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना होगा।

# उच्च रिटर्न, प्लॉट के लालच में ठगे 19 लाख ग्राहक




- 32 लाख खाताधारक, फर्जी निवेश के लिए बनाईं 130 कंपनियां

**नई दिल्ली।** कुछ व्यक्तियों के समूह ने लाखों लोगों के साथ ठगी करने का एक नया तरीका खोजा। वे इसमें काफी हद तक कामयाब भी हो गए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), हैदराबाद जोनल कार्यालय की जांच में सामने आया है कि एग्री गोल्ड ग्रुप ऑफ कंपनीज से जुड़े लोगों ने उच्च रिटर्न या आवासीय भूखंड के वादे के साथ रियल एस्टेट में निवेश करने के नाम पर लगभग 19 लाख ग्राहकों और 32 लाख खाताधारकों से राशि एकत्र कर ली। लोगों को यह शक न हो कि उनके साथ फर्जीवाड़ा हो रहा है, एग्री गोल्ड ग्रुप ने रियल एस्टेट कारोबार की आड़ में फर्जी सामूहिक निवेश योजना चलाई। इसके लिए 130 से अधिक कंपनियां खड़ी कर दी गईं। ये कंपनियां, जमाकर्ताओं से भूखंडों के नाम पर पैसा एकत्रित करती थी। अब प्रवर्तन निदेशालय ने ऐसी ही कई कंपनियों के खिलाफ पूरक अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की है।

### इन कंपनियों के खिलाफ ईडी ने की कार्रवाई

ईडी ने एग्री गोल्ड ग्रुप ऑफ कंपनीज के मामले में मेसर्स एग्री गोल्ड एक्ज़िम्स लिमिटेड, मेसर्स अमृतवर्षिनी डेयरी फार्म प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स अव्वास इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स मथांगी इंफ्रा वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स शक्ति टिम्बर एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड, अव्वा सीता राम राव, अव्वा वेंकट सुब्रमण्येश्वर सरमा और मेसर्स सैंक्चुअरी होम्स प्राइवेट के खिलाफ हैदराबाद के विशेष न्यायालय (पीएमएलए) के समक्ष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत खिलाफ एक पूरक अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की है। विशेष न्यायालय ने 6 नवंबर को पीसी का संज्ञान लिया है।

# बेसिक शिक्षक समायोजन : हाईकोर्ट ने जूनियर शिक्षकों को दी बड़ी राहत

- तबादला नीति के प्रावधानों को किया निरस्त

**लखनऊ।** राज्य सरकार के शिक्षकों के स्थानांतरण संबंधी आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने आदेश के कुछ अंशों को निरस्त कर दिया। अदालत ने बाद में सेवा में आने वालों का पहले तबादला के आदेश को भी निरस्त कर दिया। साथ ही विद्यार्थी-शिक्षक अनुपात के आधार पर शिक्षकों के समायोजन के प्रावधान को भी निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति मनीष माथुर की एकल पीठ ने पुष्कर सिंह चंदेल, राहुल पांडेय, सौरभ शुक्ला, उदय प्रताप सिंह व अन्य शिक्षकों की याचिका पर सुनवाई के बाद बुधवार को वीडियो कांफ्रेसिंग से अपना फैसला सुनाया।

याचिका में शिक्षकों ने बाद में सेवा में आने वाले शिक्षकों का पहले तबादला करने वाले प्रावधान का मुख्यतः विरोध किया। उनका कहना था इस नीति से जूनियर शिक्षकों पर सीधा प्रभाव पड़ेगा और उनका स्थानांतरण होता रहेगा जबकि वरिष्ठ शिक्षकों के तबादले की संभावना कम ही रहेगी। इसके अलावा शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात के आधार पर शिक्षकों की तबादला नीति को चुनौती दी गई। उनके अधिवक्ताओं ने कहा कि यह नीति शिक्षा के अधिकार और शिक्षक सेवा नियमावली के अनुरूप नहीं है।

अदालत ने सभी पक्षों की सुनवाई के बाद 26 जून 2024 को जारी आदेश के तीन, सात, आठ और नवें बिंदु को निरस्त कर दिया। आदेश के तीसरे बिंदु में मानकों के अनुसार अधिक शिक्षकों की संख्या वाले विद्यालयों और शिक्षकों की आवश्यकता वाले विद्यालयों को चिन्हित करने, सातवें बिंदु में जूनियर शिक्षकों को अधिक मानते हुए उनके स्थानांतरण की सूची, आठवें बिंदु में छात्र-शिक्षकों के अनुपात के संबंध में और नवें बिंदु में एक ही विषय के दो अध्यापकों के कार्यरत होने पर जूनियर शिक्षकों को तबादला में प्राथमिकता के आधार पर करने के बारे में प्रावधान थे।




# जम्मू-कश्मीर विधानसभा में बवाल

**हंगामा**

- 370 के मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष के विधायकों में भिड़ंत, धक्का मुक्की

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर विधानसभा में आज काफी हंगामा हो रहा है। अनुच्छेद 370 को लेकर सदन में हाथापाई होने लगी। हंगामे के बाद स्पीकर ने विधानसभा की कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी। जिसके बाद स्पीकर ने कहा कि जो वेल में आए उनको बाहर निकालो। मार्शलों ने कुछ भाजपा विधायकों को विधासभा से बाहर निकाला।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में बारामूला से लोकसभा सांसद इंजीनियर राशिद के भाई और लेंगेट से विधायक खुर्शीद अहमद शेख द्वारा अनुच्छेद 370 पर बैनर दिखाए। विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने इस पर आपत्ति जताई। बैनर को देखकर भाजपा के विधायक भड़क गए और उन्होंने उनके हाथ से उस पोस्टर को छीन लिया। भाजपा विधायकों ने शेख खुर्शीद के हाथ से पोस्टर लेकर उसे फाड़ दिया। इस दौरान हाथापाई होने लगी और जमकर हंगामा हुआ।

जम्मू कश्मीर विधानसभा में हंगामा और हाथापाई के बाद सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। सदन स्थगित होने के बाद भी भाजपा सदस्यों ने अपना विरोध जारी रखा। भाजपा ने सुरक्षा पर आवाज उठाई कि ऐसी चीजों को कैसे अनुमति दी जाती है। मार्शलों ने सदन में हंगामा कर रहे कुछ विपक्षी विधायकों को सदन से बाहर निकाला। पीडीपी ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 और 35ए की बहाली की मांग को लेकर प्रस्ताव पेश किया।



> **हम अपनी आवाज उठाते रहेंगे : खुर्शीद अहमद**
> इंजीनियर राशिद के भाई और अवामी इत्तेहाद पार्टी के विधायक खुर्शीद अहमद शेख (जिन्होंने आज जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 पर एक बैनर प्रदर्शित किया) ने कहा, यह पूरी तरह से कानूनी है। हम अनुच्छेद 370 पर एक प्रस्ताव लाना चाहते थे, लेकिन हमें मौका नहीं दिया गया। तो, हमारे पास और क्या विकल्प था? बैनर में अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 A के बारे में बात की गई थी, जिसकी हम निंदा करते हैं। लेकिन यह भाजपा को पसंद नहीं आया। भले ही वे हम पर हमला करना जारी रखें, हम अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

# दिल्ली में फिर निर्भया कांड

**सनसनी**

- एक ऑटो, तीन लोग... एक था विकलांग
- 21 दिन में 700 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक और निर्भया कांड सामने है, जिससे राजधानी एक बार फिर शर्मसार हुई है। जांच में सामने आया है कि पीड़िता इतनी सहमी हुई थी कि वह कुछ नहीं बता पा रही थी। महिला सिपाही संगीता को सोशल वर्कर बनाकर उसकी देखभाल के लिए रखा गया। साथ ही एक ओडिया मूल की महिला को नर्स के रूप में रखा। जब महिला सिपाही संगीता ने उसका विश्वास जीत लिया तो पीड़िता ने सिर्फ ये बताया कि एक अज्ञात ऑटो रिक्शा, तीन व्यक्ति और उनमें से एक शारीरिक रूप से विकलांग था। पीड़िता अपनी मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों और घटना के आघात के कारण घटना के समय और स्थान के बारे में अन्य महत्वपूर्ण विवरण बताने में असमर्थ थी। ओडिशा की युवती के साथ दरिंदगी करने वाले ऑटो चालक प्रभु महतो का ऑटो राजघाट पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया था। ऑटो के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर पुलिस प्रभु महतो तक पहुंच गई। इसके बाद दो अन्य आरोपियों प्रमोद उर्फ बाबू व मोहम्मद शमसुल को पकड़ लिया। दक्षिण-पूर्व जिले के वाहन चोरी निरोधक दस्ते (एएटीएस) ने 21 दिन में 700 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले, 150 से ज्यादा ऑटो का सत्यापन किया। इसके बाद आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। सराय काले खां में युवती के साथ दरिंदगी मामले में खुलासा छपने के बाद बृहस्पतिवार दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता अभी भी अस्पताल में भर्ती है और उसका एम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी सड़कों पर उतरेगी समाजवादी पार्टी




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी-** किसानों की समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी सडकों पर उतरेगी।उपरोक्त उद्गार समाजवादी पार्टी के खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा ने लोहिया भवन पार्टी की मासिक बैठक में व्यक्त किये। उन्होने कहा कि जनपद में किसानों के गन्ना भुगतान का धनराशि रू0 700 करोड बकाया था जब मैने संसद में यह मुद्दा उठाया तब 239 करोड का भुगतान किसानों को किया गया लेकिन अभी भी 461 करोड रूपया बकाया है। किसानों को खाद नही मिल रही है जो ब्लैक में बेची जा रही है। बीमित फसलों का बीमा धनराशि का भुगतान नही किया जा रहा है। इन सब मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी सडकों पर उतरेगी और किसानों की लडाई लडेगी तथा संसद में भी यह मुद्दे उठाए जाएंगे। कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि जनपद में गेहू गन्ना सरसों की बुवाई सुरू हो गयी है किसानों को खाद नही मिल रही है जिससे बुवाई प्रभावित हो रही है। किसानों की फसले आरा आवारो पशुओं की वजह से बरबाद हो रही है इससे बचने के लिए सरकार ने कोई प्रबंध नही किये है उन्होने कहा कि इस आसय का ज्ञापन महामहिम राज्यपाल को भेजा गया है। यदि ज्ञापन पर शीघ्र ही कार्यवाही नही तो जनपद में समाजवादी पार्टी बडा आन्दोलन खडा करेगी। उन्होंने कार्यकताओं से वोट बढाने की अपील की है। अपने सम्बोधन में पूर्व एमएलसी शशांक यादव ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण अभियान चल रहा है। सभी कार्यकर्ता कम से कम 50 वोट बढाने का काम करें।

बैठक संचालन जिला महासचिव अंसार महलूद ने किया।बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष मो0 कयूम खां, पूर्व मंत्री आर ए उस्मानी, पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा, पूर्व विधायक रामसरन, हिमांशू पटेल, अमित वर्मा, जावेद अख्तर, प्रीतेन्द्र सिंह कक्कू, मिर्जा शेखू, भूपेन्द्र सिंह, प्रख्याति खरे, नरेश यादव, सईद अहमद, वकार अहमद, रियाजुल्ला खां, अशोक कश्यप, भण्डारी यादव, आरपी चौधरी, सगीर आलम, उमेश श्रीवास्तव, आदि ने भी अपने विचार रखे।इस अवसर पर अजय सिंह, हाजी सोहराब गौरी, अशोक वर्मा, जेड ए उस्मानी, गुरूप्रीत नन्नर, संजीव कुमार मुन्ना, रियाजउल्ला खां, आकाश प्रवीन यादव, गुप्ता, मंजीत सिंह, सत्यराम वर्मा, शिवराज वाल्मीकि, अंजली सिंह, ध्रुव मौर्या, अनूप वर्मा, पियूष भल्ला, संजीव वर्मा, रन्नो दीक्षित, डा0 जुबेर खां, आसिफ अली, दीपू तिवारी, विक्रम वर्मा, संजय वर्मा, गुरूप्रीत सिंह, हेमन्त भार्गव, उमाशंकर यादव, विनय मिश्रा, विकास यादव, सुरेश पाल यादव, जगदीश प्रसाद, मनोज वर्मा, नेत्रप्रकाश, इकरार अहमद, भरत लाल कश्यप, विमल राज, ओमप्रकाश यादव, जकाउल्ला खां, संदीप वर्मा, शिवनन्दन वर्मा, अभिनय कुमार, शुऐब अंसारी, अब्दुल मन्ना उस्मानी, सुभाष कश्यप, रामनिवास निषाद, मनोज कुमार, कल्लू खां आदि सैकडो लोग उपस्थित रहे।

# दिनदहाड़े एक घर में मीटर रीडर बनकर घुसे बदमाशों ने लूट लिए नकदी व जेवर

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मोहम्मदी कस्बे में दिनदहाड़े एक घर में मीटर रीडर बनकर घुसे बदमाशों ने नकदी व जेवर लूट लिए। इस घटना में शामिल तीनों बदमाशों को पुलिस व एसओजी की टीम ने बुधवार रात मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल भी हुआ है थाना मोहम्मदी पुलिस व एसओजी की टीम ने बुधवार रात मुखबिर की सूचना पर बरह रोड के पास घेराबंदी की। वहां तीन बदमाश मोटरसाइकिल के साथ खड़े थे। उन्होंने फायरिंग करके भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने भी गोली चलाई, जो अभियुक्त जितेंद्र के बाएं पैर में लग गई इसके बाद पुलिस ने तीनों बदमाशों जितेंद्र, विनोद व मिराज को पकड़ लिया। पुलिस ने घायल अभियुक्त जितेंद्र को उपचार के लिए सीएचसी भेजवाया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से दो तमंचा और दो कारतूस, एक मोटरसाइकिल व लूट का सामान बरामद किया गया है मोहम्मदी निवासी विनोद कुमार कुशवाहा एक इंटरमीडिएट कालेज में अध्यापक हैं। मंगलवार को जब उनकी पत्नी तृप्ति कुशवाहा घर पर अकेली थीं, तभी बाइक सवार तीन लोग घर पर आए। दरवाजे पर दस्तक देकर उन तीनों ने मीटर रीडिंग लेने की बात कही। जैसे ही तृप्ति ने दरवाजा खोला, उन तीनों ने उनको तमंचे की नोंक पर ले लिया बदमाशों ने तृप्ति को डराया-धमकाया और अंदर लॉकर तक ले गए। जहां पर बदमाशों ने पांच हजार रुपये की नकदी, कान के कुंडल, गले का पैंडिल, अंगूठी, सोने के टॉप्स, चांदी की पायल समेत जेवर लूट लिए और फरार हो गए थे।

## 17 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने का मामला आया सामने, मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**लखीमपुर-खीरी।** शहर के निकटवर्ती गांव से एक 17 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाया गया है। किशोरी की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में महिला ने कहा है कि गांव निवासी बादल पुत्र बिंद्रा उसकी 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर कर भाग ले गया है। उसकी पुत्री घर में रखे 10 हजार रूपये भी अपने साथ ले गई है। महिला ने पुलिस से पुत्री को बरामद करने की मांग की है।

## शायरी



हर लेख में हर काव्य में।
मैं बार बार तुमको दोहराऊं।
तेरी वाणी जो छंद बने तो।
रस अधरों से मैं भर लाऊँ।
भाव प्रेम हो हर कविता का।
सुंदरता को उपमान बनाऊं।
हर लेख में हर काव्य में
मैं बार बार तुमको दोहराऊं।
पलकों सी सज्जा दूं कविता को।
तेरे नैनों को अल्पविराम बनाऊं।
समझूँ सफल लेखनी को।
जो सौंदर्य तुम्हारा गढ़ पाऊँ।
हर लेख में.......
शब्द खोजता फिरता हूं, क्या कविता तुम पे गढ़ पाऊं।
किस भाषा का ज्ञान रखूं, जो तुमको पूरा पढ़ पाऊं।।
हर लेख में....

लेखक
अजय कुमार वर्मा
शाखा प्रबंधक इंडियन बैंक
शाखा विकास विभाग लखीमपुर-खीरी

# स्काउट गाइड पदाधिकारियो ने डीएम से की भेंट



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले में भारत स्काउट गाइड का स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट में स्काउट गाइड पदाधिकारियो ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से भेंट की। जिला आयुक्त (गा.) एडल्ट रिसोर्स डॉ ज्योति तिवारी ने संस्थाध्यक्ष/ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को संस्था का स्कार्फ एवं बैच लगाकर सम्मान किया। जिला संगठन आयुक्त% (गा.) डा. मधू बाजपेई और संजीता शर्मा ने भी डीएम को बैज लगाया। स्काउटिंग से सम्बन्धित पत्रक जिला प्रशिक्षण आयुक्त विष्णु दत्त भार्गव ने भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव डॉ केसी मिश्र द्वारा किया गया इस अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा और नेतृत्व के गुणों से सुसज्जित कर राष्ट्र निर्माण में अपना अभूतपूर्व योगदान देने वाले भारत स्काउट्स एंड गाइड्स% के स्थापना दिवस की सभी स्काउट्स एंड गाइड्स व जनपदवासियों को हार्दिक बधाई दी। कहा कि इस संगठन के योगदान से युवा पीढ़ी का वर्तमान निरंतर सुदृढ़ व राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल हो रहा है।

# हर बृहस्पतिवार होगी टैक्स समस्याओं की जनसुनवाई

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** हर बृहस्पतिवार नगर निगम में टैक्स सम्बंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए विशेष जनसुनवाई दिवस आयोजित कर टैक्स विसंगतियों को दूर किया जायेगा। टैक्स जमा कराने हेतु लोगों की सुविधा के लिए प्रत्येक वार्ड में दो दिवसीय कैंप भी लगाये जायेंगे, पंद्रह दिन बाद ये कैंप उसी वार्ड में दोबारा लगाये जायेंगे। इन कैंपों के आयोजन में क्षेत्रीय पार्षदों का भी सहयोग लिया जायेगा।

नगरायुक्त संजय चौहान ने टैक्स विभाग की समीक्षा करते हुए उक्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जीआईएस सर्वे के बाद जो बिल लोगों को भेजे गए हैं उनमें टैक्स की विसंगतियों को लेकर अनेक शिकायतें आती रही हैं। उन्होंने कहा कि अनेक लोगों को यह भी ज्ञात नहीं है कि उन्हें किस टैक्स स्लैब के तहत टैक्स अदा करना है। कुछ लोगों को पुराने स्लैब के आधार पर बिल देने के साथ ही नये स्लैब के बिल भी भेज दिए गए हैं, हमें लोगों की इन भ्रांतियों को दूर करना होगा। उन्होंने अधिकारियों से यह भी



जानकारी ली कि टैक्स वसूली के लिए अभी तक कितने नोटिस वितरित किये गए है, उनमें कितनी आपत्तियां आयी है और कितनी आपत्तियों का निस्तारण किया गया है। उन्होंने बड़े बकायादारों की सूची के साथ टॉप टैन की सूची बनाने के निर्देश देते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को टैक्स वसूली बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने एक-एक कर राजस्व निरीक्षक व टीसी से उनके द्वारा की गयी वसूली के बारे में जानकारी ली। मानक के अनुरुप वसूली न करने वाले कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए उन्होंने दो टूक कहा कि यदि एक माह में वे अपने कार्य में सुधार नहीं करते तो अपना बस्ता उठा कर घर जाने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि वसूली में किसी से डरने की जरुरत नहीं है, सख्ती के साथ वसूली करें। नगरायुक्त के पूछे जाने पर कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि पहले निगम क्षेत्र में एक लाख 45 हजार भवन टैक्स के दायरे में थे। जीआईएस सर्वे के बाद दो लाख 13 हजार भवन सामने आये है। इस प्रकार करीब 68 हजार नयी सम्पत्ति प्रकाश में आयी है। इनमें करीब 28 हजार खाली प्लाट भी शामिल हैं। इस तरह जो 40 हजार नये भवन सामने आये है उनमें से 33 हजार को टैक्स सम्बंधी बिल भेज दिए गये है। नगरायुक्त ने बाकि सात हजार भवन स्वामियों को भी बिल शीघ्रातिशीघ्र भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने टैक्स में छूट के लिए समीक्षा कर नीति बनाने के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता, कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी, कर अधीक्षक सुधीर शर्मा व सुरेंद्र कुमार के अलावा सभी राजस्व निरीक्षक व टीसी मौजूद रहे।

# लूट की घटना के अभियोगो को मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार

**बरेली।** थाना प्रेम नगर अंतर्गत मुखबिर ने सूचना दी की घटना से संबंधित अभियुक्त थाना क्षेत्र में घूम रहे हैं इसकी सूचना मिलने पर आशुतोष रघुवंशी प्रभारी निरीक्षक थाना प्रेम नगर बरेली पुलिस बल के साथ पहुचे और मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की कुछ संदिग्ध मोटरसाइकिल से आरपीएफ वैरिक के पास में किसी घटना का अंजाम देने जा रहे हैं इस पर वहां काम्बिँग की गई तो मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध आते दिखे।

जब उनको रोकने का प्रयास किया गया तो पुलिस को देखते ही आरपीएफ वैरिक की तरफ भागे पुलिस द्वारा अभियुक्त गणों का पीछा किया गया जिसमें अभियुक्त गणों द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायर करना शुरू कर दिया जिसकी जवाब में पुलिस द्वारा घेरा बंदी कर आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा फायर किया गया जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी वह दूसरा भागने के दौरान गिरकर चोटिल हो गया तथा अभियुक्त गणों को आवश्यक बल प्रयोग करते हुए पकड़ लिया पकड़ गया अभियुक्त गणों में एक का नाम अमित उर्फ़ विक्की तथा दूसरे का नाम नगर सिंह उर्फ रवि है अभियुक्त गुना के पास से कुछ नाजायज असलेह और 182000 प्राप्त हुए हैं।

# आमजन को दी जाए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं: मनीष बंसल



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि एमओआईसी को दी जाने वाली वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि में आशाओं के भुगतान को भी शामिल किया जाए। उन्होने कहा कि चिकित्सालयों में सभी दवाओं की उपलब्धता एवं चिकित्सकों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। चिकित्सकों की उपस्थिति के लिए बायोमैट्रिक का प्रयोग किया जाए। अच्छा कार्य करने वाले चिकित्सकों को प्रोत्साहित किया जाए।

जिलाधिकारी मनीष बंसल कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत गठित जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि आमजन को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के साथ ही चिकित्सालयों का सौन्दर्यीकरण किया जाए। चिकित्यालयों में साफ सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। सभी सीएचसी एवं पीएचसी में सौलर रूफ टॉप लगवाया जाए। उन्होने आगामी सर्दियों के दृष्टिगत निर्देश दिए कि तीमारदारों के लिए रात्रि में ठहरने एवं ठण्ड से बचाव की उचित व्यवस्था की जाए। कोई भी तीमारदार खुले में न रहे। चिकित्सालय परिसर में बैठने के लिए आवश्यतानुसार बैंच लगवाई जाएं। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि सभी सीएचसी एवं पीएचसी का विगत 03 माह का डाटा निकालकर विशलेषण करें कि किस स्वास्थ्य केन्द्र पर विभिन्न योजनाओं में लगातार खराब प्रदर्शन हो रहा है। उन्हे चिन्हित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। यदि आगामी माह में भी स्थिति में सुधार नहीं आता है तो उनका वेतन रोकने की कार्यवाही की जाए। जननी सुरक्षा योजना के तहत स्टाफ नर्स को पीपीआईयूसीडी की ट्रेनिंग देकर संस्थागत प्रसव की संख्या में बढोत्तरी की जाए। जिन इकाईयों पर कम प्रसव हो रहे हैं उनके एमओआईसी को निर्देशित किया कि कम हुए प्रसवों की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप संस्थागत प्रसवों को बढाया जाए। आमजन को परिवार नियोजन के प्रति मोटिवेट करते हुए उसके फायदो की जानकारी दी जाए। उन्होने कहा कि टीकाकरण के पूरे प्रोटोकाल का पालन किया जाए। मनीष बंसल ने मेडिकल कॉलेज में कम प्रसवों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य को पत्र लिखने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रवीण कुमार, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण, सीएमएस डॉ.रामानन्द, सीएमएस महिला चिकित्सालय तथा समस्त सीएचसी एवं पीएचसी से चिकित्सक मौजूद रहे।

# जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** जिला सैनिक बन्धु बैठक का गुरूवार को कलैक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरूण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

जिला सैनिक बन्धु बैठक का संचालन कमाण्डर सतीश कुमार (अ0प्रा0), जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा किया गया। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व जिला सैनिक बन्धु बैठक में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर हुई कार्यवाही से उपस्थित पूर्व सैनिकों को अवगत कराया गया। सैनिक बन्धु बैठक में सात प्रार्थना पत्र शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण तथा जनपद में पंजीकरण कराये जाने हेतु सम्बन्धित का त्वरित निस्तारण हेतु शस्त्र लिपिक को मौके पर बुलाकर निस्तारण हेतु निर्देश जारी किए। एक प्रार्थना पत्र सरकारी चकरोड को दुरूस्त कराये जाने के सम्बन्ध में था, के सम्बन्ध में सम्बन्धित तहसीलदार को दूरभाष पर तत्काल प्रकरण में कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। जिला सैनिक बन्धु बैठक में 18 पूर्व सैनिकों एवं उनकी पत्नियों ने भाग लिया। आनरेरी लै0 सतीश चन्द्र (अ0प्रा0) तथा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर सतीश कुमार (अ0प्रा0) ने राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं उनकी पत्नियों को जानकारी प्रदान करने के साथ ही जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा सैनिकों के लम्बित प्रकरणों को गुणवत्तापूर्वक समय से निस्तारण का आश्वासन दिया।

# वोट बनवाने या संशोधन के लिए विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित


**सहारनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 के मध्य समस्त मतदान केन्द्रों पर कराया जा रहा है। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.अर्चना द्विवेदी ने बताया कि दावे और आपत्तियां प्राप्त करने हेतु विशेष अभियान की तिथियां 09 नवम्बर शनिवार, 10 नवम्बर रविवार, 23 नवम्बर शनिवार, 24 नवम्बर रविवार नियत है।

विशेष अभियान की तिथियों में पदाभिहित अधिकारी व बीएलओ मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर निर्वाचक नामावली का निरीक्षण करायेंगे तथा दावे और आपत्तियां प्राप्त करेंगे। डॉ.अर्चना द्विवेदी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विशेष अभियान की तिथियों अवकाश के दिनों में मतदान केन्द्रों पर पदाभिहित अधिकारी व

# चाय वाले को पापा बनाकर शोरूम में बैठाया, टेस्ट ड्राइव के बहाने ले उड़ा स्पोर्ट्स बाइक

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में बाइक चोरी के एक अजीबो गरीब मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार लार बाइक भी बरामद कर ली है। आरोपी ने टेस्ट ड्राइव के बहाने शोरूम से एक सेकेंड हैंड हाईस्पीड बाइक को लेकर रफूचक्कर हो गया। उसने बाइक चुराने के लिए एक चाय वाले को अपना पापा बताकर शोरूम में बैठा दिया था। बता दें कि आगरा के नालबंद चौराहे पर कमल मोटर्स के नाम से पुरानी बाइक की शोरूम है। शोरूम मालिक ने 3 नवंबर को थाना लोहामंडी पुलिस को सूचना दी थी कि उनके शोरूम पर एक साहिल नाम का लड़का आया। उसने सेकेंड हैंड रेसिंग बाइक खरीदने की बात कही। एक लाख रुपए में सौदा तय हुआ था। फिर वह अपने पिता को साथ लेकर आने की बात बोलकर चला गया। उसके बाद शातिर साहिल थोड़ी देर बाद फिर आया। इस बार उसके साथ एक बुजुर्ग व्यक्ति और थे, जिसे उसने अपना पिता बताया। साहिल ने बाइक की टेस्ट ड्राइव लेने



की कही, जिसके बाद शोरूम संचालक ने बाइक साहिल को दे दी। साहिल बाइक की टेस्ट ड्राइव लेने के लिए निकला और संचालक ने उसके पिता को अपने साथ ही बैठाये रखा। काफी समय तक साहिल बाइक की टेस्ट ड्राइव लेकर वापस नहीं आया तो संचालक ने उसके साथ आए दूसरे व्यक्ति से उसे बुलाने के लिए कहा तो बताया कि वह उसका पिता नहीं है। वह तो थोड़ी दूरी पर ही चाय की दुकान लगाते है और साहिल उसकी दुकान पर चाय पीने के लिए आता था। उसने कहा था कि एक जरूरी काम से उसके साथ चलने का आग्रह किया तो वह उसके साथ आए। मामले में संचालक के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया और आरोपी की गिरफ्तारी में जुट गई। अब पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि टेस्ट ड्राइव के नाम पर बाइक लेकर फरार हुआ शातिर साहिल GIC ग्राउंड के पास से जाने वाला है, जिसके बाद पुलिस ने चेकिंग शुरू की। फिर शातिर साहिल को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसके पास से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली। पुलिस पूछताछ में साहिल ने बताया कि वह बाइक चलाने का शौकीन है। उसके परिवार की आर्थिक स्थित मजबूत नहीं है, जिसके बाद उसने बाइक नहीं खरीदी। फिर उसने बाइक लेने का यह नया प्लान बनाया था।

## शिविर में 600 अधिवक्ताओं की जांच कर दिया उचित परामर्श

**सहारनपुर।** रोटरी क्लब सहारनपुर कोन्टीनेन्टल एवं सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र एवं दन्त जांच शिविर में चिकित्सकों ने 600 से ज्यादा अधिवक्ताओं की जांच कर उन्हें उचित परामर्श देते हुए निशुल्क दवाई वितरित की। दीवानी कचहरी में आयोजित शिविर का शुभारंभ जिला जज श्रीमती बबीता रानी ने फीता काटकर किया गया। उन्होंने सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा समय-समय पर शिविर लगाकर अधिवक्ताओं को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जाता है। उन्होंने अध्यक्ष राजीव गुप्ता व महासचिव निशांत त्यागी से आगे भी इस तरह के कैम्प लगाने का आह्वान किया, ताकि अधिवक्ताओं को इसका लाभ मिल सकें। सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि आगे भी इस तरह के कैम्प लगाये जाने का आश्वासन दिया।

# आगरा में ब्रेड विक्रेता को बीच सड़क पर मारी गोली, भागते हुए दो हमलावरों को भीड़ ने दबोचा

*अवधनामा संवाददाता*

आगरा। ताजगंज थाना क्षेत्र में कावेरी विहार फेज-2, कहरई मोड़ में बुधवार रात तीन बाइक से आए 6 युवकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस दौरान एक गोली बेकरी संचालक लग गई। गोली चलते ही भगदड़ मच गई। हालांकि कुछ लोगों ने गोली मारकर भाग रहे दो हमलावरों दबोच कर पुलिस के हवाल कर दिया। पुलिस ने घायल बेकरी संचालक को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालात स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने बेकरी संचालक के परिजनों की तहरीर पर हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया गया कि बरौली अहीर निवासी अतुल यादव बेकरी का काम करता है। अतुल अपनी बेकरी के प्रोडेक्ट की



बाइक से खुद सप्लाई करता है। बुधवार रात करीब 9 बजे वह कहरई मोड़ पर गया था। वहीं अतुल शमशाबाद रोड पर बलवंत सिंह की हार्डवेयर की दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान तीन बाइक पर 6 से अधिक युवक आए और इनमें से एक ने उस पर गोली चला दी। गोली हाथ पर लगी और बाद में कमर में जा घुसी। अतुल को लहूलुहान जमीन पर गिरा देख आसपास के कुछ लोगों और दुकानदारों ने हिम्मत दिखाते हुए आगे बढ़े। इस पर हमलावर भागने लगे। लोगों ने पीछा करके भाग रहे दो हमलावरों पकड़ लिया। इसके बाद दोनों को एकता चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने घायल बेकरी संचालक अतुल यादव को अस्पताल में भर्ती कराया और परिजन को सूचना दी।

एसीपी ताजगंज ने सैय्यद अरीब अहमद ने बताया कि बेकरी संचालक अतुल ने किसी से रंजिश होने की बात से इनकार कर दिया है। हमले के पीछे की वजह पता की जा रही है। प्रथमदृष्ट्या लग रहा है कि हमला किसी और पर होना था। मामले में पकड़े गए युवकों से पूछताछ की गई तो वो खुद को राहगीर बता रहे हैं। उनसे पूछताछ जारी है। इस मामले में घायल के परिजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। घायल का इलाज चल रहा है।

# घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद, डूबते सूर्य को वर्ती महिलाओं ने दिया अर्घ्य

अवधनामा संवाददाता



एडीजी जोन, डीआईजी रेंज, मंडलायुक्त, डीएम, एसएसपी, एसपी सिटी, एसपी नार्थ, एसपी दक्षिणी ,एडीएम प्रशासन, एडीएम सिटी, एडीएम वित्त, सिटी मजिस्ट्रेट, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एसडीएम, सीओ रहे भ्रमणसील

**गोरखपुर।** समृद्धि, पुत्र प्राप्ति व मंगलकामना के पर्व छठ पर बृहस्पतिवार की शाम को डूबते सूर्य को वर्ती महिलाओं ने अर्घ्य दिया। शुक्रवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर महापर्व का समापन होगा छठ वृत्ति महिलाओं बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद प्रशासन द्वारा की गई थी घाटों पर एनडीआरएफ एसडीआरएफ गोताखोर जल पुलिस सिविल पुलिस चप्पे चप्पे पर लगी रही एडीजी जोन डीआईजी रेंज कमिश्नर डीएम एसएसपी एसपी सिटी एसपी नार्थ एसपी दक्षिणी एडीएम प्रशासन एडीएम सिटी एडीएम वित्त सिटी मजिस्ट्रेट एसडीएम सीओ सहित अन्य विभाग के अधिकारी भ्रमण सिल रहे। शाम होने से पहले ही व्रती तालाबों व नदियों पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पहुंचने लगे राप्ती नदी के रामघाट गोरखनाथ मंदिर के मानसरोवर सूरजकुंड धाम रामगढ़ ताल महेशरा मानीराम रोहिन मीरपुर पिपराइच सहित जनपद के हर गांव के तालाबों नदियों पर बड़ी संख्या में छठ व्रती अपने पूरे परिवार एवं गाजे-बाजे के साथ छठ घाट पर पहुंचे। शाम को पूरे विधि-विधान से छठ व्रतियों ने डूबते सूर्य एवं छठ माता की आराधना की। बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि व अन्य लोग भी व्रतियों को पर्व की शुभकामनाएं देने छठ घाटों पर पहुंचे। सूर्य देव की उपासना का यह पर्व शुद्धता, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाला है। सूर्य देव के साथ-साथ छठी मैया की पूजा का विधान है। इस व्रत में सूर्य और षष्ठी माता दोनों की उपासना होती है। इसलिए इसे सूर्यषष्ठी भी कहा जाता है। दिन में छठी व्रतियों ने गेहूं, घी व शक्कर का ठेकुआ, चावल, घी और शक्कर का लड्डू प्रसाद के लिए बनाया। बांस के बने सूप डाला, दौरा, टोकरी में प्रसाद को रखा गया। इसके साथ ही प्रसाद के रूप में सेब, केला, अमरूद, नींबू सहित अन्य फल प्रसाद के रूप में रखे गए। घरों से लेकर घाटों तक भक्तिपूर्ण माहौल बना रहा। छठ महापर्व की तैयारियां घरों में कई दिनों से चल रही थी। घरों से लेकर घाटों तक भक्ति के गीत गूंजते रहे।

# राप्ती तट के कायाकल्प से बढ़ती गई छठ पूजा की रौनक

## योगी सरकार ने गोरखपुर की गंगा मइया राप्ती नदी के राजघाट पर दोनों तरफ कराए हैं पर्यटन विकास के कार्य

- पहले गंदगी और तट पर दलदल से श्रद्धालुओं को होती थी काफी परेशानी
- शासन के निर्देश पर अब हर श्रद्धा पर्व पर तटों पर होती है चाक चौबंद व्यवस्था



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** आस्था को सम्मान और श्रद्धार्चन वाले स्थलों के कायाकल्प से पर्व और त्योहारों की रौनक और बढ़ गई है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण राप्ती नदी के राजघाट के दोनों तटों पर लोक आस्था के महापर्व छठ पर नजर आ रहा है। तीन साल पहले तक राजघाट के आमने-सामने के तटों पर गंदगी, अव्यवस्था और दलदल से श्रद्धालुओं को भारी परेशानी होती थी, तो वहीं योगी सरकार ने इन दोनों तटों का पर्यटन विकास कराकर छठ और स्नान पर्वों के लिए शानदार श्रद्धा स्थल बना दिया है। यही नहीं शासन के निर्देश पर यहां श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए चाक चौबंद इंतजाम और सुंदर सजावट देखते ही बन रही है।

गोरखपुर की गंगा मइया राप्ती नदी का राजघाट मानव काया के अंतिम पड़ाव के रूप में जाना जाता है। इसके आमने-सामने के दोनों तट दलदल और अव्यवस्था की चपेट में रहते थे। यहां आने के बदहाल रास्ते, घाट पर पसरी गंदगी, स्नान के लिए कोई भी पक्का घाट नहीं और बुनियादी सुविधाओं के नाम पर शून्य देख लोगों का मन खिन्न रहता था। कोई भी व्यवस्था न होने से लोगों को काफी असुविधा होती थी। काफी पहले से लोगों ने यहां पक्के स्नान घाट की मांग उठा रखी थी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके साथ ही उन्हें पर्यटन स्थल की अनूठी सौगात भी दे दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर वर्ष 2021 में करीब 34 करोड़ रुपये की लागत से इन दोनों तटों का जीर्णोद्धार कराकर इसे राजस्थानी स्थापत्य शिल्प से सुसज्जित कर दिया गया है। पूर्वी तट का नाम गुरु गोरक्षनाथ घाट और पश्चिमी तट का नाम रामघाट रखा गया है। 16 फरवरी 2021 को सीएम योगी ने इन दोनों घाटों का लोकार्पण किया था। ये दोनों घाट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से निखर-संवर गए हैं। राजघाट को न केवल सौन्दर्यीकृत किया गया है बल्कि पुरुषों और महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, प्रसाधन समेत सभी जरूरी सुविधाओं की मुकम्मल व्यवस्था कर दी गई है। इससे अब छठ और स्नान पर्वों पर श्रद्धालु काफी प्रसन्न नज़र आते हैं।

### व्रती महिलाओ ने दिया अस्तांचल सूर्य को अर्घ्य



छठ महापर्व पर पाली क्षेत्र नारंग पट्टी गांव स्थित जलाशय पर जुटीं व्रती महिलाओं ने अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं, पुरुष और बच्चों की भीड़ रही। नहाय खाय से शुरु होने वाली डाला छठ बुधवार से शुरु हुआ। इस पर्व का बड़ा महत्व है। प्रत्येक वर्ष की तरह यहां व्रती महिलाओं ने गुरुवार को ढलते सूर्य को अर्ध्य देकर आशीष मांगा। शुक्रवार को प्रात- व्रती महिलाएं उगते सूर्य को अर्ध्य देकर पारण करेंगी। यहां व्रत रखने वाली महिलाओं के मुताबिक नहाय खाय के दिन व्रत रखने वाली महिलाएं नदी या तालाब में स्नान करती हैं तथा नई फसल के चालव का भात, चना दाल और खासकर लौकी का प्रसाद बनाकर ग्रहण करती हैं। प्रसाद भोजन बनाते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। उनका कहना है कि यह व्रत रखने से भारी पुण्य मिलता है। रविवार को ढलते सूर्य को अर्ध्य देने के दौरान ग्राम प्रधान रामवृश, गौड श्रवण गौड़ गजेन्द्र राधे सुनील मिश्रा मंजीत लल्लू दुबे बुलटू तिवारी मोनू मिश्रा सहित अन्य की संख्या में सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आबकारी विभाग ने शराब की दुकानों का किया निरीक्षण



**फर्रुखाबाद।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत 7/11/2024 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- 1 कुमार गौरव सिंह मय स्टाफ द्वारा क्षेत्रांतर्गत आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, Online Payment, CCTV कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

### सपा जिलाध्यक्ष ने संजीव जिला सचिव व प्रभारी बनाया

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने संजीव मिश्रा कल्लू को जिला सचिव मनोनीत किया उसके साथ संजीव मिश्रा को फर्रुखाबाद नगर क्षेत्र का प्रभारी भी बनाया है। उनसे उपेक्षा की गई है कि वह नगर क्षेत्र में बीएलए एवं वोट बढ़वाने का काम विधानसभा अध्यक्ष के साथ मिलकर करेंगे। इनके साथ शिव शंकर शर्मा को सदर विधानसभा का प्रभारी भी बनाया गया वह भी विधान सभा अध्यक्ष का सहयोग करेंगे। किसानों को धान खरीद एवं खाद न मिलने पर चिंता जताते हुए जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य समीर यादव एवं जिला उपाध्यक्ष सिराजुल अफाक मुन्ना को जिलाधिकारी को ज्ञापन देने हेतु प्रभारी नियुक्त किया।

### विधायक प्रदीप कुमार शुक्ल ने किया घाट का निरीक्षण



**गोरखपुर।** लोक आस्था का महापर्व छठ वृहस्पतिवार को क्षेत्र में संध्याकालीन सूर्य को अर्घ्य देकर मनाया गया। व्रती महिलाओं ने दिनभर निर्जल व्रत रखकर शाम के समय अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया। इस दौरान खानिमपुर, कालेसर,जैतपुर, साथीपार,भीटी खोरिया, नगरा, भगवानपुर फरसाडांड,सहित अन्य घाटों पर महिलाएं नंगे पांव सिर पर बांस की टोकरी में पूजा सामग्री, फल, ठेकुआ सजाकर घाट तक पहुंचीं। इस दौरान महिलाएं छठी मैया के गीत गाती रहीं। भगवान भास्कर के अस्ताचलगामी होने तक महिलाएं पानी में पूजा सामग्री लेकर खड़ी रहीं। सूर्य भगवान के अस्त होते समय महिलाओं ने अर्घ्य दिया। इस दौरान वरिष्ठ नेता विकास पाण्डेय,ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव, छोटेलाल मौर्य, शिवमचंद, तेजनारायण पांडेय, आलोक पांडेय रामबुझारत पासी,सहित स्थानीय पुलिस उपस्थित रहे।

### अवैध खनन करते हुए चार डंफर और एक पोकलैंड सीज

**गोरखपुर।** सहजनवां तहसील क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बुधवार को सिसई के राप्ती नदी के किनारे हो रहे अवैध खनन की जानकारी मिलने पर पहुंचा प्रशासन ने मौके पर चार डंफर और एक पोकलैंड को पकड़ कर पुलिस को सुपुर्द कर सीज करने के लिए खनन विभाग को रिपोर्ट भेज दिया है। बुधवार की रात्रि में एसडीएम को जानकारी मिली कि सिसई के राप्ती नदी के किनारे अवैध खनन का जोरो पर चल रहा है। इसके बाद उन्होंने मौके पर नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया को मौके पर भेजे। जहां अवैध खनन चल था। मौके पर अवैध खनन में शामिल चार डंफर और पोकलैंड को पकड़ लिया। जो मिट्टी गिरा कर अवैध खनन स्थल पर जा रही थी। इनके पास खनन के कोई कागजात नहीं थे। जिसे पुलिस को सुपुर्द कर सीज करने के लिए खनन विभाग को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। इस संदर्भ में तहसीलदार राकेश कन्नौजिया ने कहा कि अवैध खनन में जो गाड़िया पकड़ी गई है। उसे पुलिस को सुपुर्द कर सीज करने के लिए खनन विभाग को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है।

# पुलिस की कार्यशैली से नाराज परिजनों ने किया जाम

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा गांव में शनिवार से लापता बच्चे का बीती शाम शव बरामद होने के मामले में पुलिस के रवैए से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने उन्नाव शुक्लागंज फोरलेन पर जाम लगा दिया। इसकी सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, सीओ बीघापुर समेत तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। काफी देर तक समझाने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी। ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद परिजन शव बरामदगी स्थल देखने और आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने की शर्त पर माने। चौकी में अधिकारियों की मौजूदगी में मृत बच्चे के पिता ने पांच लोगों को नामित करते हुए तहरीर दी। बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा गांव निवासी 9 वर्षीय बच्चा बीते शनिवार को अपनी बहन व भाई के साथ कबाड़ बीन कर बेचने गया था। उसके भाई बहन घर पहुंच गए लेकिन बच्चा घर नहीं पहुंचा। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो पिता ने तहरीर देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई। खोजबीन के दौरान कबाड़ वाली दुकान के बगल में स्थित बैंक आफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र के सीसीटीवी फुटेज में एक युवक बच्चे का हाथ पकड़ कर ले जाते दिखाई दिया। पुलिस ने कई दफा उस दुकान में बैठने वाले युवकों से पूछताछ की लेकिन किसी ने मुंह नहीं खोला। बुधवार दो युवकों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। जिसमें एक ने पिटाई के दौरान बच्चे की मौत होने की बात स्वीकार की। देर शाम पुलिस ने उसकी निशानदेही पर शव बरामद कर मोर्चरी पहुंचा दिया। इस दौरान न पुलिस ने फॉरेंसिक टीम से साक्ष्य संकलन कराया न परिजनों को मौके पर बुलाया।

### गौसगंज कांड के मुख्य आरोपी पर लगा रासुका

**बरेली।** गौसगंज कांड के मुख्य आरोपी पीआरडी जवान बख्तावर पर बड़ी कार्रवाई हुई है। उस पर रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी जेल में बंद हैं। शाही थाने के गांव गौसगंज में 19 जुलाई को घर में लेजर लाइट की रोशनी डालने पर हुए विवाद के बाद दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गए थे। एक पक्ष के लोगों ने पूर्व प्रधान हीरालाल के बेटे की लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से घटना के सूत्रधार पीआरडी जवान बखतावर समेत करीब 50 लोगों को नामजद और 25 अज्ञात पर रिपोर्ट कराई गई थी। शाही थाना पुलिस ने अगले ही दिन बख्तावर को जेल भेज दिया था। तब से कई और आरोपी भी जेल भेजे जा चुके हैं। डीएम और एसएसपी ने बख्तावर को इस बवाल के लिए जिम्मेदार मानते हुए उसके खिलाफ रासुका की कार्रवाई को शासन से लिखापढ़ी की थी।

# बरेली पुलिस की दो महिला खिलाड़ियों ने महाराष्ट्र मे किया कमाल



**बरेली/अवधनामा संवाददाता।** महाराष्ट्र में 23 अक्टूबर से 27अक्टूबर तक चलने वाले फेडरेशन आफ इण्डिया तृतीय राष्ट्रीय वेटर्नस स्पोर्ट्स नासिक में उत्तर प्रदेश पुलिस टीम की तरफ से बरेली पुलिस की 02 महिला खिलाडियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दोनों महिला खिलाडियों अर्चना कुमारी और सुमन धीमान द्वारा 01 स्वर्ण, 02 रजत पदक सहित कुल 03 पदक अर्जित किए गये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली द्वारा पुलिस कार्यालय में पदक अर्जित करने वाले खिलाडियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों खिलाडियों को 2,500 - 2,500/- रूपये के नगद पुरुस्कार व प्रशस्ति पत्र दिए जाने की घोषणा की है।

# गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज को लेकर में बढ़ रहा विरोध

अवधनामा ब्यूरो



**अलीगढ़।** गाजियाबाद जिला जज कोर्ट में दिवाली से पहले वकीलों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में अधिवक्ता लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। अलीगढ़ में पिछले 10 दिनों से अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। गुरुवार को अधिवक्ताओं ने नेशनल हाईवे पर पैदल मार्च कर पुलिस प्रशासन और जिला जज गाजियाबाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए न्याय की मांग की। धरना प्रदर्शन और पैदल मार्च कर रहे अधिवक्ता प्रतीक चौधरी ने बताया कि अलीगढ़ के अधिवक्ता पिछले 10 दिनों से गाजियाबाद न्यायालय में वकीलों के साथ हुए अत्याचार के विरोध में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। गुरुवार को धरना प्रदर्शन का दिन बढ़ाते हुए अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। एडवोकेट प्रतीक चौधरी ने बताया कि आगे की रणनीति के लिए अधिवक्ता मीटिंग करेंगे और एक प्रतिनिधिमंडल के साथ पहले गाजियाबाद उसके बाद अन्य जिलों में जाकर इसकी रणनीति तैयार की जाएगी।

एडवोकेट प्रतीक चौधरी ने धरना प्रदर्शन के दौरान घोषणा कि अगर अधिवक्ताओं की मांगे पूरी नहीं की गई तो वह सोमवार से भूंख हड़ताल शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा कानून के लिए भी पुरजोर तरीके से मांग उठाई जा रही है जल्द ही पूरे प्रदेश में अधिवक्ताओं को एकजुट कर एक विशाल आंदोलन किया जाएगा।

# सही जानकारी एवं जागरूकता ही कैंसर से बचाव: डॉ. सिद्दीकी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** नबील कैंसर केयर सेंटर खुर्रमनगर में 7 नवम्बर को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस एक कैंसर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमे वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.एन.ए. सिद्दीकी ने उपस्थित लोंगो को कैंसर के प्रति जागरूक किया, लोंगो को कैंसर की प्राथमिक जानकारियां दी गई। वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.एन.ए.सिद्दीकी ने बताया कि राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस सबसे पहले 7 नवम्बर 2.14 को मनाया गया,यह लोगों को कैंसर के खतरों और प्रारंभिक जांच के महत्व के बारे में खुद को शिक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे जीवित रहने की दर में काफी वृद्धि हो सकती है। इस वर्ष की थीम है आशा,प्यार और ताकत ~ कैंसर के खिलाफ हमारे हथियार। नबील कैंसर केयर सेंटर,लखनऊ एवं कैंसर केयर एन्ड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा समय समय पर विभिन्न जिलों एवं कस्बों में कैंसर चिकित्सा कैंप लगाकर, जागरूकता शिविर लगाकर एवं अन्य माध्यम से कैंसर के प्रति कार्य करती रहती है। वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.एन.ए. सिद्दीकी ने कहा कैंसर बहुत सारी बीमारियों के एक बड़े समूह को कहते हैं,जिसमे असामान्य कोशिकाएँ अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं तथा शरीर में अपने आस पास के अंगों में तेजी से फैलने लगती है। शरीर में नई कोशिका और पुरानी कोशिका के बदलाव की प्रक्रिया में कैंसर हो सकता है। आमतौर पर शरीर के किसी भी भाग पर ऊतकों में असामान्य रूप से गाँठ बनना या उभार आना कैंसर हो सकता है। डॉ.एन.ए.सिद्दीकी ने कहा कि शरीर के किसी भी हिस्से में लम्बे समय तक सूजन,जख्म और रसौली कैंसर हो सकता है। कैंसर के किसी भी लक्षण के दिखने पर उसकी जांच तुरंत करवाए जाने की जरुरत है और कैंसर के लक्षणों को भी आसानी से पहचाना जा सकता है। हम सबकी मुहिम हमारा देश कैंसर मुक्त भारत,आइये हम सब मिलकर इस मुहिम को कामयाब बनायें। वैसे तो यह बीमारी लाइलाज नहीं है,लेकिन सिर्फ तब तक जब तक कि इसका सही समय पर पता न लग जाए। शरीर में नई कोशिका और पुरानी कोशिका के बदलाव की प्रक्रिया में कैंसर हो सकता है। आज राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के मौके पर वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.एन.ए. सिद्दीकी ने लखनऊ के विभिन्न अस्पतालों में कैंसर से पीड़ित मरीजों की हौसला अफजाई की और उपस्थित लोंगो को जागरूक किया।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **28.11.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाकर्ता निविदा फॉर्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जाएगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपॉजिट रसीद एफ.डी.आर. द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 12202024 दिनाक 06.11.2024 | | |
| कार्य का नाम | 1. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय के अधीन क्षेत्र में सहायक मंडल इंजीनियर वाराणसी के तहत यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के बाद वाराणसी यार्ड के रखरखाव का कार्य। 2. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में 60/52 kg इन–सीटू ग्लूएड ज्वाईंट्स के फेब्रिकेशन एंड फिक्सिंग का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | 1. ₹9,99,34,166.2 | 2. ₹91,03,774.89 | |
| धरोहर राशि | 1. ₹2,07,500/- | 2. ₹1,82,100/- | |
| कार्य समापन की अवधि | 1. स्वीकृत पत्र की तिथि से 06 माह | 2. स्वीकृत पत्र की तिथि से 12 माह | वेबसाइट www.ireps.gov.in |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 14.11.2024 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 28.11.2024 को 15:00 बजे | | |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3453/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### नवजात शिशु के सात अधिकार, सुखमय भविष्य का हैं आधार”

**गोरखपुर।** बच्चे के जन्म से लेकर अट्ठाइस दिन की अवस्था तक उसे नवजात शिशु कहा जाता है । प्रत्येक नवजात शिशु को सात प्रमुख ऐसे अधिकार हैं जो उसके सुखमय भविष्य का आधार बन सकते हैं। सरकार विभिन्न योजनाओं के जरिये नवजात शिशु को यह सेवाएं उपलब्ध करवा रही है । इन अधिकारों और सेवाओं के प्रति जनजागरूकता का स्तर बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष एक नवम्बर से सात नवम्बर तक नवजात शिशु देखभाल सप्ताह मनाया जाता है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने दी। उन्होंने बताया कि जन्म के बाद शीघ्र स्तनपान, जीरो डोज टीकाकरण, 102 एम्बुलेंस सेवा, अस्पताल से ही जन्म प्रमाण पत्र, कंगारू मदर केयर, गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल और प्रत्येक बीमारी की शीघ्र पहचान के साथ इलाज नवजात शिशु का हक है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बच्चे के जन्म के बाद उसे तुरंत मां का गाढ़ा पीला दूध पिलाया जाना चाहिए।

# समय से पूर्व किया ऑपरेशन तो हुई नवजात शिशु की मौत

अवधनामा ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के हरदुआगंज थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल की डॉक्टर ने बच्चा सूखने का डर दिखाकर समय से पहले ही महिला का ऑपरेशन कर दिया। बाद में नवजात की तबियत खराब होने पर अस्पताल प्रबंधन ने उसे परिजनों को सौंपते हुए अस्पताल से निकाल दिया। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा एंबुलेंस की व्यवस्था न करने पर नवजात को बाइक से अलीगढ़ के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की है। थाना हरदुआगंज के गांव छिड़ावली निवासी सनी चौहान ने बताया कि उसकी पत्नी शिवासी करीब आठ महीने की गर्भवती थी। उसकी इलाज हरदुआगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा था। उन्होंने बताया कि दो नवंबर को उनकी पत्नी के अचानक पेट में दर्द शुरू हो गया। इस पर वह पत्नी को सीएचसी लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने अल्ट्रासाउंड कराकर लाने की बात कही। सनी का कहना है कि इस दौरान उनके साथ गांव की ही आशा रजनी देवी थी। इसीलिए रजनी देवी के कहने पर वह बैरामगढ़ी पर स्थित आशा हॉस्पिटल पर पत्नी का अल्ट्रासाउंड कराने ले गए। जिलाधिकारी से की शिकायत में सनी ने आरोप लगाया कि हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड कर रही महिला चिकित्सक ने बताया कि पानी की कमी के कारण बच्चा पेट में सूख रहा है, इसीलिए उसका वजन भी बहुत कम है। अगर इसका ऑपरेशन नहीं किया गया तो जच्चा और बच्चा दोनों की जान को खतरा हो जाएगा। डॉक्टर ने जान का खतरा बताते हुए ऑपरेशन की बात कही। इस पर साथ में मौजूद आशा ने भी सहमति जता दी। सनी का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद उसके नवजात बेटे की तबीयत खराब हो गई। इस पर अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ ने सुविधा न होने की बात कहते हुए नवजात कहीं और लेकर जाने की बात कही। आरोप है कि जब यह कहा गया कि सुविधा नहीं थी तो ऑपरेशन ही क्यों कर दिया। इस पर अस्पताल के स्टॉफ ने अभद्रता करते हुए बच्चा उनकी गोद में रख दिया। डिस्चार्ज कर अस्पताल से जाने के लिए कह दिया। पीड़ित का आरोप है कि जच्चा और बच्चा बचाने के लिए ऑपरेशन के नाम पर अस्पताल ने उससे करीब 70 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद भी नवजात की तबीयत खराब होने पर उसे वहां से जाने के लिए कह दिया। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने उसे रेफर करते समय एंबुलेंस भी मुहैया नहीं कराई। इस पर आनन-फानन वह नवजात को बाइक से ही करीब 20 किलोमीटर दूर शहर के अस्पताल में लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही इस संबंध में एसीएमओ का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। अस्पताल प्रबंधन से समस्त दस्तावेज लेकर मामले की जांच कराई जाएगी।


**सूचना**

मैं, कनीज़ ज़हरा निवासी खान बड़ेपुर, सराय मोहिद्दीनपुर, हमज़ापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश - 223103, ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम कनीज़ ज़हरा से बदलकर ज़हरा बीबी कर दिया है। अतः वर्त्तमान में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**Notice**

I am Qamar Jafri son of Najmul Hasan resident of Village Korjha Post Pindoriya Police Station Jayatpur Ambedkar Nagar Pincode 224139 Uttar Pradesh I declare that my former name was Qamarul Hasan son of Najmul Hasan and now I should be known and recognized by my present name Qamar Jafri son of Najmul Hasan.

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज-कन्नौज**

संख्या : 972/न0पा0परि0गुर0 (2024-25) दिनांक : 06/11/2024

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद कन्नौज चावलमंडी में पुरानी दुकान संख्या 15,50 खाली है। जिसको नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज कन्नौज प्रीमियम के साथ किराये पर उठाना चाहती है जो भी व्यक्ति दुकान किराये पर लेने के लिए इच्छुक हो वह निम्न विवरण के आधार पर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है।

पंजीकरण प्रारम्भ तिथि 07.11.2024 समय 10.00 बजे प्रातः

पंजीकरण समाप्ति तिथि 13.11.2024 समय 5.00 सायंकाल

पंजीकरण शुल्क रुपया 1000.00 पंजीकरण

जमानत शुल्क 20000.00

नीलामी तिथि 16.11.2024 समय 2.00 सायंकाल

पुरानी दुकान हेतु न्यूनतम प्रीमियम बोली रुपया 200000.00

नीलामी शर्ते कार्यालय दिवस में सम्बन्धित पटल पर देखी एवं पढी जा सकती है।

(अनिल कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गुरसहायगंज-कन्नौज

(मुन्नी देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
गुरसहायगंज-कन्नौज

## 11 हजार मातृ शक्तियों के दुरदुरिया पूजा व 121 फीट की अगरबत्ती के प्रज्वलन से भरतकुंड महोत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** महात्मा भरत जी की तपोभूमि, भरत कुंड पर आज से शुरू हुए भरतकुंड महोत्सव का शानदार आगाज हुआ। महोत्सव की शुरुआत 11000 मातृ शक्तियों के दुरदुरिया पूजन से हुई, जिसमें सुबह होते ही महिलाओं का जनसैलाब भरत कुंड पर उमड़ पड़ा। 11 से 12000 महिलाएं इस पूजन में सम्मिलित हुईं।प्रातः 10 बजे उप जिलाधिकारी सोहावल, अशोक कुमार सैनी और क्षेत्राधिकारी अयोध्या, आशुतोष तिवारी ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व मेयर अयोध्या, ऋषिकेश उपाध्याय, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, और रघुकुल फाउंडेशन के रमेश चंद्र मिश्र ने भरत जी के चित्र पर माल्यार्पण किया।इसके बाद, अतिथियों ने अपने हाथों से 11000 माताओं और बहनों को दुरदुरिया पूजन के लिए लाई चना और गुड़ वितरित किया। महोत्सव के अध्यक्ष, डॉ. अंजनी कुमार पांडेय और अन्य आयोजकों ने सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र प्रदान किए। विशेष आकर्षण के रूप में, रघुकुल फाउंडेशन के सहयोग से 121 फीट लंबी अगरबत्ती का प्रज्वलन किया गया, जिसे सभी अतिथियों ने मिलकर जलाया। इसकी महक और ज्योति ने कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्र को भी रोशन कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। शाम को छठ पूजा के अवसर पर भरत कुंड के सभी घाटों को सजा दिया गया, जहां महिलाओं ने छठ मैया के गीत गाते हुए पूजा संपन्न की। संस्कृति विभाग से आई कलाकार, प्रकृति यादव ने छठ गीतों की प्रस्तुति दी, और बाराबंकी से आई टीम ने मयूर नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया।महोत्सव को सकुशल संपन्न कराने में भरतकुंड और मांडवी मंच फाउंडेशन के वालंटियरों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिनमें सुधीर कुमार, रोहित शर्मा, राजकिशोर पांडेय, सतीश राय, मीरा दुबे, नेहा तिवारी, विजय सिंह, चंद्रशेखर तिवारी और अन्य कार्यकर्ताओं ने समर्पण के साथ कार्य किया।इस अवसर पर रघुकुल फाउंडेशन साइकिल अगरबत्ती के रमेश चंद्र मिश्र और दीपक शुक्ला सहित कई प्रमुख लोग भी उपस्थित रहे।

## 9 मिनट में देखिए श्रीराम के 14 वर्षों के संघर्षों की गाथा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने रामनगरी में एक और बड़ी पहल शुरू कराई है। देश-विदेश से अयोध्या आने वाले भक्तों को श्रीराम के 14 वर्षों के वनवास के दौरान किये गए संघर्षों की गाथा थ्रीडी वीडियो के जरिये दिखाई जा रही है। सिर्फ 9 मिनट के वीडियो में ही श्रद्धालु श्रीराम के जीवन उतार चढ़ाव को देखकर भाव-विभोर हो जा रहे हैं। इसके लिए हनुमान गढ़ी के पास राज द्वार पार्क में दुर्लभ दर्शन केंद्र की स्थापना कराई गई है।अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद यहां श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लगातार धन वर्षा कर रहे हैं। इसी क्रम में अब अयोध्या श्रीराम के जीवन जुड़ी गाथाओं से लोगों को जोड़ने का काम शुरू किया गया है। अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से श्रीराम वन गमन से जुड़े वर्चुअल




रियलिटी पर डेमो शुरू कराया है। ठीक उसी तरह जैसे काशी विश्वनाथ, मां वैष्णो देवी भवन में भी ऐसी व्यवस्था है।

**9 मिनट में यहां-यहां का होगा दर्शन**

1- अयोध्या को एनिमेशन के जरिये दिखाया जाता है

2- तमसा नदी

3- भरत मिलाप

4- लक्ष्मण पहाड़ी

5- अनुसुइया माता दर्शन

6- दंडकारण्य

7- पंचवटी

8- धनुष कोडि

9- एनिमेशन के ही जरिये श्रीराम का लंका में सूर्य तिलक दिखाया जाता है। अभी 10 कैमरे का है इंतजाम दुर्लभ दर्शन केंद्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। करार के तहत टेक एक्स आर इनोवेशंस कंपनी ने अभी केंद्र में 10 कैमरे लगवाए हैं। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को एक हेड फोन भी दिया जाता है, जिसकी साउंड क्वालिटी भी लाजवाब है। अभी और दुर्लभ केंद्र खोले जाएंगे देश-विदेश से बड़ी संख्या में रोजाना पहुंच रहे भक्तों की संख्या को देखते हुए अभी नगर क्षेत्र में और भी दुर्लभ दर्शन केंद्रों की स्थापना प्रस्तावित है। अभी और खास होगा ये थ्रीडी बेस्ड वर्चुअल टूर सीएम योगी के विजन के अनुसार अब अयोध्या समेत आस-पास के सभी प्रमुख क्षेत्रों के वर्चुअल रिएलिटी प्लेटफॉर्म के जरिए दर्शन कराने की प्रक्रिया पर भी जोर दिया जा रहा है। ऐसे 18 तीर्थस्थलों को वर्चुअल रिएलिटी के जरिए जोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके लिए शूटिंग पूरी कर ली गई है। इसमें श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी मंदिर, नागेश्वर नाथ मंदिर, राम की पैड़ी, छोटी देवकाली मंदिर, रंग महल, सूर्य कुंड, भरत कुंड, गुप्तार घाट, बड़ी देवकाली मंदिर, कनक भवन मंदिर व दशरथ महल मंदिर मुख्य हैं। गजब का अनुभव हुआ- विकास बीकानेर से आये विकास तिवारी ने दुर्लभ दर्शन के बाद बताया कि गजब का अनुभव हुआ है। अयोध्या आने वाले हर भक्त को रामलला का दर्शन करने के पश्चात इसे जरूर देखना चाहिए। उज्जैन की भस्म आरती व मैहर का धार्मिक स्थल यहां देख सकेंगे अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी पांडेय ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अभी इस योजना बढ़ावा दिया गया है। हालांकि अभी यह डेमो के तौर पर दिखाया जा रहा है। अब तक एक हजार से भी अधिक लोग इसका डेमो ले चुके हैं।

## रामनगरी में चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी, चार पहिया ठेला चोरी

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में चोरी की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। श्रद्धालुओं का सामान, चैन, दोपहिया वाहन और चारपहिया वाहन सहित तमाम तरह की चोरियां रोज़ हो रही हैं। इन घटनाओं की शिकायतें पुलिस प्रशासन में नियमित रूप से पहुंच रही हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे लोगों में असंतोष और भय का माहौल बन गया है।हाल ही में, दीपावली के दूसरे दिन (2 नवंबर 2024) नया घाट बंधा तिराहा क्षेत्र में प्रसाद का ठेला लगाने वाले प्रदीप कुमार, पुत्र वंश नारायण शाह का चार पहिया ठेला चोरी हो गया। ठेला में करीब 30 से 35 हजार रुपये का सामान था। ठेला चोरी हो जाने के बाद प्रदीप कुमार की जीविका प्रभावित हो गई और वह बेरोजगार हो गया।

## रामलीला सेवा समिति के सदस्य पंकज मिश्रा कंजू का निधन, शोक की लहर

**बाराबंकी।** जनपद की रामलीला के सदस्य पंकज मिश्रा कंजू महाराज का आज असामयिक निधन हो गया, पंकज श्री राम लीला सेवा समिति से विगत 18 वर्षों से जुड़े हुए थे, नाव नवैया एवम केवट संवाद कार्यक्रम की जिम्मेदारी निभाने वाले श्री मिश्रा आज गोलोकवासी हो गए, समिति के महामंत्री शिव कुमार वर्मा ने बताया कि पंकज विगत कई वर्षों से समिति के साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहे एवं समिति के समस्त कार्यक्रमों में बढ़चढकर हिस्सा लेते रहे है, जनपद के सुभाष नगर मोहल्ले में रहने वाले पंकज मिश्रा ने आज सुबह अंतिम सांस ली, सूचना मिलते ही अंकित गुप्ता गोलू, संतोष जायसवाल, राजेश गुप्ता कृष्णा, प्रशांत सिंह सहित समिति के सदस्यों से श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सड़क हादसे में युवक घायल

**मसौली, बाराबंकी।** थाना क्षेत्र में दो बाईकों की जोरदार भीडत में बाइक चालक गम्भीर से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू किया। मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा मसौली के निवासी भूलीगंज निवासी अखिलेश यादव अपनी अपाचे बाइक से टेरासनी निजी काम से गये हुए थे।घर वापिस लौटते समय गांव के कुछ दूरी पर सामने से आ रही बाईक यूपी 41 एओ 1679 से टक्कर हो गई।जिसमें पीड़ित को गभीर चोटें आई और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित को परिजनों ने सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया जहां उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।पीड़ित की तहरीर पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

## महिलाओं ने तीसरे दिन डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य, छठी मइया से की कामना

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** छठ पर्व के तीसरे दिन व्रति महिलाओं ने पूरे 36 घंटे का निर्जला व्रत रखते हुए कठोर नियमों का पालन किया। इस पर्व को देशभर में मनाया जाता है, लेकिन खासकर बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में इसकी विशेष धूम देखने को मिलती है। नगर पंचायत कुमारगंज के वार्ड नं 03 स्थित वर्मा के ताल घाट पर छठ पूजा बड़ी धूमधाम से आयोजित की गई, जिसमें भारी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।छठ पूजा हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे महिलाएं संतान की लंबी उम्र, पति के स्वस्थ जीवन और घर-परिवार के सुख-सौभाग्य की कामना के लिए करती हैं। इस पर्व का तीसरा दिन खास होता है, जब महिलाएं डूबते सूर्य को अर्घ्य देती हैं, जिसे संध्या अर्घ्य कहा जाता है। महिलाएं छठी मइया से अपने परिवार की सुख-समृद्धि, बच्चों की अच्छी सेहत और शिक्षा की कामना करती हैं। पूजा के दौरान छठी मइया के गीत गाए गए और श्रद्धा भाव से उनका पूजन किया गयाइस आयोजन में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। पुलिस और प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया था। पूजा के दौरान लोगों को शांति से पूजा करने में मदद मिली इस शुभ अवसर पर ग्राम सभा के गोरखनाथ पांडेय, विजय कुमार उपाध्याय अग्गू दादा बाजार मालिक कुमारगंज, तेज बली पांडेय, परशुराम पांडेय, सदा नन्द पांडेय, हरिश्चंद्र पांडेय कृष्णा नन्द पाण्डेय, मनोज कुमार पांडेय, राम निहाल पांडेय अमरनाथ पांडेय पप्पू , हृदय बक्श पांडेय, सत्येंद्र कुमार पांडेय रिंकू,राम किंकर पांडेय विशाल शंकर शुक्ला, विमल कुमार पांडेय , संजय तिवारी युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष, राम भूल गोस्वामी, प्रदीप कुमार पांडेय, दिनेश कुमार पांडेय, अशोक कुमार पांडेय, सीरी बैजनाथ पांडेय कोटेदार, आशीष कुमार पांडेय टिंकू, उमा पति पांडेय, रमाकांत पांडेय नन्हें लाल पांडेय, रामजी पाल सपा नेता राम तेज पाल सभासद जय चन्द बद्री शंकर विश्वकर्मा गुड्डू, उमा शंकर पाल विंध्या प्रसाद विश्वकर्मा सहित अन्य स्थानीय नेता और समाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

## अयोध्या में माटीकला पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**अयोध्या।** जिला/परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी अयोध्या मंडल राकेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुम्हारी कला को बढ़ावा देने और बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उ0प्र0 माटीकला बोर्ड का गठन किया गया है। इस बोर्ड के माध्यम से प्रदूषण मुक्त उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में विभिन्न कियाकलाप संचालित किए जा रहे हैं। अयोध्या में मण्डल स्तरीय माटीकला पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गिरीश पति त्रिपाठी, महापौर नगर निगम अयोध्या ने पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर चयनित इकाइयों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए।प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले को ?15,000,द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले को ?12,000,और तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले को ?10,000 का पुरस्कार दिया गया, साथ ही प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया।मुख्य अतिथि गिरीश पति त्रिपाठी ने माटीकला लघु प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने पुरस्कृत उद्यमियों को बधाई दी और भविष्य में और अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रो0 विनोद कुमार श्रीवास्तव (संस्थापक समन्वय, ललित कला विभाग), डा0 सरिता द्विवेदी फाइन आर्ट्स, श्रीमती रीमा सिंह (अस्सिटेंट प्रोफेसर, ललित कला विभाग), डा0 राम मनोहर लाहिया अवध विश्वविद्यालय के शिक्षकगण और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सिसवा चीनी मिल में हुई ब्वॉयलर की पूजा




*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** आईपीएल चीनी मिल समूह की सिसवा यूनिट इकाई में ब्वॉयलर पूजा वैदिक मंत्रोच्चारण व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। स्थानीय सिसवा चीनी मिल में नवीन पेराई सत्र 2024-25 से संबंधी सभी तैयारियां अपने अंतिम रूप में हैं। चीनी मिल के यूनिट हेड संदीप पवार के नेतृत्व में ब्वॉयलर पूजन का कार्यक्रम किया गया। जिससे अब जल्द ही सिसवा चीनी मिल गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ करेगी। चीनी मिल चलने की संभावनाओं से क्षेत्र के किसानों में खुशी है। पूजन के दौरान विभागाध्यक्ष गन्ना धीरज सिंह, डिप्युटी मैनेजर एकाउंट नीरज श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष यांत्रिक विजयंत अग्रवाल, चीफ इंजीनियर महिपाल सिंह, ब्वॉयलर इंजीनियर कृष्ण मुरारी, असिस्टेंट मैनेजर एचआर संजय कुमार श्रीवास्तव, अधिकारी एचआर रंजीत कुमार श्रीवास्तव, सिविल इंजीनियर सुरेश खरवार, अनुराग त्रिपाठी सहित इकाई के अन्य कर्मचारी व मजदूर उपस्थित रहे।

## अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दान कर किया पुत्र दीर्घायु की कामना

## डीएम अनुनय झा व एसपी सोमेन्द्र मीणा ने की मां छत माता की पूजा अर्चना







*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** कार्तिक मास। शुक्ल पक्ष। षष्ठी तिथि। शुभ योग में जिले के सभी छठ घाटों पर व्रती महिलाओं का जनसैलाब उमड़ा। जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने कलेक्टेट स्थित चौधरी चरण सिंह सरोवर पर पहुंचकर विधि-विधान से छत माता की पूजा-अर्चना की। अस्ताचलगामी भगवान भुवन भाष्कर सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर सुख-समृद्धि परिवार का वरदान मांगा। इस दौरान दीयों की जगमग लौ की रोशनी से छठ घाट नहा उठे। अपराह्न तीन बजे शहर व गांव की हर गलियां व सड़कों पर अदभुत नजारा मन को मोह लिया। जहां सिर पर डाला लिए परिजनों के मन में छठ माता के प्रति अथाह भक्ति का भाव दिखा। वही महिलाओं की टोली से निकले छठ माता के पारम्परिक गीतों के स्वर माहौल को अध्यात्मिक बना दिया।

### दीपो की जगमग रोशनी में नहाए छठ घाट

सिसवा प्रतिनिधि के अनुसार - नगर के मीराबाई नगर पोखरा टोला एवं श्रीराम जानकी मंदिर घाट पर बृहस्पतिवार को जगमगाता रहा। कमोवेश यही स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में भी रही। नगर पालिका प्रशासन ने घाट के चारों तरफ फूल मालाओं से सुंदर सजावट तथा घाट पर बांस-बल्लियों के सहारे ट्यूबलाइट लगवा रखा है। कई स्थानों पर हैलोजन भी लगाये गए है। मुख्य सड़क से लेकर घाट तक रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था नगर पालिका की ओर से की गई है।

### चंदन, घोला व झरही नदी उमड़ा भीड़ का सैलाब

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी छठ पर्व के दिन शाम में सूर्य को अर्घ्य देने के लिए ठूठीबारी, शांति नगर, कालीगंज, सडकहवां, धरमौली, सोबडा, बैरिअहवां आदि गाँव के व्रती महिलाएं अपने परिजनों के संग टोलियों में गाजे बाजे के साथ ठूठीबारी स्थित चंदन, घोला व झरही नदी के छठ घाटों पर पहुंच कर पूजा अर्चना की और डूबते हुए सूर्य को अर्ध देकर परिवार के कल्याण की मन्नते मांगी। इस दौरान ठूठीबारी प्रधान अजय कुमार छठ घाटो की साफ-सफाई और सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की देख रेख में पूजा समिति के कार्यकर्ता लगे रहे। पंडित विश्वंभर पाठक ने बताया की यह पर्व सूर्य देव की उपासना के लिए प्रसिद्ध है।

## कई गाँवो में विद्युत विभाग ने चलाया अभियान,71 हजार की हुई वसूली



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** विद्युत विभाग की मार्निंग रेड में पांच बिजली चोरों पर जेई ने की कार्यवाही सुबह सुबह बिजली विभाग के लोगों को अपने गांव में देखने? से मच गया हड़कंप कई कनेक्शन चेक कर बकाया वसूली पर भी जोर दिया गया। जानकारी के अनुसार आलाधिकारियों के आदेशानुसार जैदपुर विद्युत वितरण केन्द्र द्वारा बिजली की चोरी की रोक थाम व बकाया वसूली के लिये विभागीय टीम गुरुवार को सुबह सुबह कांबिंग अभियान में रानीगंज अतरौली व जैदपुर फीडर के 43 कनेक्शन चेक कर पांच बकायादारों के कनेक्शन को काट कर 71000 रू राजस्व वसूली की। साथ ही तिलकराम पुत्र भारत सराय का स्थान,तुलसी राम पुत्र छेदू, अजपुरा, सरोज पुत्र विश्राम सराय का स्थान, इंद्रेश पुत्र राधेलाल बीबीपुर, ताजुद्दीन पुत्र अब्दुल सत्तार मोहल्ला रईस कटरा जैदपुर को बाईपास कटिया फंसाकर चोरी करते पकड़ा गया। जिनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर विभागीय कार्यवाही की गयी। जिसे लेकर बिजली चोरों में हड़कंप मच गया। इस अवसर पर जेई मिर्जा परवेज़ हुसैन, वकार मेहंदी रोहित शुक्ला, नरेन्द्र सिंह, रूपेंद्र सिंह, मो0 आशिफ, सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। इस संबंध में एसडीओ संदीप सिंह ने बताया कि लगातार हो रही दिक्कत के चलते अभियान के अंतर्गत चेकिंग बकाया वसूली का कार्य जारी है।

## आरोपित पति ने किया कोतवाली में आत्म समर्पण

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नौनिया गांव में दिन सोमवार को पति पत्नी के आपसी विवाद में महिला की मौत की घटना में मृतका रंजना की माँ ज्ञानी देवी पत्नी विद्या सागर निवासी जोगिया थाना घुघली की तहरीर पर आरोपित पति दीपलाल पुत्र इन्नर निवासी नौनिया पर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है। वही आरोपित दीपलाल यादव ने खुद को कोतवाली में आत्म समर्पण कर दिया है। बताते चले कि बीते सोमवार को नौनिया निवासी इन्नर यादव के छोटे लड़के दीपलाल यादव व उसकी पत्नी रंजना देवी में छ वर्ष बीत जाने के बाद भी संतान ना होने को लेकर दोनो में आपसी विवाद हो गया। जिस पर पत्नी ने अपने कमरे के लगे कुंडी से फाँसी लगा ली।

## भक्तों के दुःखों का निवारण करते हैं भगवान: अजय शास्त्री



*अवधनामा संवाददाता*

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** भगवान भक्त की भक्ति भावना के वशीभूत हैं। वह अपने भक्त के दुखों का निवारण करते हैं। ऐसा विश्वास जब स्थाई हो जाता है तब भक्त का कल्याण हो जाता है। उक्त बात मानस मर्मज्ञ अजय कुमार शास्त्री ने ब्रह्मलीन बाबा प्रेम दास जी की कुटी पर महंत 108 लालता दास जी महाराज जी के संयोजन में आयोजित श्री रामचरितमानस सम्मेलन व महायज्ञ कार्यक्रम में कहीं। मानस मर्मज्ञ अजय शास्त्री ने बताया कि भगवान श्री राम एवं सीता जी के स्वयंवर में प्रभु ने माता जानकी के हृदय की वेदना को आत्मसात किया और फिर उन्होंने पल भर में धनुष भंग कर दिया। उन्होंने कहा की माता जानकी जी का स्वयंवर हमें पाणीग्रहण के संस्कारों के मूल्यो की शिक्षा को प्रदान करता है। अजय शास्त्री ने कहा कि स्वयंवर में श्री दशरथ जी ने राजा जनक जी को अत्यधिक महत्व दिया। क्योंकि दशरथ जी ने यह माना की कन्या का दान करने वाला व्यक्ति सर्वोत्तम होता है। श्री शास्त्री ने आज मानस सम्मेलन में श्री राम विवाह का अलौकिक वर्णन किया। जिसे सुनकर उपस्थित श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। इस दौरान अजय शास्त्री, पन्नालाल जी के द्वारा गाए गए भजनों ने आनंद को बढ़ा दिया। अमेठी से आए आचार्य देवी प्रसाद पांडे ने कहा कि भगवान श्री राम जी का पूरा जीवन मर्यादाओं से युक्त है। हम उनके जीवन से तमाम शिक्षा प्राप्त करके अपने जीवन को धन्य बना सकते हैं। रामनगर से पधारे तरंग जी ने कहा कि मानस सम्मेलन मनुष्यों को जीवन जीने की सर्वोत्तम दिशा प्रदान करता है। ऐसे में आज मानस सम्मेलनों की नितांत आवश्यकता है। मानस सम्मेलन में प्रमुख रूप से बाबा राम तीरथ दास जी महाराज, उत्तराधिकारी महंत अखिलेश्वर दास जी महाराज, सच्चिदानंद, महेंद्र कुमार मिश्रा, राम नरेश वैश्य ,सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया, किंकर जी,संतोष कुमार,माताफेर, गिरिजा शंकर शर्मा,बाबा सालिग्राम, कमल तिवारी,ब्रजनंदन शर्मा, जितेंद्र चौहान, आचार्य भगौती जी, अंबिकेश सिंह,रामशरण तिवारी जुगई यादव, रमेश पाल, हरी कृष्ण, शिवभीख सिंह, शुभम वैश्य,आदित्य शर्मा, शंकर बक्स सिंह सहित सैकड़ों भक्त जन उपस्थित थे।

## आरोपित पति ने किया कोतवाली में आत्म समर्पण



**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नौनिया गांव में दिन सोमवार को पति पत्नी के आपसी विवाद में महिला की मौत की घटना में मृतका रंजना की माँ ज्ञानी देवी पत्नी विद्या सागर निवासी जोगिया थाना घुघली की तहरीर पर आरोपित पति दीपलाल पुत्र इन्नर निवासी नौनिया पर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है। वही आरोपित दीपलाल यादव ने खुद को कोतवाली में आत्म समर्पण कर दिया है। बताते चले कि बीते सोमवार को नौनिया निवासी इन्नर यादव के छोटे लड़के दीपलाल यादव व उसकी पत्नी रंजना देवी में छ वर्ष बीत जाने के बाद भी संतान ना होने को लेकर दोनो में आपसी विवाद हो गया। जिस पर पत्नी ने अपने कमरे के लगे कुंडी से फाँसी लगा ली। प्रभारी कोतवाल योगेंद्र कुमार ने बताया कि वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रणव ओझा व तैनात संतरी टियूटी होमगार्ड जाहिद हुसैन की मौजूदगी में आरोपित दीपलाल यादव ने आत्मसमर्पण कर दिया है ।

## विधायक ने मज़ार पर लगवाई स्ट्रीट लाइट, जायरीनों में खुशी

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** कस्बा बड़ागांव स्थित हजरत काजी शहाबुद्दीन औलिया आतिशी परकाले (रह0) की मजार शरीफ पर गुरुवार को नौचंदी के मौक़े पर स्ट्रीट हाई मास्क लाइट लगवाकर अंधेरे को दूर किया। स्ट्रीट लाइट लगने पर ग्रामीणों सहित मजार शरीफ पर आने वाले जायरीनो ने सपा विधायक गौरव रावत को धन्यवाद दिया। बताते चले कि कस्बा बड़ागांव के मोहल्ला रौजा स्थित हजरत काजी शहाबुद्दीन औलिया(रह0) की मजार शरीफ पर वैसे तो प्रत्येक वर्ष शववाल के महीने मे 5 दिवसीय सालाना मेला लगता है जिसमे भारी संख्या दूर दराज से जायरीन बाबा की दरगाह पर माथा



टेकने आते है इसके आलावा प्रत्येक माह की प्रथम गुरुवार को नौचंदी मे तमाम जायरीन आते है दरगाह शरीफ पर रौशनी की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण दिक्कत होती थी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद के अनुरोध पर जैदपुर विधानसभा के सपा विधायक गौरव रावत ने नौचंदी के ही दिन हाई मास्क स्ट्रीट लाइट लगवाकर ग्रामीणों को सौगात दी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने है मास्क स्ट्रीट लाइट का स्विच आन कर लाइट का उद्घाटन किया। इस मौक़े पर पंचायत सदस्य इशरत अली शाह, सदस्य रहमान कुरैशी, साबिर अली, इदरीश राइन, वसीम खान, इस्माइल खान, मो0 फुरकान खान, कल्लू कुरैशी, अहमद रसूल शाह, मो0 जसीम खान, निजामुद्दीन शाह, मजार शरीफ के मुजाबिर सहीर खान् आदि लोग मौजूद रहे।

# छठ पूजा पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## व्रती महिलाओं ने दिया अर्घ्य, माँगा छठी माता से आशीर्वाद, पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में भी मनाया गया छठ पर्व

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिले में गुरुवार को आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। व्रतधारियों ने अस्ताचल गमी भगवान भास्कर को अर्ध्य देकर सूर्य देव एवं छठ माई से आशीर्वाद माँगा। छठ पर्व पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए शहर से सटे जमुआर नदी के तट पर हजारों महिलाएं एकत्र हुयीं। महिलाएं डूबती सूर्य को अर्घ्य देने के लिए काफी देर तक नदी में हाथों में पूजन सामग्री लेकर खड़ी रही। अर्घ्य स्थल पर मेल सा दृश्य रहा सूर्योपासना का महान पर्व छठ के अवसर पर आज दोपहर बाद से ही जमुआर नदी के तट पर महिलाओं का जुटना शुरू हो गया 4 बजते-बजते कुंभ जैसा दृश्य हो गया। जहां- तहां श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ दिखाई दे रही थी बहुत सी महिलाएं छठ गीत भी गा रही थीं। सूर्यास्त से एक घंटा पहले से ही व्रती महिलाएं हाथों में छठ की पूजन सामग्री लेकर नदी में खड़ी हो सूर्यास्त के समय अर्घ्य दिया और सूर्य देवता से आशीर्वाद मांगा। बहुत सी महिलाओं ने पुत्र रत्न की लालसा में पूजा अर्चना किया। ऐसी मान्यता है कि छठ पर्व पर सूर्य की उपासना करने से पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर भारी संख्या में पुरुष व बच्चे भी उपस्थित रहे। पूरा माहौल आस्था विश्वास के उल्लास का संगम बना रहा। भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के भी पर्याप्त इंतजाम किए गए थे तथा नदी के तट पर पर्याप्त सफाई व्यवस्था रोशनी की व्यवस्था के साथ ही टेंट भी लगवाया गया था। मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष गोविंद माधव भी व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

एक अन्य समाचार के अनुसार पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में भी छठ पर्व पर महिलाओं ने पवित्र नदियों में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया तथा पूजा अर्चना किया। तमाम नदियों के घाट को आकर्षक तरीके से बिजली की रोशनी से सजाया गया था। नदियों के तटों की सफाई करके उसे स्वच्छ बना दिया गया था। छठ पर्व पर लोगों को अपनी तरफ से बधाई दिया। उसका बाजार प्रतिनिधि के अनुसार कस्बे से सटकर बहने वाली कूड़ा नदी के तट पर समूचे क्षेत्र की हजारो महिलाओं ने सूर्यास्त के समय पर पूजा एवं अर्घ्य दिया श्री शालिग्राम दास घाट, उसका राजा रेलवे गाटर पुल के पास मेले जैसा दृश्य बना रहा। नपं अध्यक्ष एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमन्त जायसवाल ने श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मोर्चा संभाले हुए थे। महिलाएं सूर्यास्त पर नदी तट पर पहुंचकर पूजा एवं छठ गीत गायीं। ग्राम तिघरा, मरवटिया स्थित तालाबो के तटों पर व्रती महिलाओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। बढ़नी कार्यालय के अनुसार सूर्य उपासना एवं प्रकृति प्रेम के महापर्व सूर्य षष्ठी के दिन क्षेत्र के पश्चिम पोखरा मुडिल पोखरा समेत करीब दर्जन भर स्थान पर भगवान भास्कर को महिलाओं और पुरुषों ने अर्ध्य दिया। कार्तिक शुक्ल षष्ठी को माता षष्ठी और भगवान भास्कर की संयुक्त आराधना का महान पर्व जिसे डाला छठ भी कहा जाता है।

# घाट पर जुटी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी।** सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजन के अवसर पर डूबते हुए सूरज को अर्घ्य देने के लिए गुरुवार की शाम बांसी रानी मोहभक्त लक्ष्मी स्नान घाट पर श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ जुटी। लोगों में अपार आस्था देखी गई। प्रशासन की तरफ से काफी चकबंदी व्यवस्था की गई। हनुमानगढ़ी मंदिर से लेकर घाट के किनारे तक पुलिस व्यवस्था पूरी तरह सतर्क दिखी। नगर पालिका परिषद बांसी की तरफ से रानी मोह भक्त लक्ष्मी स्नान घाट पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न होने पे इसको लेकर व्यापक बंदोबस्त किया गया। घाट पर प्रशासनिक कैंप, खोया पाया कैंप, पुलिस कैंप आदि की व्यवस्था की गई और माइक से लगातार अनाउंसमेंट होता रहा। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी घाट पर छठ मैया की प्रतिमा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। व्रती महिलाओं और अन्य लोगों ने छठ मैया की पूजा अर्चना कर अपनी-अपनी मनोकामना पूर्ण करने की मांग की।

डूबते सूरज को अर्थ देने के लिए महिलाएं गुरुवार की शाम 4:00 बजे से ही घाट पर पहुंच गई थी और सूर्य देवता के डूबने की प्रतीक्षा करती रही जैसे ही सूर्य देवता डूबे महिलाओं ने अर्घ्य देना शुरू किया। लोगों में काफी उत्साह देखा गया। मौके पर बनाए गए प्रशासनिक कैंप में एसडीएम बांसी प्रदीप कुमार यादव, सीओ बांसी मयंक द्विवेदी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मुकेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रामकृपाल शुक्ला सहित नगर पालिका परिषद बांसी के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया छठ घाट का निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** छठ पूजा के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर0 द्वारा शिव बाबा स्थान आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के छठ घाट का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान छठ घाटों पर विद्युत व्यवस्था सीसीटीवी कैमरा बैरिकेडिंग, पब्लिक साउंड सिस्टम आदि को देखा गया। सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित पाई गई। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी शोहरतगढ़ एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शोहरतगढ़ को निर्देश देते हुए कहा कि छठ घाटों पर साफ सफाई व्यवस्था के साथ अन्य सभी व्यवस्थाएं ठीक कराना सुनिश्चित करें जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न फैले और छठ पूजा को सकुशल संपन्न कराया जाए।

# आकर्षण का केंद्र रही भक्ति गीतों पर प्रस्तुत झांकियां

**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा को लेकर छठ व्रती महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने गुरुवार की शाम छठ घाट पर पानी में खड़े होकर डूबते (अस्ताचलगामी) सूर्य को अर्घ्य देकर सुख-समृद्धि की कामना की। कस्बे के शिवबाबा मंदिर परिसर समेत गड़ाकुल व छतहरी आदि के पोखरों पर श्रद्धालुओं ने सूर्यदेव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। छठ पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिला। पोखरा परिसर में छठ पूजा के पारंपरिक गीत केलवा के पात पर उग हे सूरजदेव... पहिले पहिल हम कईनी छठी मईया व्रत तोहार... दुखवा मिटाई छठी मईया... रुनकी झुनकी बेटी मांगीला... हो दीनानाथ... छठ बारतिया... आदि गूंजते रहे।

झांकी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत झांकी गणेश वंदना के साथ एक के बाद एक कई शानदार प्रस्तुतियां दी गई, जिसका दर्शकों ने खूब आनंद उठाया। इस दौरान





सीओ सुजीत राय ने चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल के साथ छठ घाट पर पूजन अर्चन की भी किया।

विदित हो दोपहर से ही छठ घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वे ढोल-नगाड़े व पूजन सामाग्री आदि के साथ छठी मईया के पारंपरिक गीतों को गाते हुए छठ घाटों की ओर बढ़ रहे थे। पूजन सामाग्री लेकर भगवान सूर्य देव की उपासना की। जब तक सूर्य अस्त नहीं हुआ तब तक सभी व्रती पानी में ही खड़े रहे। जब सूर्य अस्त हुआ तो डूबते हुए (अस्ताचलगामी) सूर्य को अर्घ्य देने और पूजा अर्चना करने के बाद व्रतियों ने अपने घरों की ओर प्रस्थान किया।

छठ पूजा कार्यक्रम में एसपी प्राची सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ मौजूद रही, तो वहीं चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कार्यक्रम में आए सीओ सुजीत राय समेत भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उमेश प्रताप सिंह, भाजपा नेता श्याम जायसवाल, सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय सहित भाजपा पदाधिकारियों को सम्मानित किया।

इस दौरान लेखपाल अनिरुद्ध चौधरी, व्यापार मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र कौशल, पूर्व प्रधान बेचन, भाजपा नेता संतोष पासवान, संजय दुबे, पूर्व सभासद मनोज कुमार गुप्ता, शिवपूजन वर्मा भोलेनाथ, महावीर वर्मा, ओमप्रकाश पटवा, सभासद बबलू गौड़, सभासद दिनेश कुमार, वकील खान, बाबू जी अंसारी, अनूप कसौधन, मोनू कुमार, सतीश मित्तल, पत्रकार शिव पूजन वर्मा, मुस्तन शेरुल्लाह, केपी सिंह, अभिलाष मिश्रा, बाबा टिल्लू शर्मा, बबलु गौड़, छोटू गौड़, अभिलाश मिश्रा, ग्राम प्रधान श्याम सुंदर चौधरी, महेश कसौधन, सुरेश कसौधन, हरिओम, अर्जुन अग्रहरि, लिपिक राजेश कुमार त्रिपाठी, कमलेश गुप्ता, बीडी कसौधन, सफाई नायक श्रीनिवास, अंकित गुप्ता, अक्षय कसौधन, मनोज तिवारी, व्यवसाई सुनील गुप्ता, लखन गुप्ता, राजन प्रसाद वर्मा, सर्वेश खेतान, राजू बाबा, श्रवण पटवा, मनीष श्रीवास्तव सहित नगर पंचायत के पूरे कर्मचारी आदि मौजूद रहे एवं घाट की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इंस्पेक्टर विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी अपनी पुलिस टीम के साथ तत्पर रहे।

# स्नेहलता को मिला इनफार्मेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलोजी में प्रथम स्थान



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** प्राथमिक विद्यालय नवानगर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत डॉ स्नेहलता को इनफार्मेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (आई सी टी) प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान मिलने पर शिक्षकों ने खुशी जताई है। विगत दिनों जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान आलापुर में आयोजित जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद के कुल नौ ब्लाकों के 63 अध्यापकों ने आई सी टी प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें डॉ स्नेहलता को प्रथम स्थान हुआ। प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाली प्रांतीय प्रतियोगिता में अब डॉ स्नेहलता को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा।

# अवैध असलहे के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**इटवा सिद्धार्थनगर।** गोल्हौरा थाने की पुलिस ने बुधवार को ग्राम पिपरा से एक अवैध देशी पिस्टल व दो कारतूस बरामद किया है। और बृहस्पतिवार को अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

उक्त गांव निवासी ओमप्रकाश त्रिपाठी पुत्र स्वर्गीय बेचन प्रसाद त्रिपाठी के घर से मुकामी थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अदद मुंगेर निर्मित देशी पिस्टल 32 बोर व दो अदद कारतूस 32 बोर बरामद कर किया है। जिसके सम्बन्ध में मुअसं. 95/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट दर्जकर अभियुक्त ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। बरामदगी व गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह, उप निरीक्षक रणविजय सिंह, राममिलन आजाद, हेड कांस्टेबल कपिलदेव बौद्ध, हनुमान मौर्या, कांस्टेबल गुरमेज सिंह व नितीश यादव शामिल रहे। पुलिस के अनुसार जामा तलाशी से 1 अदद एन्ड्रायड मोबाइल व 720 रुपया भी अभियक्त के पास से मिले हैं। बताते चलें कि बीते 5 मई को पिपरा निवासी प्रधान प्रतिनिधि मोहन निषाद पुत्र बाबूराम व योगेंद्र पुत्र वासुदेव आदि से दो आम के वृक्ष के स्वामित्व को लेकर हुए विवाद में कई राउंड फायरिंग हुई थी, जिसमें उक्त ओमप्रकाश के पेट में गोली लगी थी। और दोनों पक्ष के कई लोग घायल हुए थे।

पुलिस ने उक्त योगेन्द्र की तहरीर पर 18 ज्ञात व 50 अज्ञात के खिलाफ मु.अ.सं. 38/24 धारा 147/148/149/504/ 352/ 307/336/506/427आईपीसी तथा मोहन के पिता बाबूराम की तहरीर पर 15 ज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मु.अ.सं.37/24 धारा 147/148/149/336/ 307/ 504/506 आईपीसी दर्जकर छानबीन शुरू कर दिया था। पुलिस की मानें तो बरामद पिस्टल से घटना में ओमप्रकाश ने फायरिंग किया था। फिलहाल जो भी दोनों पक्षों में तनाव अब भी बना हुआ है। उक्त बावत थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने कहा कि आरोपितों के खिलाफ गुंडा एक्ट व जिला बदर की भी कार्रवाई शीघ्र ही की जाएगी।

# एमआर की छूटी खुराक बच्चों को दें : डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में गुरुवार को एएनएम, पर्यवेक्षक व आशा संगिनी को मीजल्स कैचअप कैंपेन के विषय में उन्मुखीकरण कार्यशाला के माध्यम से अधीक्षक डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने जानकारी दिया।

अधीक्षक ने बताया कि ग्राम स्तर पर आशा बहू के द्वारा सर्वे के माध्यम से 5 वर्ष तक के सभी ऐसे बच्चों का चिन्हीकरण करे, जिन्हे किन्ही करणों से एमआर वैक्सीन की दो खुराक नहीं दी गई है। ऐसे बच्चों को कार्ययोजना बनाकर एएनएम के माध्यम से ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्रामों में एमआर की छूटी खुराक दी जाएगी। जिससे खसरा एवं रूबेला जैसे घातक बीमारी से बचाया जा सके और बीमारी से होने वाली मृत्यु दर को रोका जा सके। बीएमसी सूर्य देव सिंह के द्वारा बताया 5 वर्ष तक के बच्चों में खसरा एवं रूबेला एक खतरनाक जानलेवा बीमारी है, बच्चो को एमआर वैक्सीन की दोनों खुराक देने से खसरा जैसी जानलेवा बीमारी से बचाया जा सकता है। इस दौरान राजीव त्रिपाठी, मेराज अहमद, ध्रुपचंद, मनोज कुमार, फरहा अंजुम, रीना, सोनिया आदि मौजूद रहे।

# प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले 11 छात्रों को मिला सम्मान

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** शिक्षा को आधार बनाकर ही देश व समाज में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया जा सकता है। यही कारण है कि टी एम टी के संस्थापक रहे पद्मभूषण से सम्मानित डाक्टर कल्बे सादिक का पूरा जीवन शिक्षा के प्रति समर्पित रहा। उक्त बातें चैम्पस परीक्षा के समन्वयक सेवानिवृत्त इनकम टैक्स डिप्टी कमिश्नर अमीर हैदर जैदी ने नगर के जाफराबाद स्थित मकतब इमामिया जाफरिया में मेधावी छात्रों-छात्राओ को सम्मानित करते हुए व्यक्त की।तौहीदुल मुसलमीन ट्रस्ट लखनऊ द्वारा आयोजित विगत अप्रैल माह में चैम्पस प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 11 मेधावी छात्रों को समारोहपूर्वक सम्मान से नवाजा गया। कक्षा 4 से कक्षा 11 तक शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं ने परीक्षा केंद्र बनाए गए रेडियंट चिल्ड्रेन एकेडमी में 285 बच्चे प्रतियोगी परीक्षा में भाग लिया था।

# टांडा पालिका प्रशासन फ़र्ज़ी आईजीआरएस का निस्तारण का सिलसिला

**अवधनामा संवाददाता**

**टांडा (अम्बेडकरनगर)।** नगर पालिका परिषद टांडा मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल की धज्जियां उड़ा रही है। पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों का फर्जी निस्तारण कर रहा है। इसे लेकर शिकायतकर्ता परेशान हैं और शासन को शत-प्रतिशत निस्तारण की रिपोर्ट भेजकर मौज काट रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम जनता की शिकायतों का आसानी से निस्तारण कराने के लिए जनसुनवाई पोर्टल लांच कराया है।शासन का मकसद लोगों को घर बैठे इंसाफ दिलाने का है। पर, अधिकारियों की मनमानी की वजह से सरकार की इस मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है। शिकायतकर्ताओं के मामलो का निस्तारण किये बिना ही पोर्टल पर इसे निस्तारित दिखा देते है इसे लेकर शिकायत दर्ज कराने वाले परेशान हैं।



ऐसा ही मामला टांडा नगर पालिका क्षेत्र का है शिकायत कर्ता दानिश मेहदी द्वारा पांच अक्टूबर को शिकायत की गयी कि बेबी डेयरी हाऊस से कौमी इण्टर कालेज तक व कौगी इण्टर कालेज से सिकन्दराबाद चौराहे तक गड्ढा युक्त मार्ग की मरम्मत कराये जाने की मांग की गयी। मामले मे नगर पालिका द्वारा यह बताया गया कि सड़क में हुए गड्ढ़ों में जीएस0बी0 भरवाकर कार्य किया जा रहा है. जो प्रगति पर है। आम जनमानस को आवागमन में कोई व्यवधान नहीं है। यही दिखाकर मामले का निस्तारण कर दिया गया ।

# स्काउट गाइड का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र डुमरियागंज स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौहनिया राज में भारत स्काउट एवं गाइड का 75वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला गाइड कैप्टन अर्चना वर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक लीडर ट्रेनर अमित कुमार शुक्ल कार्यक्रम में सम्मलित हुए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद आरिफ उस्मानी ने सभी का स्वागत करते हुए स्काउटिंग गाइडिंग के महत्व पर बल दिया और कहा कि इससे बच्चों में समर्पण की भावना जागृत होती है। जिला गाइड कैप्टन अर्चना वर्मा ने लार्ड बेडेन पावेल के सिद्धांतों का अनुसरण कर स्काउटिंग में भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि अमित कुमार शुक्ल ने स्काउट गाइड को शुभकामनाएं दीं और राष्ट्र निर्माण में स्काउटिंग की भूमिका पर प्रकाश डाला। ब्लाक स्काउट मास्टर कुलदीप कुमार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और बताया कि स्काउटिंग से बच्चों में अनुशासन, एकता, और चारित्रिक विकास होता है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदान केंद्रों का भ्रमण

**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** विधानसभा उप निर्वाचन - 2024 के अंतर्गत 277-कटेहरी विधानसभा उपनिर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ के साथ कटेहरी विधानसभा के विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदान की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय नैपुरा, प्राथमिक विद्यालय दरियापुर, प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर आदि के मतदेय स्थलों पर माननीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आधारभूत सुविधाओं यथा- द्विव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प व ट्राई साईकिल, पेयजल, मतदेय कक्ष में प्रकाश, शौचालय, छाया एवं सम्पूर्ण मतदान केन्द्र में साफ- सफाई आदि का अवलोकन किया और उपस्थित बी.एल.ओ. एवं अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा



निर्देश दिए। इस दौरान मतदाता सूची को भी पढ़ा गया, बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाता पर्ची को सभी परिवारों/ मतदाताओं में समय से वितरण सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से अनिवार्य रूप से अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने और लोकतंत्र के प्रति अपने दायित्वों का अनिवार्य रूप से निर्वहन करने की अपील की। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों, बीएलओ व अन्य लोगों को सीङ्कविजिल ऐप की भी जानकारी दी, उन्होंने बताया कि सीङ्कविजिल ऐप पर कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता के उलंघन एवं निर्वाचन से संबंधित कोई भी शिकायत कर सकता है, इसमें शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है तथा प्राप्त शिकायत पर 100 मिनट के अन्दर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियों के साथ हाजी नुरुल्लाह जूनियर हाई स्कूल इल्तिफातगंज में भोजन भी ग्रहण किया गया।इस अवसर उप जिलाधिकारी टांडा डॉ0 शशिशेखर, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी सुनील तिवारी, अपर उप जिलाधिकारी मोहन लाल गुप्ता, सी0ओ0 टाण्डा, खण्ड विकास अधिकारी अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चुनाव ड्यूटी के लिये तैनात एसएसबी के जवान की हृदय गति रुकने से निधन

**अम्बेडकरनगर।** जिले में चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात एक एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) जवान का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। मृतक जवान, बंडारू चंद्र नायडू, उम्र 31 वर्ष, एसएसबी की 50वीं बटालियन में तैनात थे और अपने अन्य साथियों के साथ अकबरपुर के राम समूझ महाविद्यालय में ठहरे हुए थे। घटना के अनुसार, बंडारू चंद्र नायडू ने दोपहर का भोजन करने के बाद कुछ देर आराम करने के लिए अपने स्थान पर चले गए। जब रूट मार्च के लिए उनकी ड्यूटी का समय आया और उन्हें बुलाया गया, तो वे अपने स्थान पर निष्चल पाए गए। साथी जवानों ने तुरंत स्थिति का आकलन किया और उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसएसबी के जवान पूरे देश में सुरक्षा और शांति बनाए रखने के महत्वपूर्ण कार्य में जुटे रहते हैं।

# वित्तविहीन शिक्षक महासभा उप्र की जिला इकाई की बैठक कल

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** वित्तविहीन शिक्षक महासभा उप्र की जिला इकाई की बैठक शनिवार को विकास भवन स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर सभागार में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी, जिसमें वित्तविहीन शिक्षकों की समस्याओं को लेकर रणनीति बनाई जायगी।

उक्त बातें वित्तविहीन शिक्षक महासभा उप्र के प्रदेश महासचिव देशबंधु शुक्ल ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि वित्तविहीन शिक्षकों के मान सम्मान के लिए संगठन जी जान से जुटा है। हम सम्मान जनक मानदेय के लिए सरकार से लड़ाई लड़ रहे हैं और आगे लड़ते रहेंगे। देशबंधु शुक्ल ने बताया कि वित्तविहीन शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर शनिवार को भीमराव अंबेडकर सभागार में बैठक की जाएगी। बैठक में वित्तविहीन शिक्षक महासभा उप्र के संरक्षक चन्द्रभूषण मिश्र, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस एन परिहार, उपाध्यक्ष दिग्विजय नाथ उपाध्याय एवं मुख्य वक्ता जियारत हुसेन मौजूद रहेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान कार्यक्रम के सहसंयोजक दिग्विजय पांडेय भी मौजूद रहे।


## सपा और कांग्रेस साथ

कांग्रेस जिन सीटों को भाग रही थी उस पर सहमति नही बनी तो कांग्रेस ने अपनी मांग वापस ले ली। कांग्रेस सपा के साथ मिलकर त्याग और बलिदान की बात कर रही है। वह तर्क हरियाणा में कांग्रेस ने सपा को दिया था सपा ने उसे जस का तस अब कांग्रेस को लौटा दिया है। यूपी में नौ सीटों पर विधानसभा चुनाव होना है। गाजियाबाद और खैरा सीट सपा ने कांग्रेस के लिये छोड़ दी थी। कांग्रेस को यह स्वीकार नहीं था। दोनो पार्टियों में बात चल रही थी इसी बीच सपा ने ऐलान कर दिया। सभी नौ सीटों पर इन्डिया के उम्मीदवार सपा के चुनाव चिन्ह पर लड़ेगे क्योकि बात सीट नही जीत की है। कांग्रेस ने चुनाव न लड़ने और सपा का साथ देने का ऐलान कर दिया है। दोनो ने एक साथ तस्वीर पोस्ट कर लिखा है हमने ठाना है संविधान, आरक्षण बचाना है।

कांग्रेस मझवां और फूलपुर सीट मांग रही थी। 2022 में कांग्रेस को यहां दो प्रतिशत वोट भी नही मिले थे। कांग्रेस के खाते में आ रही खैर और गाजियाबाद सीटों पर भाजपा पिछली बार एक तरफा जीत हासिल की थी। कांग्रेस के खेमे में यही दोनो सीटे जा रही थी। पर कांग्रेस ने अपने कमजोर स्थिति का आकलन कर सोचा कमजोर सम्भावनाओं के बीच बेहतर नतीजा न मिलने का खतरा था। इससे आगे अन्य सीटों के लिये कांग्रेस कोई पुरजोर तर्क नही दे सकती थी इसलिये आगे की सम्भावनाओं का ख्याल कर कांग्रेस ने पाव पिछे खीच लिये त्याग, समर्पण, संविधान जीत का माला जपने लगी है जब किसी की गृहस्थी नष्ट हो जाती है तो वह तप त्याग की बात कर सन्यास को पकड़ लेता है। कांग्रेस कुछ कुछ उसी डगर पर चल रही है। देश की सबसे पुरानी बड़ी पार्टी सबसे असरदार पार्टी का इस तरह का समर्पण और त्याग पुराने कांग्रेसियों को काफी कष्टदायक लग रहा है। जो अपने लोगो को चुनाव में उतारने की तैयारी में लगे हुये थे उनके लिये बड़ा झटका है। महाराष्ट्र में सीटो के बटवारे में इसका असर दिख सकता है। सपा वहां 12 सीटे मांग रही है यूपी में समायोजन न हो पाने की वजह से उसे अपने को सीमित दायरे में रहने को कहा जा सकता है कांग्रेस को तो सीमित रहने को कहा ही जा रहा है। कांग्रेस हरियाणा में बेहतर नतीजे की आस लगाये बैठी थी पर भाजपा ने उसका सपना तोड़ दिया। सपा ने उन सीटो पर भी अपने उम्मीदवार घोषित कर दिये जिसे कांग्रेस मांग रही थी। बड़ी मुशकिल से फूलपुर देने को सपा तैयार हुई तो कांग्रेस ने इनकार कर दिया। कांग्रेस गाजियाबाद की जगह मीरपुर मांग रही थी पर वहां सपा मजबूत है इसलिये किसी अन्य को सीट देने का सवाल ही नहीं उठता कांग्रेस की स्थिति दयनीय हो गई है। खड़गे कांग्रेस के दायरे से बाहर दिख रहे है। सोनिया, राहुल, प्रियंका की तिकड़ी सब फैसले ले रही है। अगर प्रियंका अपनी सीट नही निकाल पाई तो कांर्ग्रेस पर इसका और बुरा असर पड़ेगा क्योकि वायनाड कांग्रेस की पुश्तैनी सीट है।

## संपादकाचार्य स्व. के. रामा राव

प्रख्यात सम्पादक, जानेमाने स्वाधीनता-सेनानी और प्रथम संसद (राज्य सभा) के सदस्य (1952), श्री कोटमराजू रामा राव अपने दौर के अकेले ऐसे पत्रकार थे, जो 25 से अधिक समाचार-पत्रों में कार्यशील रहे। इन पत्र-पत्रिकाओं में अविभाजित भारत के लाहौर से प्रकाशित (लाला लाजपत राय का) दि पीपुल (1936), कराची का दैनिक दि सिन्ध आब्जर्वर (1921), मुम्बई का दि टाइम्स आफ इण्डिया (1924), चेन्नई का दि स्वराज्य (1935), कोलकाता का दि फ्री इण्डिया (1934), नई दिल्ली का दि हिन्दुस्तान टाइम्स (1938), इलाहाबाद के दि लीडर (1920) और दि पायोनियर (1928) तथा पटना का दि सर्चलाइट दैनिक (1950) थे। किन्तु रामा राव जी को ऐतिहासिक ख्याति मिली जब उन्होंने जवाहरलाल नेहरू के दैनिक दि नेषनल हेरल्ड (1938-1946) का लखनऊ में सम्पादन किया। ढेर सारे अखबार बदलने पर रामा राव के एक साथी ने टिप्पणी की ''वे अपने एक जेब में संपादकीय की प्रति और दूसरे में त्यागपत्र रखते थे।


के. विक्रम राव

चीराला (आन्ध्र प्रदेश) में 9 नवम्बर 1896 को जन्मे, तेलुगु-भाषी रामा राव ने मद्रास विश्वविद्यालय से 1917 में अंग्रेजी साहित्य से स्नातक परीक्षा पास की और वहीं अंग्रेजी भाषा का अध्यापन भी किया। पत्रकारिता में उनका प्रवेश चेन्नई में ब्रह्मसमाज की पत्रिका दि ह्यूमेनिटी से हुआ। फिर आचार्य टी. एल (साधू) वासवानी के दि न्यू टाइम्स (1919) में कराची में उन्होंने कार्य किया। अपने अग्रज, संपादक के. पुन्नय्या के दैनिक दि सिंध आब्जर्वर में सह-संपादक बने। चार दशक के अपने पत्रकारी जीवन में रामा राव ने दो विश्व युद्धों के दौर की घटनाएँ, गाँधी-नेहरू युग का स्वाधीनता-संघर्ष और स्वातंत्रयोत्तर भारत में आर्थिक नियोजन, निर्गुट विदेश नीति तथा मीडिया आधुनिकीकरण को देखा और उन पर लिखा।

**जेल की सजा :** महात्मा गाँधी के सान्निध्य में रहकर (1942-45) रामा राव ने दो दर्जन से ज्यादा भारतीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं के विशेष संवाददाता के रूप में राष्ट्रीय आंदोलनों की रपट भेजी। केन्द्रीय विधान सभा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशनों तथा राजनीतिक मुकदमों और क्रिकेट टेस्ट मैचों की रिपोर्टिंग की। उन्होंने बड़ी संख्या में युवा पत्रकारों को प्रशिक्षित किया, जिनमें रहे शाम लाल (बाद में टाइम्स आफ इंण्डिया के प्रधान संपादक), एच. वाई. शारदा प्रसाद (इन्दिरा गांधी के मीडिया सलाहकार) और एम. चलपति राव जो नेशनल हेरल्ड में तेरहवें स्थान पर आये थे और बाद में सम्पादक बने। रामाराव के प्रशिक्षु का नाम था श्री बालकृष्ण मेनन जो सन्यास लेकर स्वामी चिंम्यानन्द सरस्वती कहलाए। सन् 1942 में रामा राव को दि नेशनल हेरल्ड में जेल या जंगल शीर्षक के संपादकीय लिखने पर ब्रिटिश हुकूमत ने छह माह का कारावास और जुर्माना की सजा दी थी। इस संपादकीय में उन्होंने लखनऊ कैंप जेल में कांग्रेसी सत्याग्रहियों पर हुए बर्बर अत्याचार की भर्त्सना की थी। अवध चीफ कोर्ट के निर्णय को आधे घन्टे में रेडियो बर्लिन ने प्रसारित कर दिया था। लखनऊ जेल के क्रान्तिकारी वार्ड में रामा राव को नजरबंद रखा गया, जहाँ उनके पूर्व मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, आचार्य जे. बी. कृपलानी, आर. एस. पण्डित (पं. नेहरू के बहनोई) आदि कैद थे। रामा राव के जेल के साथियों में थे भगत सिंह वाले लाहौर षड्यंत्र केस के क्रान्तिकारी शिव वर्मा तथा जयदेव कपूर, कम्युनिस्ट काली शंकर, विप्लवी जोगेश चटर्जी और लोहियावादी गोपाल नारायण सक्सेना। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री की यूरोप, अफ्रीका और अमेरीका यात्रा (1949) पर रामा राव दि हिन्दुस्तान टाइम्स ग्रुप (इलाहाबाद के दि लीडर तथा पटना के दि सर्चलाइट दैनिकों) के विशेष प्रतिनिधि के नाते गये। संयुक्त राष्ट्र अमेरीका के अलावा श्री रामा राव ने ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, मिस्र, कनाडा, ब्राजील, ग्रीस (यूनान), स्विटजरलैण्ड आदि देशों की यात्रा भी की।

**विद्रोही माता :** श्री रामा राव प्रथम राज्य सभा (1952) के लिये अविभाजित मद्रास राज्य (आन्ध्र प्रान्त) से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में निर्वाचित हुए। इनके नाम का प्रस्ताव विधायक के. कामराज तथा नीलम संजीव रेड्डी ने किया था। दोनों बाद में कांग्रेस अध्यक्ष बने। भारत सरकार के प्रथम सलाहकार (1956) के नाते में रामा राव ने पंच-वर्षीय योजना के प्रचार-प्रसार का संचालन किया था। कई पुस्तकों के लेखक, रामा राव ने अपनी आत्मकथा दि पैन एज माई स्वोर्ड लिखी। अखिल भारतीय समाचारपत्र संपादक सम्मेलन (आल-इण्डिया न्यूजपेपर एडिटर्स कान्फ्रेंस, 1940) के संस्थापकों में रामा राव थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

साइबर-सुरक्षित भारत के हमारे दृष्टिकोण के केन्द्र में नागरिकों का डिजिटल सशक्तिकरण है। 'संचार साथी' प्लेटफॉर्म इस मिशन का प्रतीक है, जिसमें चक्षु जैसे टूल हैं जो उपयोगकर्ताओं को संदिग्ध संदेशों, कॉल और व्हाट्सएप गतिविधियों की रिपोर्ट करने में समर्थ बनाते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शक्ति का लाभ उठाते हुए, डीओटी ने 2.5 करोड़ से अधिक धोखाधड़ी वाले मोबाइल कनेक्शनों का पता लगाया और उन्हें काट दिया, 2.29 लाख से अधिक मोबाइल हैंडसेटों को ब्लॉक कर दिया।

# राष्ट्र के सुरक्षित डिजिटल भविष्य की दिशा में कदम

भारत में, दूरसंचार की उपयोगिता लोगों को जोड़ने से कहीं बढ़कर है। यह एक ऐसा महत्वपूर्ण उपकरण भी है, जो विकास के हाशिए पर रहने वाले लोगों के उत्थान का काम करता है। पिछले एक दशक में, देश में डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में भारी विकास हुआ है। दुनिया में सबसे सस्ते डेटा दरों के साथ, भारत में अब 954.40 मिलियन से अधिक इंटरनेट ग्राहक हैं। इनमें से 398.35 मिलियन इंटरनेट ग्राहक ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। पिछले एक दशक में, ब्रॉडबैंड कनेक्शन 64 मिलियन से बढ़कर 924 मिलियन हो गए हैं।


ज्योतिरादित्य सिंधिया

इस व्यापक कनेक्टिविटी ने एक डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया है, जो आज हमारे कुल आर्थिक परिदृश्य में 10 प्रतिशत का योगदान देता है। वर्ष 2026 तक इस योगदान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के पांचवें हिस्से या 20 प्रतिशत तक पहुंच जाने का अनुमान है। बैंकिंग सेवाएं, केवाईसी सत्यापन, डिजिटल भुगतान और मोबाइल-आधारित प्रमाणीकरण भारत की डिजिटल क्रांति की रीढ़ रहे हैं, जिससे जन धन, आधार, मोबाइल (जेएएम) की तिहरी सेवाओं को फलने-फूलने में मदद मिली है। अकेले अक्टूबर 2024 में, देश में आधार समर्थ भुगतान प्रणाली के माध्यम से 126 मिलियन डिजिटल लेनदेन दर्ज किए गए। हालांकि, यह डिजिटल क्रांति विकट चुनौतियां भी प्रस्तुत कर रही है। विशेष रूप से, तकनीकी प्रगति के साथ पैदा होने वाले खतरों से हमारे नागरिकों की सुरक्षा की चुनौती। हमारे हाथ में रखे जाने वाले सुविधा के ये उपकरण स्पैम कॉल, घोटाले वाले संदेश, टेलीमार्केटिंग के अनुचित कॉल, फ़िशिंग घोटाले, नकली निवेश एवं ऋण के अवसरों जैसे साइबर अपराधों के जाल से भी घिरे हैं। एक विशेष चुनौती सामने आई है डिजिटल अरेस्ट के घोटाले आज चिंताजनक दर से बढ़ रहे हैं। इसकी कार्यप्रणाली के तहत अपराधी सरकारी अधिकारियों के रूप में निर्दोष व्यक्तियों को डराने और जबरन वसूली का कार्य करते हैं। महज वित्तीय नुकसान से परे, ये दुर्भावनापूर्ण कार्यप्रणालियां आजीविका को बाधित करती हैं, विश्वास को खत्म करती हैं और उस आत्मविश्वास को कमजोर करती हैं जो नागरिकों में डिजिटल अर्थव्यवस्था में पूरी तरह से शामिल होने के लिए आवश्यक है।

हालांकि, इन उभरते खतरों के विरुद्ध त्वरित प्रतिक्रिया करते हुए हमारे अधिकारियों ने पूरी तत्परता दिखाई है। उन्होंने फर्जी तरीकों से हासिल किए गए मोबाइल कनेक्शनों को काट दिया है और 7.6 लाख शिकायतों के माध्यम से 2,400 करोड़ रूपये से अधिक की राशि की हानि को बचाया। यह महज आंकड़ों को ही नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा और सपनों की सुरक्षा को भी दर्शाता है। अब जबकि हम डिजिटल स्पेस की रक्षा के लिए अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, हमारे नागरिकों के सहयोग के बिना यह एक निरर्थक कवायद साबित होगी। प्रधानमंत्री



(पीएम) नरेन्द्र मोदी का हाल ही में नागरिकों से रुको, सोचो और एक्शन लो का आह्वान इंटरनेट की छाया में बढ़ते खतरों को रेखांकित करते हुए तात्कालिकता और दूरदर्शिता को दर्शाता है। यह आह्वान केवल बढ़ते साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रतिक्रिया भर नहीं है, बल्कि एक सतर्क और सक्रिय समाज के निर्माण की दिशा में एक अपील भी है। अपने हालिया 'मन की बात' संबोधन के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने समर्पित हेल्पलाइन 1930 और cybercrime.gov.in पोर्टल के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट करने की अनिवार्यता दोहराई। साइबर अपराधियों के विरुद्ध लड़ाई में नागरिकों की भागीदारी पर जोर बेहद अहम है। फिर भी, साइबर अपराधियों ने चालाकी बरतते हुए नई रणनीति विकसित कर ली है और अंतरराष्ट्रीय कॉलों को प्रच्छन्न तरीके से स्थानीय नंबरों (+91-xxxxxxxxxx) के रूप में दुरुपयोग कर रहे हैं। कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) में किया जाने वाला चतुराई भरा यह हेरफेर इन कॉलों को वैध स्थानीय नंबर कॉल के रूप में छिपाना संभव बना देता है, जिससे धोखे का परिदृश्य और भी जटिल हो जाता है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने सक्रिय रूप से हस्तक्षेप करते हुए स्वदेशी रूप से विकसित अंतरराष्ट्रीय इनकमिंग स्पूफ्ड कॉल्स प्रिवेंशन सिस्टम लॉन्च किया है। यह उपकरण एक बड़ा बचाव साबित हो रहा है, जो 86 प्रतिशत नकली कॉलों लगभग 1.35 करोड़ कॉल प्रतिदिन - को रोक रहा है।

साइबर-सुरक्षित भारत के हमारे दृष्टिकोण के केन्द्र में नागरिकों का डिजिटल सशक्तिकरण है। 'संचार साथी' प्लेटफॉर्म इस मिशन का प्रतीक है, जिसमें चक्षु जैसे टूल हैं जो उपयोगकर्ताओं को संदिग्ध संदेशों, कॉल और व्हाट्सएप गतिविधियों की रिपोर्ट करने में समर्थ बनाते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शक्ति का लाभ उठाते हुए, डीओटी ने 2.5 करोड़ से अधिक धोखाधड़ी वाले मोबाइल कनेक्शनों का पता लगाया और उन्हें काट दिया, 2.29 लाख से अधिक मोबाइल हैंडसेटों को ब्लॉक कर दिया, 71,000 विक्रेताओं को ब्लैकलिस्ट कर दिया और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपीएस) के माध्यम से 1,900 अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

युवा, तकनीक-प्रेमी आबादी के लाभ के साथ, हमने विद्यार्थियों को भी जमीनी स्तर की पहल में शामिल किया है। देश भर में कॉलेज के विद्यार्थियों ने संचार मित्र स्वयंसेवकों के रूप में कदम बढ़ाया है। ये स्वयंसेवक समुदायों तक पहुंच रहे हैं और 'संचार साथी' पोर्टल के माध्यम से डिजिटल सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं। ये युवा हिमायती नागरिकों को दूरसंचार धोखाधड़ी को रोकने के लिए उपलब्ध उपकरणों का उपयोग करने में मदद करते हैं। मई 2023 में अपनी स्थापना के बाद से, संचार साथी पोर्टल ने 7.7 करोड़ विजिट और प्रतिदिन औसतन दो लाख उपयोगकर्ताओं के साथ जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है। इस पोर्टल ने 12.59 लाख चोरी और खोए हुए मोबाइल फोन का पता लगाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस धारणा को मजबूत करते हुए कि साइबर रक्षा और सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, यह पोर्टल अपने डिजिटल अनुभवों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध नागरिकों के लिए एक आवश्यक संसाधन बन गया है।

स्पैम कॉल, अनचाहे एसएमएस और टेलीमार्केटिंग के खतरे से निपटने के एक निर्णायक प्रयास के तहत, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए जवाबी उपायों की एक मजबूत श्रृंखला भी लागू की है। नियमों के उल्लंघन पर कठोर दंड लगाया जाएगा, जो डिजिटल विश्वास के उल्लंघन के प्रति शून्य-सहिष्णुता (जीरो-टोलेरेंस) की नीति का परिचायक है। अब तक, ट्राई ने असत्यापित प्रचारात्मक कॉल में संलग्न 800 से अधिक संस्थाओं और व्यक्तियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया है, जबकि 1.8 मिलियन से अधिक नंबर काट दिए गए हैं। ऐसी सख्त कार्रवाई एसएमएस संबंधी धोखाधड़ी के मामले में भी की गई है, जिसके तहत 350,000 अप्रयुक्त और असत्यापित मैसेजिंग हेडर और 1.2 मिलियन कंटेंट टेम्पलेट को ब्लॉक कर दिया गया है। हमारी साइबर रक्षा रणनीति के केन्द्र में डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) है।

# भारत विरोधी खालिस्तानियों को ट्रूडो सरकार की शह

पिछले साल खालिस्तान समर्थक कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो सरकार लगातार, भारत के साथ लापरवाही से रिश्ते खराब कर रही है। इस नतीजे पर पहुंचने का एक कारण यह भी है कि कनाडा के साथ अमेरिका की भी नागरिकता लिए खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कुछ दिनों पहले यह धमकी दी थी कि कनाडा के हिंदुओं को दीवाली नहीं मनाने दी जाएगी।

कनाडा भारत विरोधी गतिविधियों एवं खालिस्तानी अलगाववाद को पोषण एवं पल्लवन देने का बड़ा केन्द्र बनता जा रहा है। खालिस्तानी झंडे लिये प्रदर्शनकारियों ने ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर हमला बोला, हिन्दुओं के साथ हिंसक झड़प की, जिन्हें लेकर ट्रूडो सरकार मूक दर्शक बन कर भारत विरोधी तत्वों को शह देती रही है। इसके अलावा कनाडा के प्रमुख शहरों, टोरंटों, वैंकूवर और सरे से मंदिरों पर भी हमले खबरें परेशान करने वाली हैं। सभी जगहों पर हमला खालिस्तान समर्थक अतिवादियों ने किया। इन हमलों ने कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, वीडियो में मारपीट के दृश्य भी दिखाई दे रहे हैं। जानबूझकर मन्दिर पर किये इन हमलों की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि कायराना एवं शर्मनाक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन घटनाओं की निन्दा करते हुए ट्रूडो सरकार को चेता कर हिंसा को असहनीय बताया एवं कहा कि ऐसी घटनाएं भारत के संकल्प को कभी कमजोर नहीं कर पायेंगी। निश्चित ही खालिस्तानी पृथकतावादियों को खुली छूट देकर ट्रूडो सरकार दोनों देशों के आपसी संबंधों में कडवाहट घोल रहे हैं। यह विडंबना ही है कि कानून का पालन करने वाले प्रवासी भारतीय सदस्यों की सुरक्षा और संरक्षा दांव पर है। दरअसल, अल्पमत में आई ट्रूडो सरकार राजनीतिक स्वार्थों के लिये निचले स्तर का खेल खेल रही है। वह अगले साल होने वाले आम चुनाव में फिर सरकार बनाने के लिये ऐसे संकीर्ण, विघटनकारी एवं स्वार्थी राजनीतिक हथकंडों को अपनाकर अपने ही पांवों पर कुल्हाड़ी चला रही है। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, भारत-कनाडा संबंधों को बचाने के लिये गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। अब तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे भारत-कनाडा संबंधों को सामान्य बनाने के लिये यह अपरिहार्य अनिवार्य शर्त भी है।


ललित गर्ग

निश्चित रूप से जस्टिन ट्रूडो सरकार को वहां सक्रिय खालिस्तानी अलगाववादियों को भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिये कनाडाई क्षेत्र के दुरुपयोग की अनुमति नहीं देनी चाहिए, क्योंकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ट्रूडो सरकार द्वारा उपद्रवियों को संरक्षण देना उसकी राजनयिक और लोकतांत्रिक साख को कमजोर करने वाला कदम ही है। राजनीतिक स्वार्थों के लिये प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तान समर्थकों का सहारा लेकर भारत की एकता और अखंडता को खण्डित करने पर तूले हैं, वे खालिस्तानी अतिवादियों को बेलगाम करके खूद के लिये भी खतरा मोल ले रहे हैं, वे यह समझने को तैयार नहीं कि खालिस्तान समर्थक भारत के साथ-साथ कनाडा के लिए भी खतरा बन सकते हैं। वे पहले से ही ड्रग्स और हथियारों के साथ मानव तस्करी में लिप्त हैं। जस्टिन ट्रूडो को यह समझना होगा कि कनाडा की नागरिकता लिए खालिस्तानी अतिवादी खालिस्तान का कितना ही शोर मचाएं, भारत में उसका कहीं कोई



समर्थन नहीं और भारत की एकता पर उसका तनिक भी असर नहीं होने वाला है।

गौर करने वाली बात यह है कि ट्रूडो के मुकाबले इस घटना की ज्यादा कड़ी निंदा कनाडा के ओंटारियो सिख ऐंड गुरुद्वारा कौंसिल ने की है। वैसे यह भी ध्यान रखना होगा कि मंदिरों में जिन पर हमला हुआ, वे भी कनाडा के ही नागरिक हैं। जस्टिन ट्रूडो ने जितनी सक्रियता खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर के मामले में दिखाई, उतनी इस मामले में भी दिखाते, तो शायद चीजें बदल सकती थीं, जो उनके लिये ज्यादा राजनीतिक लाभकारी होती। यह एक विडंबना ही है कि कुछ दशक पहले तक खालिस्तान के जिस पागलपन ने भारत को काफी परेशान किया था, पंजाब एवं समूचा देश लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद का शिकार रहा और अब जब भारत से उसका नामो-निशान तक मिट चुका है, तो कनाडा में उसे जोर-शोर से पाला-पोसा जा रहा है। मामला सिर्फ इतना नहीं है, कनाडा अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी दूसरे देश के खिलाफ होने दे रहा है, तो इस पर पूरी विश्व बिरादरी को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। हम सीमा पार आतंकवाद फैलाने के पाकिस्तानी दंश को लंबे अरसे से भोगते रहे हैं और अब कनाडा में जो हो रहा है, वह भी एक तरह से सीमा पार अलगाववाद फैलाना ही है। भारत को कनाडा के साथ अमेरिका के रवैये पर भी ध्यान देना होगा, क्योंकि वह गुरपतवंत सिंह पन्नू को खुले तौर पर संरक्षण दे रहा है। भारत के खिलाफ विदेश की धरती से हो रहे इन षड़यंत्रों एवं साजिशों को गंभीरता से लेना होगा।


पिछले साल खालिस्तान समर्थक कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो सरकार लगातार, भारत के साथ लापरवाही से रिश्ते खराब कर रही है। इस नतीजे पर पहुंचने का एक कारण यह भी है कि कनाडा के साथ अमेरिका की भी नागरिकता लिए खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कुछ दिनों पहले यह धमकी दी थी कि कनाडा के हिंदुओं को दीवाली नहीं मनाने दी जाएगी। इस धमकी के बाद भी यदि खालिस्तानी चरमपंथी हिंदू मंदिर में धावा बोलने आ गए तो इसका यही मतलब निकलता है कि कनाडा सरकार का उन पर लगाम लगाने का कोई इरादा नहीं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और वहां के प्रमुख विपक्षी दल के नेता ने हिंदू मंदिर को निशाना बनाए जाने की निंदा की, लेकिन इनमें से किसी ने भी खालिस्तान समर्थकों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं समझा, इससे स्पष्ट है कि कनाडा सरकार खालिस्तानियों को खुला समर्थन कर रही है। बहरहाल, यह तय है कि रह-रह कर सामने आ रही यह हिंदू-सिख संबंधों में तल्खी, भारत तथा कनाडा सरकारों के संबंधों में आ रही गिरावट से गहरे तक जुड़ती है। हाल के दिनों में कनाडा सरकार के मंत्रियों ने मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए भारत सरकार पर अनेक आक्षेप किये हैं। यहां तक कि कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने भारतीय गृह मंत्री पर आरोप लगाये कि उन्होंने कनाडा में भारत विरोधी अलगाववादियों को निशाना बनाने के लिये हिंसा व खुफिया जानकारी जुटाने के आदेश दिए। जैसा कि स्वाभाविक ही था इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप का भारत सरकार ने भी कड़ा प्रतिवाद किया है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कड़े शब्दों में इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। नई दिल्ली ने इन आरोपों को बेतुका और निराधार बताकर नकार दिया है। कनाडा सरकार इसके कोई ठोस प्रमाण न देकर खुद को ही हंसी का पात्र बनाया।

खालिस्तान समर्थक अतिवादी तत्वों ने हिंदू मंदिर परिसर में भारतीय उच्चायोग की ओर से आयोजित एक शिविर को भी निशाने पर लिया। इस शिविर में बड़ी संख्या में सिख भी मौजूद थे। साफ है कि खालिस्तान समर्थक कनाडा में रह रहे हिंदुओं के साथ सिखों के लिए भी मुसीबत बन रहे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि उन्होंने जिस हिंदू मंदिर को निशाना बनाया, उसमें सिख भी आते हैं। इन सभी जगहों पर भारतीय उच्चायोग ने पेंशन पाने वाले भारतीयों को जीवन प्रमाणपत्र बांटने के लिए शिविरों का आयोजन किया था। कनाडा में इस तरह के शिविर लगाने की परंपरा पुरानी है।

# इलेक्टर्स को मतदान की प्रक्रिया पूरी ट्रंप जीते

इलेक्टोरल कॉलेज दरअसल वह निकाय है, जो राष्ट्रपति को चुनता है, इसे आसान भाषा में कुछ यूं समझिए कि आम जनता राष्ट्रपति चुनाव में ऐसे लोगों को वोट देती है जो इलेक्टोरल कॉलेज बनाते हैं और उनका काम देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को चुनना है। वोटिंग उन मतदाताओं के लिए हुई है जो राष्ट्रपति को चुनते हैं, ये लोग इलेक्टर्स कहलाते हैं, ये इलेक्टर्स निर्वाचित होने के बाद 17 दिसंबर को अपने-अपने राज्य में एक जगह इकट्ठा होते हैं और राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के लिए वोट करते हैं, यानें जो अमेरिकी जनता नें जो वोट किया है वो सीधे तौर पर स्वयं राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों का चुनाव नहीं कर रही।

वैश्विक स्तरपर कई महीनों से पूरी दुनियाँ की नज़रें 5 नवंबर 2024 को हुए अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पर लगी हुई थी जो मतदान प्रक्रिया भारतीय समय अनुसार बुधवार दिनांक 6 नवंबर 2024 को सुबह 6 पूरी हुई जिसमें मतदाताओं द्वारा प्रक्रिया अनुसार 50 राज्यों व कोलंबिया के 538 इलेक्टोरल कॉलेज के सदस्यों को जनता ने मतदान किया। जिसमें ट्रंप को 267 और हैरिस को 224 सीटें मिली इस तरह ट्रंप की जीत हुई है पूरे विश्व ने उनको बधाईयां दी है परंतु फिर भी अब गेंद इन इलेक्टोरल कॉलेज के सदस्यों के पाले में आ गई है कि ट्रंप को चुनना है या कमला हैरिस को जीत का सेहारा पहनना है, जो दुनियाँ के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका की चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा है।


किशन भावनानी

पिछली बार ट्रंप को इस वोटिंग में 28 लाख वोट कम मिले थे फिर भी इलेक्टोरल कॉलेज में उसे 270 से अधिक वोट मिलने के कारण हिलेरी क्लिंटन को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।यानें बता दें कि 2016 में, हिलेरी क्लिंटन ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप से करीब 28 लाख अधिक डायरेक्ट पापुलर वोट हासिल किए थे लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 2000 में, जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने अल गोर को हराया। हालांकि डेमोक्रेटिक उम्मीदवार गोर ने पांच लाख से अधिक मतों से पापुलर वोट जीता था। राष्ट्रपति के लिए वोट डालने के लिए इलेक्टर्स दिसंबर के मध्य में अपने- अपने राज्यों में बैठक करते हैं। यह बैठक दिसंबर के दूसरे बुधवार के बाद पहले मंगलवार को होती है, जो इस साल 17 दिसंबर 2024 को पड़ रही है। यह भी दिलचस्प है कि अमेरिका में ऐसा कोई कानून नहीं है जो निर्वाचकों को उसी उम्मीदवार को वोट देने के लिए बाध्य करेजिसके प्रति वो वचनबद्ध हैं। इन्हें फेथफुल इलेक्टर कहा जाता है और माना जाता है ये उसी पार्टी के उम्मीदवार को समर्थन करेंगे जिसके लिए उन्होंने शपथ ली है। इन निर्वाचकों का चयन पार्टियां ही करती हैं, अब वोटो की गिनती जारी है जिसका रिजल्ट शीघ्र आएगा परंतु चूँकि आम जनता नें वोट कर दिया है, अब 17 दिसंबर 2024 कोइलेक्टोरल कॉलेज से जिनको 270 पार वोट मिलेंगे वही अमेरिका का राष्ट्रपति होगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,डोनाल्ड ट्रंप व कमला हैरिस में कांटे की टक्कर 538 सदस्यों का इलेक्टोरल कॉलेज करेगा फैसला।

साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावी प्रक्रिया को समझने की करें तो,अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की वोटिंग खत्म होते ही कई क्षेत्रों में वोटों की गिनती शुरू हो गई है। काउंटिंग पूरी होने पर पॉपुलर वोट (जनता केवोट) के आधार पर विजेता घोषित किया जाता है, लेकिन यह ज़रूरी नहीं कि सबसे ज्यादा पॉपुलर वोट पाने वालाउम्मीदवार राष्ट्रपति बने। असल में अमेरिका




में राष्ट्रपति का चुनाव पॉपुलर वोट के बजाय इलेक्टोरलकॉलेज द्वारा तय होता है।इसके अलावा, यह भी संभव है कि किसी राज्य में विजेता का अनुमान लगाया जा रहा हो, जबकि दूसरे राज्यों में अभी वोटिंग जारी हो। इस प्रक्रिया के चलते सटीक नतीजे आने में एक-दो दिन का समय लग सकता है। दिसंबर में इलेक्टर्स की वोटिंग के बाद 25 दिसंबर तक सभी इलेक्टोरल सर्टिफिकेट सीनेट के प्रेसिडेंट को सौंप दिए जाएंगे,इसके बाद, 6 जनवरी 2025 को कांग्रेस के संयुक्त सत्र में इलेक्टर्स के वोटों की गिनती होगी। उसी दिन, उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस सदन में आधिकारिक रूप से विजेता के नाम की घोषणा करेंगी।अभी 538 चुनावी प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ हैं वह 538 लोग मिलकर के राष्ट्रपति चुनाव का निर्धारण करेंगे 270 वोट जिसको मिलेंगे वह राष्ट्रपति बनेगा।5 नवंबर को यानें भारतीय समय अनुसार बुधवार दिनांक 6 नवंबर 2024 सुबह 6 बजे तक हुए मतदान के बाद नतीजों में कुछ दिन का समय लग सकता है।यूएस में चुनाव पहले हो जाता है जबकि विजेता उम्मीदवार चार्ज जनवरी 2025 से ही संभालेगा।नया राष्ट्रपति जनवरी 2025 में पद की शपथ लेगा,यह अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का सबसे जटिल चरण है। इलेक्टोरल कॉलेज दरअसल वह निकाय है, जो राष्ट्रपति को चुनता है, इसे आसान भाषा में कुछ यूं समझिए कि आम जनता राष्ट्रपति चुनाव में ऐसे लोगों को वोट देती है जो इलेक्टोरल कॉलेज बनाते हैं और उनका काम देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को चुनना है।नवंबर के पहले सप्ताह में मंगलवार को वोटिंग उन मतदाताओं के लिए हुई है जो राष्ट्रपति को चुनते हैं, ये लोग इलेक्टर्स कहलाते हैं, ये इलेक्टर्स निर्वाचित होने के बाद 17 दिसंबर को अपने-अपने राज्य में एक जगह इकट्ठा होते हैं और राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के लिए वोट करते हैं, यानें जो अमेरिकी जनता नें जो वोट किया है वो सीधे तौर पर स्वयं राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों का चुनाव नहीं कर रही। ठीक ऐसा ही नियम उपराष्ट्रपति पद के लिए भी है।जो इलेक्ट्रोल सभी 50 राज्यों और कोलंबिया जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रत्येक राज्य में तीन से 54 के बीच चुनावी वोट हैं। किसी भी राज्य के निर्वाचकों की संख्या उसके अमेरिकीसीनेटरों और अमेरिकी प्रतिनिधियों की कुल संख्या को जोड़कर निर्धारित की जाती है। अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव एक अप्रत्यक्ष प्रक्रिया है, जिसमें सभी राज्यों के नागरिक इलेक्टोरल कॉलेज के कुछ सदस्यों के लिए वोट करते हैं। इन सदस्यों को इलेक्टर्स कहा जाता है, ये इलेक्टर्स इसके बाद प्रत्यक्ष वोट डालते हैं जिन्हें इलेक्टोरल वोट कहा जाता है।डीसी से अलग इन 535 इलेक्टोरल वोट को समझें तो अमेरिकी संसद की कुल सीटों संख्या 535 है जिनमें से 435 हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव (एचओआर) और 100 सीनेट के सदस्य हैं। भारत के उदाहरण से समझें तो हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव के सदस्य निचले सदन लोकसभा के सांसद जबकि उच्च सदन सीनेट के सदस्य या सीनेटर राज्यसभा सांसद हुए। नियमों के मुताबिक, हर राज्य में कम से कम एक या अधिक से अधिक आबादी के अनुसार एचओआर होंगे, जबकि सीनेटर हर राज्य से दो ही होंगे। यानी चुनाव में हर राज्य से कम से कम तीन इलेक्टोरल वोट तो होंगे ही। वोट देने के लिए बाध्य करे जिसके प्रति वो वचनबद्ध हैं। इन्हें फेथफुल इलेक्टर कहा जाता है और माना जाता है ये उसी पार्टी के उम्मीदवार को समर्थन करेंगे जिसके लिए उन्होंने शपथ ली है। इन निर्वाचकों का चयन पार्टियां ही करती हैं। साथियों बात अगर हम 7 स्विंग स्टेट्स को समझने की करें तो,क्या होते हैं स्विंग स्टेट्स?जो बदल देते हैंअमेरिकी चुनाव के समीकरणअमेरिकी चुनाव में अधिकतर राज्य किसी एक पार्टी या के उम्मीदवार की ओर झुके होते हैं, लेकिन यहां ऐसे करीब सात राज्य हैं जहां किसी भी पार्टी की जीत हो सकती है, यानी इन राज्यों में इस बात काअंदाजा नहीं लगाया जा सकता है कि चुनाव में कौन बाजी मारेगा।

अवधनामा
लखनऊ, शुक्रवार, 8 नवम्बर, 2024


# फूड लिस्ट में शामिल करें ये स्वादिष्ट महाराष्ट्रीयन डिशेज, डिनर के लिए रहेंगे बेस्ट

महाराष्ट्र न सिर्फ अपनी सांसकृतिक विविधता और ऐतिहासिक धरोहर के लिए फेमस है। बल्कि यह अपने स्वादिष्ट और अनूठे खानपान के लिए भी जाना जाता है। महाराष्ट्र की रसोई में आपको पारंपरिक मसालों और स्थानीय सामग्री का मिश्रण मिलेगा। जो हर डिश के स्वाद को खास बना देता है। वहीं महाराष्ट्र का खाना स्वाद, सादगी और पोषण तत्वों से भरा होता है। महाराष्ट्र का मसालेदार मिसल पाव हो या नरम-नरम पूरन पोली, यहां की हर डिश हर किसी के टेस्ट से तालमेल जरूर खाती है। हालांकि महाराष्ट्र की डिशेज का लुत्फ उठाने के लिए आपको महाराष्ट्र जाने की जरूरत नहीं है। बल्कि आप घर बैठे महाराष्ट्र के व्यंजन का लुत्फ उठा सकते हैं। बता दें कि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ कुछ ऐसे वेजीटेरियन रेसिपीज शेयर करने जा रहे हैं, जिनको आप घर में बना सकती हैं। यह डिशेज सिर्फ महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि हर किसी को पसंद आती है। आप महाराट्र के इन स्वादिष्ट ग्रीन करी रेसिपीज को अपनी फूड लिस्ट में शामिल कर सकती हैं।

हरे चने की करी की सामग्री

हरे चने- 1 कप (भीगे हुए)
पालक- 1 कप (कटा हुआ)
नारियल- 2 बड़े चम्मच (कद्दूकस किया हुआ)
जीरा- 1 छोटा चम्मच
हरी मिर्च- 1 (कटी हुई)
अदरक-लहसुन पेस्ट- 1 छोटा चम्मच
धनिया पाउडर- 1 छोटा चम्मच
हल्दी- आधा छोटा चम्मच
तेल- 1 बड़ा चम्मच
नमक- स्वादानुसार

***विधि***

सबसे पहले रातभर के लिए हरा चना भिगो दें और फिर इसे उबाल लें।

अब एक कड़ाही में तेल गर्म करें और फिर जीरा और हरी मिर्च डालकर तड़का लगाएं।

इसके बाद इसमें लहसुन और अदरक का पेस्ट डालकर हल्का सा भून लें।

फिर कड़ाही में उबले हुए हरे चने और पालक डालें।



अब इसमें धनिया पाउडर, हल्दी और नमक डालकर 5-7 मिनट के लिए धीमा आंच पर पकाएं।

लास्ट में कद्दूकस किया हुआ नारियल डालकर गरमा-गरम सर्व करें।

पालक और मटर की हरी करी सामग्री

पालक- 2 कप (कटा हुआ)
मटर- 1 कप
घी- 1 बड़ा चम्मच
जीरा- 1 छोटा चम्मच
अदरक-लहसुन पेस्ट- 1 छोटा चम्मच
हरी मिर्च- 2
नारियल का दूध- आधा कप
नमक स्वादानुसार
गरम मसाला- आधा छोटा चम्मच

ऐसे बनाएं

सबसे पहले पैन में घी गर्म कर लें।

फिर इसमें जीरा, अदरक, लहसुन का पेस्ट और हरी मिर्च डालकर भूनें।

अब कड़ाही में मटर और पालक डालकर हल्का पकने दें।

इसके बाद नारियल दूध डालकर करीब 10 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं।

फिर ऊपर से गरम मसाला डालकर इसको रोटी के साथ सर्व करें।

***धनिया पत्ते की करी की सामग्री***

ताजे धनिया पत्ते- 2 कप
हरी मिर्च- 2
अदरक का टुकड़ा- 1 इंच
मूंगफली- 1 बड़ा चम्मच (भुनी हुई)
जीरा- 1 छोटा चम्मच
तेल- 1 बड़ा चम्मच
नारियल- आधा कप (कद्दूकस किया हुआ)
दही- आधा कप
नमक- स्वादानुसार

***ऐसे बनाएं***

धनिया पत्ते की करी बनाने के लिए सबसे पहले धनिया पत्ते, हरी मिर्च, अदरक, और मूंगफली को मिक्सर में पीसकर पेस्ट बना लें।

अब कड़ाही में तेल गर्म करके उसमें जीरा डालें और फिर धनिया का पेस्ट डालें।

फिर कड़ाही में कद्दूकस किया हुआ नारियल और दही डालकर अच्छे से मिक्स करें।

अब इसको 5 से 7 मिनट तक अच्छे से धीमी आंच पर पकने दें और इसमें नमक डाल दें।

इस तरह से धनिया पत्ते की करी बनकर तैयार हो जाएगी, इसको आप रोटी या भाकरी के साथ परोसें।

***कोकम और नारियल की हरी करी की सामग्री***

नारियल का दूध- 1 कप
कोकम- 1 बड़ा चम्मच
जीरा- 1 छोटा चम्मच
हरी मिर्च- 2 (कटी हुई)
अदरक का टुकड़ा- 1 इंच
घी- 1 बड़ा चम्मच
हल्दी- आधा छोटा चम्मच
नमक- स्वादानुसार

***ऐसे बनाएं***

कोकम और नारियल की हरी करी बनाने के लिए सबसे पहले सभी सामग्री को तैयार कर लें और कोकम को थोड़े पानी में भिगो दें।

अब कड़ाही में घी गर्म कर उसमें अदरक, हरी मिर्च और जीरा डालकर भूनें।

इसके बाद कड़ाही में नारियल का दूध और भीगा हुआ कोकम डालकर अच्छे से मिलाएं।

फिर नमक और हल्दी डालकर करी को 5-7 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं।

अब इसको आप रोटी या चावल के साथ खा सकते हैं।

# पुराने बर्तन से लेकर जले हुए बर्तनों को चमकाएं, फॉलो करे ये टिप्स



दिवाली रोशनी का त्योहार है और इसके साथ ही घर की गहरी सफाई का त्योहार भी बन जाता है। इस त्योहार पर देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश के स्वागत के लिए अपने घरों को दिवाली से पहले ही साफ कर लेते हैं। इसके बाद घरों को सजाया जाता है। यदि आपके घर में पुरानी वस्तुओं या पुराने बर्तन पड़े है तो आप इन टिप्स के जरिए चमका सकते हैं। पुराने, दागदार, जले हुए और जिद्दी बर्तनों को संभालते समय एक बड़ी चुनौती सामने आती है। ये सख्त दाग घंटों मेहनत की मांग करते हैं, जिससे अक्सर व्यक्ति असंतुष्ट और चिड़चिड़ा हो जाता है। घंटों को काम को मिनटों में बदलने के लिए यहां कुछ आसान और प्रभावी सफाई के हैक बताने वाले हैं।

***बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करें***

जब हम सभी खाना बनाते हैं तो अक्सर बर्तन काले पड़ जाते हैं या फिर जल जाते हैं या चिपचिपे हो जाते हैं, तो आप बेकिंग सोडा के जरिए चमक वापस ला सकते हैं। सबसे पहले बर्तन को गर्म पानी से धो लें। इसके बाद प्रभावित जगह पर बेकिंग सोडा छिड़कें। 5 से 6 मिनट तक बर्तनों रखें रहने दें। इसके बाद आप बर्तन को स्पंज की मदद से पोंछकर साफ कर सकते हैं।

***लिक्विड क्लोरीन का इस्तेमाल करें***

सिरेमिक, कांच और प्लास्टिक के बर्तनों को प्रभावी ढंग से साफ करने के लिए यह तरीक सबसे बढ़िया है। बर्तनों को 10 मिनट तक पानी में उबालें, चमकाने के लिए उन पर सावधानी से लिक्विड क्लोरीन डालें और कुछ मिनटों के बाद उन्हें पानी से धो लें।

***सिरके का प्रयोग***

घर में रखें हुए पीतल के बर्तन गंदे होने लगते हैं। पीतल के बर्तनों को चमकाने के लिए सबसे बेहतर होता सिरका। प्याज के रस में सिरका मिलाकर दाग लगे बर्तनों पर लगाएं। चमचमाती चमक के लिए आप सीधा सिरका भी लगा सकते हैं और ब्रश से रगड़ सकते हैं।

***कॉफी पाउडर का इस्तेमाल करना***

प्लास्टिक के कंटेनरों या अन्य बर्तनों पर जमी जिद्दी गंदगी के लिए कॉफी एक प्रभावी तरीका है। दाग वाली जगह पर नमक, कॉफी और बर्फ का मिश्रण लगाएं। कॉफी की कठोर बनावट जिद्दी गंदगी को हटाने में मदद करती है।

इन टिप्स के जरिए पीतल, स्टील और तांबे के बर्तनों को साफ करने, काले दाग, ग्रीस और अन्य गंदगी को तुरंत हटाने के लिए भी अत्यधिक प्रभावी हैं।

# दाल-चावल से कीड़े निकालने के लिए देसी हैक्स करें ट्राई, लंबे समय तक खराब नहीं होगा अनाज

अक्सर ऐसा होता है कि घर में रखे दाल-चावल या आदे आदि में कीड़े पड़ जाते हैं। कीड़े लगने पर इसे फेंक दिया जाता है। कई बार पैंट्री में रखे सामानों में भी कीड़े पड़ जाते हैं। जिसकी वजह से बिस्किट, चिप्स, सीरियल्स और मैदा आदि चीजें खराब हो जाती हैं। हालांकि इन चीजों को कीड़ों से बचाने के लिए लोग मार्केट में मिलने वाली दवाओं का इस्तेमाल करते हैं।

लेकिन बता दें कि यह तरीका सही नहीं है। क्योंकि यह दवाएं हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छी नहीं मानी जाती हैं। ऐसे में अगर आपकी इम्यूनिटी कमजोर है, तो यह दवाएं आपको बीमार भी कर सकती हैं। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नेचुरल तरीके से इन कीड़ों को हटाने का नेचुरल तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं।

***शेल्फ की सफाई***

कीड़े होने की पहली वजह यह हो सकती है कि आपकी किचन शेल्फ के कोनों में गंदगी रह जाने की वजह से इसमें कीड़े लग गए हैं। अगर आप समय-समय पर शेल्फ को क्लीन करती रहती हैं, तो यह कीड़े एक जगह से दूसरी जगह नहीं जाएंगे। वहीं अगर किसी डिब्बे में कीड़े पड़ गए हैं, तो आप उसे भी अलग कर सकते हैं। आप शेल्फ की सफाई के लिए घर पर क्लीनर बना सकती हैं।

***ऐसे बनाएं डे क्लीनर***

सिरका- 1 कप सिरका



डिश वॉश लिक्विड- 2 बड़े चम्मच
पानी- 1 कप

इन तीनों चीजों को मिलाकर एक स्प्रे बोतल में डाल दें। फिर शेल्फ के डिब्बे निकालकर सभी को खाली करके झाड़ लें। अब शेल्फ के ऊपर ये लिक्विड डालें। शेल्फ से डिब्बे निकालना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि हो सकता है कि उन डिब्बों के ऊपर कीड़े मौजूद हों। इसलिए अंदर से सफाई जरूरी है।

***फ्रीजर में अनाज***

कीड़े मारने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप अनाज को 3-4 दिन के लिए फ्रीजर में रखें। इससे अनाज की क्वालिटी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हालांकि इसके कीड़े जरूर मर जाएंगे। इससे कीड़े के लार्वा और अंडे आदि भी खत्म हो जाएंगे। जब आपको इस्तेमाल करना हो, तो इसको निकालकर छान लें और फिर धोकर इस्तेमाल में लाएं।

***नीम की पत्तियां या तेज पत्ता***

काले घुन को निकालने के लिए आप अनाज स्टोर करने वाले कंटेनर में तेज पत्ता और नीम की पत्तियां डालकर रखें। अगर आप इसको डायरेक्ट नहीं डालना चाहते हैं, तो आप इनको कपूर के साथ किसी कपड़े में बांधकर अनाज में रख सकती हैं।

***लौंग का करें इस्तेमाल***

कई लोगों को तेज पत्ते की महक अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में आप तेज पत्ते की जगह लौंग को कॉटन कपड़े में बांधकर रख सकती हैं। या फिर इसको अनाज में डाल सकती हैं। इससे अनाज में कीड़े नहीं पड़ेंगे।

***माचिस की डिब्बी***

माचिस की डिब्बी सफेद और काले कीड़ों पर असर करता है। क्योंकि माचिस में सल्फर होता है। यह कीड़ों के लिए टॉक्सिक होता है। ऐसे में अगर आप माचिस की खाली डिब्बी में काली मिर्च के कुछ दाने मिलाकर रख सकती हैं।

***चावल के सफेद कीड़ों को हटाने की रेमेडी***

जिस कंटेनर में आप चावल रखते हैं, उसको सफेद कीड़ों को बचाने के लिए आप हल्दी या सूखा लहसुन रख सकती हैं। इस उपाय को अपनाने से आपको धूप में अनाज रखने की समस्या खत्म हो जाती है।

# शाम की चाय के साथ केला और रोटी की पकौड़े का उठाएं लुत्फ, बच्चे भी हो जाएंगे खुश

अक्सर हमारे घरों आलू, प्याज या बैंगन के पकौड़े बनाए जाते हैं। खासकर बारिश के मौसम में हम सभी पकोड़े खाना पसंद करते हैं। लेकिन रोजाना एक ही तरह के पकोड़े खाना बोरियत भरा हो सकता है। इसलिए बच्चे हमेशा कुछ अलग बनान के लिए कहते रहते हैं। ऐसे में अगर आप भी बच्चों की फरमाइश पर कुछ अलग बनाना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ आसान तरह के पकोड़े की रेसिपी बताने जा रहे हैं, जो रोटी और केले से तैयार किए जाएंगे। इन पकोड़ों को खाने के बाद हर कोई आपकी तारीफ करेगा।



***सामग्री***

केले- 2-3
हरा धनिया- 1 बड़ा चम्मच
नमक- स्वादानुसार
चिली फ्लेक्स- 1 चम्मच
लाल मिर्च पाउडर- आधा छोटा चम्मच
हरी मिर्च- 1 चम्मच बारीक कटी
बेसन- 2 बड़े चम्मच
अजवाइन- 1/4 छोटा चम्मच
जीरा- आधा छोटा चम्मच
हल्दी पाउडर- चुटकी भर
तेल- तलने के लिए
पानी- 1 कप

***रोटी पकोड़ा बनाने की विधि***

रोटी पकोड़ा बनाने के लिए सबसे पहले रात की बची रोटियां और थोड़े कच्चे केले ले लें। अब 2-3 केले को उबालकर उन्हें छील लें और फिर बाउल में मैश करके रख लें।

इसके बाद इसमें 1 बड़ा चम्मच बारीक कटा हरा धनिया डाल दें। अब इसमें स्वादानुसार नमक, लाल मिर्च पाउडर, बारीक कटी हरी मिर्च और चिली फ्लेक्स अच्छे से मिक्स करें।

अब बेसन का घोल तैयार करें और उसमें 2 बड़े चम्मच बेसन डालकर इसमें आधा छोटा जीरा, चिली फ्लेक्स, 1/4 छोटा चम्मच अजवाइन, नमक, बारीक कटी हुई हरी मिर्च और हल्दी पाउडर मिलाएं। इसके बाद पानी डालकर घोल बना लें।

अंत में चुटरी भर बेकिंग सोडा डालें और अच्छे से मिला लें। हालांकि इस बात का ध्यान रखें कि यह घोल ज्यादा गाढ़ा या पतला न हो।

इस घोल में मैश किए हुए केले अच्छे से मिला लें। फिर रोटी के 4 से 6 टुकड़े कर लें।

अब कड़ाही में तलने के लिए तेल गर्म कर लें और केले व रोटी के टुकड़ को बेसन के घोल में डुबोकर कड़ाही में तलने के लिए डाल लें। फिर इनको सुनहरा ब्राउन होने तक तलें और फिर प्लेट में गर्मागर्म निकालें। इसको हरी धनिया की चटनी के साथ सर्व करें।

# इन किचन हैक्स को एक बार करें ट्राई, मिनटों में बनेंगा अंडा पकाने से लेकर पैनकेक

अगर आप घर में खाना बनाते हैं तो इन टिप्स के बारे में जरुर पता होना चाहिए। वैसे तो हर किसी को घर के काम आने चाहिए, क्योंकि आगे चलकर ये आपके काम आ सकते है। जिन लोगों को खाना बनाना पसंद होता है वो लोग इन टिप्स को अपनाकर कुकिंग को आसान बना सकते है। यह हैक्स आगे भी आपके काफी काम आने वाले है। आइए जानते है इन किचन हैक्स के बारें में-

***माइक्रोवेव में जल्दी से अंडे पकाएं***

- तले हुए अंडे के लिए, माइक्रोवेव-सेफ बाउल में अंडे, थोड़ा दूध और मसाला डालकर फेंटें। फिर आप 30 सेकंड के अंदर अंतराल पर माइक्रोवेव करें, इसको साथ ही इसे हिलाते रहे, जब तक कि अंडे फूले हुए और पूरी तरह से पक न जाएं।

- इसमें 1 से 2 मिनट तक का समय लगेगा।

- पोच एग के लिए, एक कप पानी में अंडा फोड़े, कप को माइक्रोवेव-सेफ प्लेट से ढक दें और लगभग 1 मिनट के लिए हाई माइक्रोवेव करें। ऐसा करने से आपका अंडा पक जाएगा।

**सेकंड्स में पैनकेक बनाएं**

- इसे बनाने के लिए पैनकेक बैटर को एक साफ स्क्वीज बोतल ( जैसे कि खाली केचप बोतल) में डालें।

- बैटर को गर्म तवे पर स्क्वीज करें और आपको हर बार एकदम गोल पैनकेक मिलेंगे।

- अगर आपके घर में बच्चे हैं तो उनके लिए मजेदार आकृतियां बना सकते हैं।



***आड़ू का बीज 5 सेकंड में निकालें***

- आड़ू को आधा काटें और आधे हिस्सो को मोड़कर अलग करें।

- गुठली को बाहर निकालने के लिए आप चम्मच का प्रयोग करें, चम्मच को गुठली के नीचे खिसकाएं और बाहर निकालें।

- इस तरीके से करने आड़ू के गूदे को बरकरार रखता है।

- आप चाहे तो किचन सिजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। एक आड़ू के बीच में कैंची को थोड़ा खोलकर घुसाएं। फिर बीज को कैंची से पकड़कर खींचकर बाहर निकाल दें।

***केक को स्टोर करके नमी बनाए रखें***

- अगर आपका केक ठंडा हो जाए, तो केक के ऊपर या अगर यह कटा हुआ है तो किनारों के आसपास ताजी ब्रेड का एक स्लाइस रखें और फिर इसे प्लास्टिक रैप से ढक दें।

- बता दे कि, ब्रेड हवा से नमी को सोख लेगी, जिससे केक लंबे समय तक नरम और ताजा रहेगा। जब सर्व करने से पहले ब्रेड को निकालना न भूलें।

***चाकू की मदद से लहसुन को छीलें***

- इसके लिए आप बड़ा वाला शेफ चाकू लें और इसके सपाट हिस्से के नीचे लहसुन की एक कली रखें।

- अपने हथेली से चाकू को दबाएं। आपको लहसुन क्रश होने की आवाज आएगी। इससे लहसुन का छिलका ढीला हो जाता है। जिससे इस निकालना बहुत आसान हो जाएगा।

# घर पर कड़ाही में बनाएं रेस्टोरेंट स्टाइल टेस्टी बन डोसा

हम में से बहुत से लोगों को साउथ इंडियन डिश पसंद होती है। साउथ इंडियन डिशेज हेल्दी होने के साथ ही पेट को भी अच्छा खासा भर देती है। बता दें कि वेट लॉस के लिए न्यूट्रिशनिस्ट आपकी डाइट में इडली शामिल करने की सलाह जरूर देंगी। वहीं उत्पम और रागी डोसा जैसी चीजें भी वेट मैनेज करने के लिए काफी अच्छी मानी जाती है। ऐसे में जब साउथ इंडियन की बात होती है, तो अक्सर डोसा का जिक्र जरूर होता है।

हालांकि अब तक आपने तवे पर डोसा बहुत बार बनते हुए देखा होगा। लेकिन बैंगलुरु में डोसा कड़ाही में बनाया जाता है। बैंगलुरु का फेमस स्ट्रीट फूड बन डोसा के एक अलग और अनूठा स्वाद होता है। अगर आप कभी बैंगलुरु गए होंगे, तो शायद ही आपने इसका स्वाद चखा हो। लेकिन जिस लोगों ने इसका स्वाद नहीं लिया है, वह यह रेसिपी सीख सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बन डोसा की रेसिपी बनाते जा रहे हैं।

***सामग्री***



डोसा के लिए 2 कप कच्चे चावल
मेथी- चम्मच
पोहा- 1 कप
नारियल- 1 कप कद्दूकस किया हुआ
नमक- 1 चम्मच
तेल- 3 चम्मच
सरसों- 1 चम्मच
उड़द दाल- 1 चम्मच
मिर्च- 3 बारीक कटी हुई
करी पत्ते
नमक- 1 चम्मच
चटनी के लिए- 1/4 कप कसा हुआ नारियल
हरी मिर्च- 1 चम्मच कटी हुई
अदरक- 1 चम्मच
भुने चने- 2 चम्मच
दही- 2 चम्मच
एक मुट्ठी धनिया पत्ती
स्वादानुसार नमक

ऐसे बनाएं डोसा

डोसा बनाने के लिए सबसे पहले मेथी और चावल भिगोकर पेस्ट बना लें।

फिर नारियल, पोहा और पानी को मिलाकर एकदम स्मूथ घोल बना लें और इसको चावल वाले कटोरे में डाल दें।

इसके बाद एक पैन में तेल गर्म करने के बाद उसमें मिर्च, करी पत्ता, सरसों और उरद दाल डालकर उसे चटकने दें और तड़के में बैटर एड करें।

अब इसमें नमक डालकर अच्छे से मिक्स करें और अप्पे पैन को गर्म करने के बाद बैटर डालकर इसे दोनों तरफ से पकाएं।

इस आसान तरीके से बन डोसा बनकर तैयार हो जाएगा और इसको आप नारियल की चटनी के साथ सर्व करें।

# घर पर बिना तेल में तले बनाएं स्वादिष्ट ब्रेड पकौड़ा, आसान है इसकी रेसिपी

अक्सर शाम की चाय के समय लोग कुछ चटपटा खाना पसंद करते हैं। हालांकि आप हर रोज बाहर का या तला-भुना नहीं खा सकते हैं। क्योंकि आपको अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना होता है। ऐसे में अगर आप कुछ चटपटा खाना चाहते हैं, तो आप घर पर भी कुछ स्वादिष्ट बनाकर खा सकते हैं। बता दें कि आप घर पर बिना तले ब्रेड पकौड़ा बनाकर खा सकते हैं।

भले ही आपको सुनकर यह अजीब लगे, लेकिन आप बिना तेल में तले भी स्वादिष्ट ब्रेड पकौड़ा बनाकर तैयार कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ब्रेड पकौड़ा की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

***ब्रेड पकौड़ा की सामग्री***

ब्रेड स्लाइस
उबले हुए आलू
बेसन- 1 कप
बारीक कटी हरी मिर्च
बारीक कटा हरा धनिया
थोड़ा सा तेल
धनिया पाउडर- 1 छोटा चम्मच
जीरा पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच



लाल मिर्च पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच
हल्दी पाउडर- 1/4 छोटा चम्मच
नमक- स्वादानुसार
बेकिंग सोडा- 1/4 छोटा चम्मच

***ऐसे बनाएं***

सबसे पहले ब्रेड पकौड़ा की स्टफिंग तैयार करें। स्टफिंग बनाने के लिए उबले हुए आलू को छीलकर अच्छे से मैश कर लें। अब एक कढ़ाई में थोड़ा सा तेल डालकर उसमें बारीक हरी मिर्च, जीरा और हल्दी डालकर भून लें। जीरा सुनहरा होने पर इसमें आलू डालें। अब आलुओं में लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और नमक मिलाएं। जब आलू सही से पक जाएं तो इसमें कटी हुई हरी धनिया डालें। अब इसको ठंजा होने के लिए रख दें और तब तक बेसन का घोल तैयार कर लें।

एक बाउल में बेसन, हल्दी पाउडर, नमक और बेकिंग सोडा मिलाएं। फिर इसमें पानी डालकर गाढ़ा घोल बनाकर तैयार करें। ब्रेड स्लाइस को तिरछे काटकर दो हिस्सों में बांट लें।


इसके बाद हर ब्रेड के टुकड़े पर आलू का मिश्रण लगाएं और दूसरे ब्रेड का टुकड़ा ऊपर रख दें। अब इसको बेसन के घोल में डुबोकर फौरन निकाल लें। ध्यान रखें कि बेसन का तैयार किया गया बैटर ज्यादा गाढ़ा न हो।

अब एक गर्म तवे पर हल्का सा तेल डालकर उस पर बेसन में डूबा ब्रेड सैंडविच रखें। फिर इसको दोनों तरफ से सुनहरा होने तक भूनें। दोनों तरफ से कुरकुरा होने के बाद खट्टी-मीठी चटनी और चाय के साथ गर्मागर्म खाएं।

# उग हो सूरुज देव भीन भिनसरवा, अरघ के बेरवा, पूजन के बेरवा हो

- बलिया में छठ घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब
- अस्ताचलगामी सूर्य को व्रती महिलाओं ने दिया अर्घ्य
- पारंपरिक गीत गाती हुई छठ घाट पहुंची महिलाएं
- घाटों पर छठी मइया गीत की रही धूम





अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** संतान प्राप्ति एवं पुत्र की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने बृहस्पतिवार को निर्जला व्रत रखा। इस दौरान महिलाएं सुबह से घर की साफ सफाई और पकवान बनाने में जुटी रही। शाम को महिलाएं स्नान ध्यान करने के बाद सोलहों श्रृंगार कर पारंपरिक गीत कांचे ही बांस के बहंगियां, बहंगी लचकत जाए.. गीत गाती हुई तालाब, सरोवर, गंगा और घाघरा नदी के तटों पर प्रस्थान किया। शाम होते-होते पूरा घाट खचाखच भर गया। इस दौरान विभिन्न समितियों एवं नपाप, नपं के लोगों द्वारा घाटों को विद्युत उपकरणों से सजाया और प्रकाशित किया गया था। इसके अलावा ध्वनि यंत्र लगाकर छठ गीत बजाया जा रहा था। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर अपने अपने क्षेत्र में पुलिस चक्रमण करती रही।

कांच ही बांस के बहंगियां, बहंगी लचकत जाए..। हथवा में फुलवा डलिया छठ पूजन जाय, छठी मइया होइहे सहइया छठ पूजन जाय... । उग हो सूरुज देव भीन भिनसरवा, अरघ के बेरवा, पूजन के बेरवा हो..। सुगना के मरबो तीर धनुहिया..। छठी माई के घाटवा पे आज बाजन.. पारम्परिक गीत गुनगुनाते हुए व्रती महिलाएं बृहस्पतिवार की शाम तीन-चार बजे से अपने-अपने घरों से टोली बनाकर घाट के लिए निकली। शाम होते होते पूरा घाट खचाखच भर गया। आलम यह रहा कि घाटों पर पैर रखने तक की जगह नहीं रही। इस दौरान व्रती महिलाओं ने सरोवर, पोखरा, ताला, गंगा, घाघरा, तमसा नदी के तट पर पहुंच भगवान भास्कर का पूजन-अर्चन किया। कुछ व्रती महिलाओं ने तालाब, सरोवर, नदी आदि में खड़ा होकर पूजन किया। तत्पश्चात अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके बाद घाट मौजूद अपने से बड़ी महिलाओं का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर आस्था का सागर हिलोरें मार रहा था। सुख-समृद्धि एवं पुत्र की प्राप्ति तथा दीर्घायु की कामनाओं के लिए सुहागिनों ने भगवान भास्कर की पूजा की। मनोकामना पूर्ण होने पर घाटों पर गाजे-बाजे के साथ व्रती महिलाएं छठ घाट पर पहुंची। इसके अलावा घर से छठ घाट तक महिलाएं पहुंची। शुक्रवार को व्रती महिलाएं उदयीमान सूर्य की पूजन-अर्चन करने के बाद अर्घ्य देंगी। तत्पश्चात बड़ों का पैर छूकर आशीर्वाद लेंगी और पारण करेंगी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जिले के सभी थाने की फोर्स अपने-अपने क्षेत्र में चक्रमण करती रही। इसके अलावा खुफिया विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी सादे वेश में भ्रमण करते नजर आए।

### घाटों पर दिख रहा था रमणीय दृश्य

बलिया। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के तालाब, पोखरा, सरोवर, गंगा व घाघरा घाट पर विभिन्न समितियों द्वारा विद्युत उपकरण व प्रकाश आदि समुचित व्यवस्था की गई थी। शहर में नगर पालिका द्वारा नगर के टाउन हाल, रामलीला मैदान, शनिचरी मंदिर, महावीर घाट पर बिजली सजावट की व्यवस्था किया गया था। इसके अलावा नगर के लाल घाट, हाईड्रिल कालोनी, बहादुरपुर व नगर से सटे निधरिया, अगरसंडा, मिड्ढा के घाटों पर विद्युत उपकरणों से समिति व प्रधानों द्वारा सजाया गया था। इस दौरान ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानो आसमान से तारे जमीन पर उतर आए हो।

### अभिभावकों की देखरेख में बच्चों ने छोड़े पटाखे

बलिया। छठ घाटों पर नन्हें-मुन्नें बच्चें अपने अभिभावकों की देखरेख में पटाखे छोड़ते नजर आए। आग से सुरक्षा के लिए विभिन्न समितियों द्वारा पानी, बोरी में भरकर बालू आदि की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान प्रत्येक घाटों पर मेले जैसा माहौल दिख रहा था।

### घाटों पर चाय, पानी की थी व्यवस्था

बलिया। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न घाटों पर विभिन्न समितियों द्वारा लोगों के लिए स्टाल लगाकर चाय, पानी आदि की व्यवस्था की गई थी। जहां महिलाओं के साथ पहुंचे लोगों ने चाय, पानी का आनंद लिया।

### घाटों पर युवतियों व महिलाओं ने सेल्फी

बलिया। चार दिनों तक चलने वाले महापर्व डाला छठ पर्व पर बृहस्पतिवार को नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर पहुंची युवतियों व महिलाओं ने पूजा के बाद विभिन्न तरीके से सेल्फी लिया। इसके अलावा घाटों पर ग्रुप में फोटो भी खींचवाया।

### भगवान भास्कर का खुला पट, महिलाओं ने की पूजा

बलिया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के शनिचरी मंदिर स्थित घाट पर भगवान भास्कर की प्रतिमा का पट मुख्य अतिथि ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खोला। इसके बाद घाट पर पहुंची व्रती महिलाओं ने भगवान भास्कर का पूजा कर परिवार के मंगलमय की कामना की। इस मौके पर सभासदगण व समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### बिहार से उजियार घाट पहुंची छठ व्रती महिलाएं

बलिया। जनपद के अंतिम छोर कोटवां नारायणपुर एवं उजियार घाट में भी डाला छठ को लेकर गंगा घाट पर लोगों का जन सैलाब उमड़ा हुआ था। महिलाओं ने सायंकाल डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। उजियार घाट अंतर्गत सरयां, कुतुबपुर एवं उजियार गांव के विभिन्न घाटों पर साफ -सफाई एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इन घाटों पर खास बात यह रही कि गढ़हांचल के विभिन्न गांवों से जहां लोग गंगा तट पर पहुंचे थे, वहीं बिहार के बक्सर जनपद से भी लोग यूपी के उजियार घाट पर छठ व्रत करने आए थे।

## गन्ना पैराई सत्र का पूजा अर्चना कर शुभारम्भ



**संभल (बहजोई)** जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा विकासखंड असमोली एवं विकास खंड रजपुरा के धामपुर शुगर मिल के गन्ना पैराई सत्र का विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के द्वारा पूजा अर्चना कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि ओवरलोडिंग ना हो, गन्ना ढुलाई वाले ट्रेक्टर पर शत प्रतिशत रिफलेक्टर लगें हों। जो गन्ना पर्ची जारी होती है उसके आधार पर ही गन्ना क्रय किया जाए। शासन के द्वारा निर्धारित दर पर गन्ना क्रय किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिक से अधिक गन्ना पैराई की जाएगी। किसानों को किसी प्रकार की समस्या आती है तो उसके समाधान के लिए प्रशासन तैयार है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा, उप जिलाधिकारी गुन्नौर आनंद कटारिया,जिला गन्ना अधिकारी राजेश्वर यादव,वाइस प्रेसिडेंट असमोली शुगर मिल कुमार मंगलम, गन्ना प्रबंधक इन्द्र कुमार शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट रजपुरा शुगर मिल आशीष कुमार शर्मा, गन्ना प्रबंधक इकबाल सिंह एवं पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय बकरी महाकुम्भ में देखने को मिलेंगे देशभर की उन्नत किस्में

अवधनामा संवाददाता

- 18 और 19 नवम्बर को मखदूम में आयोजित होगा महाकुंभ

**मथुरा।** केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मखदूम द्वारा आयोजन पशुपालन एव डेयरी विभाग भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से 18 नवम्बर को राष्ट्रीय बकरी सम्मेलन कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय बकरी मेला एवं कृषि ओद्योगिक प्रदर्शिनी (बकरी महाकुम्भ) का किया जा रहा है एवं इसके साथ ही इसके साथ ही 19 नवम्बर को अमृत काल 2047 बकरी क्षेत्र के लिए नीति और रणनीतियां विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का भी आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में किसान वैज्ञानिक संबंध पर चर्चा, विभिन्न महत्वपूर्ण शोध एवं अनुसंधान पर चर्चा, पशुपालन एवं कृषि तकनीकी प्रदर्शन, उच्च नस्ल के बकरें बकरियों का प्रदर्शन, प्रगतिशील बकरी पालकों का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण के साथ साथ देश के विभिन्न राज्यों से आयीं प्रदर्शनियों एवं संस्थान की विभिन्न प्रदर्शनियों का आयोजन किया जायेगा। इस महाकुम्भ में देश के कृषि वैज्ञानिक, कृषि उद्योग जगत से जुड़े उद्यमियों एवं 2500 से अधिक प्रगतिशील किसान एवं बकरी पालकों के भाग लेने की संभावना है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह कैबीनेट मंत्री मत्स्य, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायतीराज मंत्रालय के साथ साथ अति विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय मंत्री मत्स्य, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायतीराज मंत्रालय प्रो. एसपी सिंह बघेल शामिल रहेंगे। इस कार्यक्रय में विशिष्ट अतिथि अल्का उपाध्याय सचिव, पशुपालन एवं डेयरी विभाग भारत सरकार नई दिल्ली, डॉ. राघवेन्द्र भट्टा उप महानिदेशक (पशु विज्ञान), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, एवं डॉ. अभिजीत मित्रा आयुक्त पशुपालन एवं डॉ. अभिजीत मित्रा आयुक्त पशुपालन एवं डेयरी विभाग भारत सरकार नई दिल्ली भी इस कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

## राज्यमंत्री पुत्र पर बन्दूक से फायर झोंकने का आरोप

**ललितपुर।** कस्बा जाखलौन व शहर क्षेत्र के मोहल्ला तालाबपुरा निवासी प्रमेन्द्र सिंह पुत्र स्व.इन्द्रपाल सिंह बुन्देला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती रात उनके पुत्र व ड्राइवर पर जान से मारने की नीयत से राज्यमंत्री पुत्र द्वारा कट्टा से फायर झोंक दिया गया। तहरीर में प्रमेन्द्र सिंह बुन्देला ने बताया कि उनका पुत्र युवराज सिंह एवं ड्राइवर जाखलौन निवासी रिशु पुत्र गोकुल रात करीब 8.40 बजे चांदमारी स्थित अरिहंत भोजनालय से खाना पैक कराकर अपनी कार संख्या एम.पी.04 सी.क्यू. 1355 से लौट रहा था। बताया कि वह होटल कैलाश रेजीडेंसी के सामने वाली गली से कार में सवार होकर लौट रहा था, तभी चांदमारी निवासी राज्यमंत्री के पुत्र नरेश पंथ ने उनकी कार को रोक लिया। आरोप है कि राज्यमंत्री पुत्र ने कार से निकालकर उसके पुत्र की गिरेबान पकड़ ली और बाहर खींचने लगा। इसी बीच जब ड्राईवर ने बाहर निकलकर बचाव का प्रयास किया तो उसके सिर व कंधे पर बंदूक की बट से प्रहार कर दिया। तब ड्राईवर ने कार पीछे हटायी।

## समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक आयोजित की गयी

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला संभल कैंप कार्यालय रामपुरा रोड बहजोई मे सम्पन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने की उन्होंने कहा भाजपा सरकार में किसानों खाद बीज नहीं मिला रहा झूठी भारतीय जनता पार्टी कहती है कि किसानों की आय दुनी करेगी उन्होंने कहा कि धान खरीदी पर बिजोलिया हावी है धान खरीद पर बिचौलियों का धान खरीदा जा रहा है किसानों का नहीं उन्होंने कहा कि कुंदरकी के लिए जिला संभल के सभी जिला पदाधिकारी एवं प्रदेश एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी सभी एवं प्रमुख नेता गण कुंदरकी विधानसभा में रहकर चुनाव लड़ाएं वरिष्ठ नेता लड्डन मियां ने कहा कि जल्दी अधिकारियों से मिलकर किसानों की दिक्कत दूर की जाएगी बैठक में चंदौसी विधानसभा के प्रत्याशी सतीश प्रेमी जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में जितना किसानों का उत्पीड़न होता है वह किसी से छुपा नहीं है जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा बैठक में आए हुए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता का विधानसभा में वोट बढ़ाने का काम करें सतीश प्रेमी लड्डन मियां शोभित कुमार काका राजेश कुमारी संगीता पाल भावना सक्सैना सुनीता यादव शरदा यादव नफीसा बेगम इलमा बेगम विधानसभा अध्यक्ष उमेश यादव संजय मदान अशोक कुमार शिवम यादव चेतन गुप्ता रामनिवास दिवाकर सुरज यादव रोहिन सिंह यादव पप्पू शर्मा रजत यादव एपी शर्मा कमल शर्मा शेखर अग्रवाल डा होराम सिंह बिबेक आजाद कपिल देव आस मौहम्मद खां रियासत भाई आसिफ शेखर शर्मा पप्पू यादव आदि मौजूद रहे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर प्रथम बार होगा भजन संध्या कार्यक्रम

- बनारस के कलाकार करेंगें भजन संध्या
- महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग पंडाल गांव बनाया जाएगा
- महिलाओं के लिए मां गंगा एवं पुरुषों के लिए सरयू नाम के पंडाल गांव बनेंगे



अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** मुख्य राजस्व अधिकारी ने कार्तिक पूर्णिमा पवित्र स्नान की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ शिवरामपुर घाट का निरीक्षण किया। इस बार कार्तिक पूर्णिमा पर विशेष रूप से व्यवस्था की जाएगी।

-14 नवंबर की शाम को आरती,भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। जिसमें ददरी मेला का थीम सॉन्ग गाया जाएगा। जिससे ददरी मेले का भी प्रारंभ 15 नवंबर को हो जाएगा। पहली बार बनारस के कलाकार करेंगें भजन संध्या।

-कार्तिक मेले में भी जर्मन हैंगर लगाया जाएगा। इसके साथ ही महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग पंडाल गांव बनाया जाएगा, जिसमें गंगा और सरयू नाम के 02 पंडाल गांव बनेंगे। महिलाओं के लिए मां गंगा एवं पुरुषों के लिए सरयू नाम के पंडाल गांव बनेंगे।

-स्नान मे आने वाले श्रद्धालु के लिए विशेष व्यवस्था करने के साथ में शौचालय, पेयजल, प्रकाश आदि की व्यवस्था होगी। तट की सुरक्षा का विशेष प्रबंध किया जाएगा। इसमें एनडीआरएफ की टीम व गोताखोर आदि मौजूद होंगे तथा बैरिकेडिंग की जाएगी।

मुख्य राजस्व अधिकारी ने अभी तक चकर्ड प्लेट न बिछाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता, लोनिवि को शीघ्र ही चकर्ड प्लेट बिछाए जाने के कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बलिया सुभाष कुमार, सहायक अभियंता नीरज कुमार ,अवर अभियंता प्रवीण बरनवाल , जूनियर इंजीनियर लोक निर्माण विभाग सहित व्यवस्था से संबंधित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## केएमयू के एमबीबीएस बैच 2024 के छात्र वाइट कोट पाकर हुए उत्साहित

अवधनामा संवाददाता




**मथुरा।** केएमयू में एमबीबीएस बैच 2024-25 का वाइट कोट सैरिमनी आयोजित किया गया, जिसमें विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, प्रो वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, रजिस्ट्रार पूरन सिंह, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान प्रो वाइस चांसलर ने सभी नए प्रशिक्षु डाक्टरों को शपथ दिलाई और कहा सफेद कोट पहनकर आप सभी मानवता की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित करने के लिए तैयार हो जाएं तथा अध्ययन और मस्ती को बैलेंस में रखकर अपनी पढ़ाई कर दबाव व डिप्रेशन को अपने लक्ष्य में बाधा न बनने दें। मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने कहा यह वाइट कोट आपको आपकी पहचान, आत्मविश्वास और सम्मान के साथ मानवता के प्रति संवेदनशील बनाता है। निश्चित रूप से यह आपको अधिक चुनौतियां और जिम्मेदारियां देता है। चिकित्सा व्यवसाय नहीं है बल्कि कड़ी मेहनत, समर्पण, प्रतिबद्धता, करुणा और सहानुभूति के साथ मानवता की सच्ची सेवा करना है। विवि के रजिस्ट्रार पूरन सिंह ने कहा कि सफेद कोट सेवा, देखभाल और विश्वास का प्रतीक है, जिसे आपको मरीजों से सेवाभाव के जरिए अर्जित करना है। यह समारोह आप सभी छात्रों के चिकित्सक बनने की यात्रा की शुरुआत का प्रतिनिधित्व करने के लिए आयोजित किया गया है, उन्होंने कहा कि अनुशासन में रहकर आप साढ़े चार वर्ष मन लगाकर पढाई करें, जिससे आप अच्छे डाक्टर बनकर अपने परिजनों और केएम विवि का नाम रोशन कर सकें। इसी प्रकार से एसोसिएट प्रोफेसर डा. हरी नारायन यादव (डिपार्टमेंट एनाटॉमी), एसोसिएट प्रो. (फैकल्टी डीन) आदि ने एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा अर्नोल्ड पी. गोल्ड फाउंडेशन ने 1993 में सफेद कोट समारोह की शुरुआत की थी। सफेद कोट समारोह मेडिकल छात्रों के लिए एक संस्कार है, जो मेडिकल कालेज के उनके नैदानिक चरण की शुरुआत का प्रतीक है। आपको केएम परिवार ढेर सारे प्यार और शुभकामनाओं के साथ बधाई देता है, यह सफेद कोट आपकी कड़ी मेहनत का प्रतीक है यह डाक्टरी यात्रा की शुरूआत है। इससे पूर्व केएमयू के लैक्चर थियेटर में आयोजित वाइट कोट सेरिमनी कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो वाइस चांसलर डा शरद अग्रवाल, मेडीकल प्राचार्य डा पीएन भिसे ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। एमबीबीएस 2023 बैच की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की। विवि के प्रो वाइस चांसलर ने गुलाब का फूल देकर नवीन छात्र-छात्राओं के मेडीकल कोर्सेज की शुरूआत शुभकामना देते हुए उन्हें वाइट कोट वितरित किया तथा शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रो वाइस चांसलर की पत्नी डा रेशमा अग्रवाल, मेडीकल प्राचार्य की पत्नी श्रीमती संध्या भिसे, मेडीकल कोर्सेज से प्रोफेसर डा संतोष कुमार, डा नंदीश, डा प्रद्धुन रावत, डा जेपी उपाध्याय, डा आरपी, डा तेजेश्वर शर्मा, डा गिरिधर गोपाल, डा एमके तनेजा आदि सहित सैकड़ों की संख्या में एमबीबीएस 2023, 2024 के मेडीकल छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. विकास सक्सैना किया।

## राम कथा परिवार मे रहना सिखाती है: शास्त्री जी

**महरौनी (ललितपुर)।** आर्य समाज महरौनी के तत्वावधान महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती एवं आर्य समाज स्थापना के 150 वर्ष तथा स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती के 100 वे बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा सद्भावना मंच महरौनी में रात्रि 7:00 बजे से 10:00 बजे तक चल रही है, जिसमें शहर के सैकड़ो महिला पुरुष भाग ले रहे हैं । कथा के तीसरे दिन कथा वाचक आचार्य भवदेव शास्त्री अजमेर ने कहा कि राम कथा हमारे मन के संकट संशय को मिटाने वाली है ,हमें अपने घर में कैसे रहना चाहिए ,हमारा घर स्वर्ग कैसे बने ,पति-पत्नी का आपसी व्यवहार कैसा हो, यह हमें रामायण से सीखने को मिलता है । राम विवाह के प्रसंग पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि विवाह संस्कार हमारी एक धार्मिक कार्यक्रम है ,जिसको आज हम लोगों ने भुला दिया है। आज विवाह में दूसरे खर्चे हम ज्यादा करते हैं और विवाह संस्कार पर ध्यान नहीं देते, जब वर और वधू का विवाह होता है, उस समय पंडित जी जो मंत्र बोलते हैं वह हमारे जीवन के लिए बड़े उपयोगी हैं ,विवाह संस्कार का महत्व बताते हुए कहा कि इसमें हमें प्रतिज्ञा करवाई जाती है कि हम पति-पत्नी कभी भी छिपकर कोई कार्य नहीं करेंगे ,हम एक दूसरे का सम्मान करेंगे, हम एक दूसरे से पूछ करके काम करेंगे, हम एक दूसरे के माता-पिता का सम्मान करेंगे आदि प्रतिज्ञाएं विवाह संस्कार के समय करवाई जाती है । राम ने अपनी वीरता और अपने शौर्य से धनुष तोड़कर के सीता माता का वरण किया । तुम उठो सिया श्रृंगार करो अब धनुष राम ने तोड़ा है इस भजन पर सभी श्रोता भाव विभोर हो गए । कार्यक्रम के संयोजक लखनलाल आर्य ने बताया कि संगीतमय श्री राम कथा 7 नवंबर तक चलेगी ,7 नवंबर को सुबह 7:00 से 9:00 तक गायत्री महायज्ञ सद्भावना मंच पर होगा एवं रात्रि को कथा का समापन बड़े हर्षोल्लास के साथ में किया जाएगा।

## लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर हमला कतई बर्दाश्त नहीं: प्रेस क्लब

- प्रदेश की महामहिम राज्यपाल को प्रेस क्लब रजि. ने भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ कहे जाने वाले पत्रकारों पर उत्तर प्रदेश में ही उत्पीड़न, जानलेवा हमले के लगातार मामले प्रकाश में आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश के जिला फतेहपुर में पत्रकार की हत्या किये जाने व हमीरपुर में दो पत्रकारों पर जानलेवा हमला कर मरणासन्न अवस्था में किये गये अमानवीय कृत्य से पत्रकार जगत में काफी आक्रोश व्याप्त है। हमलावरों पर सख्त कार्यवाही किये जाने और पत्रकारों को सुरक्षा मुहैया कराये जाने की मांग करते हुये प्रेस क्लब (रजि.) ने प्रदेश की महामहिम राज्यपाल को एक ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए भेजा है। ज्ञापन में बताया गया है कि उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर में कुछ दिनों पूर्व एक समाचार एजेंसी के पत्रकार दिलीप सैनी की सुनियोजित ढंग से की गई निर्मम हत्या एवं जनपद हमीरपुर में दबंगों द्वारा दो पत्रकारों को बंधक बनाकर मरणासन्न किए जाने व उनके साथ अमानवीय व्यवहार किए जाने एवं पत्रकारों के विरुद्ध पेशबंदी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इन घटनाओं के बाद से पत्रकारों में काफी आक्रोश व्याप्त है। इसे प्रेस क्लब ने काफी अफसोसजनक व दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुये दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने और पेशबंदी में दर्ज मामलों को निरस्त किये जाने के साथ ही मृतक पत्रकार के परिजनों को मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में प्रेस क्लब ने उत्तर प्रदेश के पत्रकार संगठनों के साथ आंदोलन कर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, महामंत्री अमित सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह, संरक्षक सदस्य मंजीत सिंह सलूजा, संतोष नारायण शर्मा, पवन कुमार संज्ञा, पूर्व महामंत्री मो.नसीम, कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती, जसपाल सिंह बंटी, अजय बरया, दिनेश संज्ञा, शिब्बू राठौर, आलोक खरे, अभय श्रीमाली, बृजेश तिवारी, आलोक चतुर्वेदी, कपिल नायक भैंसाई, राममूर्ति तिवारी, शहनाज, बृजेश पंथ, अजय तोमर, विकास सोनी, कृष्णकांत सोनी, अमित संज्ञा, संजय नायक, निहाल सेन, विनोद राज, मनीष सोनी, सूरज सिंह, इमरान खान, विनोद मिश्रा, सुनील कुमार, इमरान खान, शुभम पस्तोर, अजय जैन अज्जू, भगवत सिंह, सुरेन्द्र जायसवाल, सिद्धार्थ, बलराम पचौरी, दिव्यांश शर्मा, मनीष जैन, महेश वर्मा, प्रदीप रिछारिया, स्वतंत्र रिछारिया, सोनम यादव, मनोज जैन, आशीष तिवारी, संजय नायक, अखिलेश जैन, संजय ताम्रकार, पंकज रायकवार, अमित राठौर, सुरेन्द्र सपेरा, अशफाक कुरैशी, कमलेश साहू, के अलावा अनेकों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## खाद के एक एक कट्टे को आधी रात से लाइन में खड़े हो जाते हैं किसान

**मथुरा।** छाता कस्बे के शेरगढ रोड़ स्थित पीसीएफ गोदाम में डीएपी खाद की किल्लत को लेकर गुरूवार को सैकड़ों किसानो की भीड़ देखी गई। डीएपी खाद की किल्लत होने के कारण छाता क्षेत्र के दर्जनों किसान बुधवार बृहस्पतिवार की रात करीब एक बजे से ही लाइन लगाकर बैठ गये।लाइनों में बुर्जुग महिला, एवं दिव्यांग किसान भी दिखाई दिये। किसानों का कहना है कि मौजूद कर्मचारी एवं अधिकारियों ने दीवाली बाद खाद वितरण करने का आश्वासन दिया था। दिवाली को भी कई दिन बीत चुके है। गोदाम पर तैनात प्रभारी इंचार्ज सुशील ने बताया कि बुधवार को एक रैक आई थी, जिसमें 450 डीएपी खाद के कट्टे गोदाम में रखे गए हैं, जो शुक्रवार को बांटे जाएंगे लेकिन यहां पर सभी किसानों के नम्बर लगने के बावजूद इतनी भीड है कि जब तक यह कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं आ जाता तब तक डीएपी बांटना संभव नहीं हैं।

## ट्रेनी आईएएस के एक्शन से बिलबिलाए ग्राम प्रधान, ब्लॉक कर्मचारी

- कार्यों में पारदर्शिता की कमी और लापरवाही उजागर होने का सता रह भय
- एक जुट ग्राम प्रधान भीड भाड लेकर जिलाधिकारी से शिकायत करने पहुंचे

> वहां के स्थानीय लोग मिलने आये थे उनको कुछ स्थानीय स्तर पर समस्याएं थी जिसे लेकर उनकी बात सुनी गई। कुछ कर्मचारी भी आए थे। कुछ गलत फहमियां थीं, इनके पक्ष को सुना गया है। हमारे संबंधित अधिकारी हैं उनसे भी समन्वय कर के चीजों को दूर करेंगे। कुछ चीजें तेजी से सुधार करने की स्थानीय प्रशासन द्वारा कोशिश की जा रही है। कई बार तेजी से सुधार की कोशिश की जाती है तो कुछ लोगों को असुविधा होती है। दोनों के बीच सामंजस्य बनाया जाएगा और विकास कार्य शासन की मंशा के अनुरूप तेजी और इमानदारी से संपन्न कराए जाएंगे।
>
> **शैलेंद्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी मथुरा**

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** इन दिनों चौमुहां ब्लॉक में खलबली है। ग्राम प्रधान से लेकर सचिव और ब्लॉक कर्मचारी तक परेशान हैं। परेशानी इतनी बढ गई कि गुरुवार को बडी संख्या में ग्राम प्रधान और कर्मचारी जुट कर जिलाधिकारी तक जा पहुंचे। इन लोगों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा और अपना पक्ष रखा। ग्राम प्रधानों का आरोप था कि उनको सुना नहीं जा रहा है वहीं कर्मचारियों का कहना है कि उनके अधिक काम लिया जा रहा है। जबकि विभागीय सूत्र इस बेचौनी और भाग दौड की वजह कुछ और ही बता रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि इस समय खंड विकास अधिकारी एक ट्रेनी आईएएस हैं, वह लगातार काम की समीक्षा कर रहे हैं और पुराने कार्यों व भुगतानों को लेकर भी संजीदा हैं। ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों की ओर से मिल रहीं शिकातयों पर भी स्वं स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं। इससे ग्राम प्रधान, सचिव, ग्राम विकास अधिकारी तथा ब्लॉक कर्मचारियों में खलबली मची हुई है। यह भी बताया जा रहा है कि कई ग्राम पंचायतों में भारी अनियमितता सामने आई हैं। इन ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान और सरकारी कर्मचारी बेचौन हैं। उन्हें अपने कारनामे खुलने और कार्यवाही की जद में आने का डर सताने लगा है। दूसरी ओर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्राम प्रधान और उनके समर्थकों का कहना था चौमुहां ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी का व्यवहार बहुत खराब है। इस व्यवहार के चलते ग्राम प्रधान तथा ग्रामीण बहुत परेशान हैं। उनका व्यवहार सही नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में ग्रामीणों के द्वारा आंदोलन तक किया जा सकता है।

# रॉबिन उथप्पा ने रचिन रविंद्र को लेकर किया बड़ा खुलासा, भारत की हार के पीछे सीएसके

भारत के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा रचिन रविंद्र को सीएसके एकैडमी में प्रैक्टिस करने की अनुमति देने के लिए आलोचना की है। भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले रचिन ने आईपीएल फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स अकादमी में अभ्यास किया था। रविंद्र ग्रेटर नोएडा में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच से पहले सीएसके अकादमी गए थे और भारतीय परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के लिए वहां ट्रेनिंग की थी। रचिन रविंद्र के लिए सीएसके अकादमी में प्रैक्टिस करने का फैसला काफी सही साबित हुआ। उन्होंने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बेंगलुरु में खेले गए मैच में 134 रन की दमदार पारी खेली और फिर दूसरी पारी में नाबाद 39 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ 36 साल में पहली बार टेस्ट मैच जीता और मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए रचिन रविंद्र को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



अवॉर्ड लेने के दौरान रविंद्र ने बताया कि कैसे चेन्नई में की गई तैयारी से उन्हें अपनी बल्लेबाजी में मदद मिली। हाल ही में उथप्पा ने सीएसके द्वारा अपनी एकेडमी में अभ्यास की अनुमति देने के कदम की आलोचना करते हुए कहा था कि एक लाइन खींचनी होगी क्योंकि देश हमेशा फ्रेंचाइजी से पहले आता है। उथप्पा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि, रचिन रविंद्र यहां आए और सीएसके अकादमी में प्रैक्टिस किया। सीएसके एक खूबसूरत फ्रेंचाइजी है, जो हमेशा अपने फ्रेंचाइजी खिलाड़ियों का ख्याल रखती है लेकिन एक रेखा खींचनी होगी जहां देश का हित आपके फ्रेंचाइजी खिलाड़ियों से आगे आता है। खासकर जब वह विदेशी खिलाड़ी हो और आपके देश के खिलाफ खेलने आया हो।

रविंद्र ने तीन टेस्ट मैच की सीरीज में न्यूजीलैंड की तरफ से सर्वाधिक 256 रन बनाए और उनका औसत 51.20 रहा बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के माता-पिता दीपा और रवि कृष्णमूर्ति बेंगलुरु के रहते वाले हैं। उनके दादा-दादी अब भी इस भारतीय शहर में रहते हैं।

# बीसीसीआई से की डिमांड, कहा- लिखित में चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेगा या नहीं...

पाकिस्तान में अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होने वाला है। आईसीसी आमतौर पर तीन महीने शेड्यूल का ऐलान कर देता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 10 से 12 नवंबर के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का शेड्यूल का भी ऐलान हो जाएगा। ऐलान से पहले पाकिस्तानी मीडिया ने बड़ा दावा किया है। वहां छपी रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड भारतीय क्रिकेट बोर्ड से लिखित में जवाब मांगा है कि टीम इंडिया पाकिस्तान जाएगी या नहीं।

क्रिकेट पाकिस्तान के मुताबिक पीसीबी चाहता है कि भारत लिखित में हां या न में जवाब दे। पीसीबी के सीओओ सलमान नसीर दुबई में हैं और आईसीसी अधिकारियों से बात कर रहे हैं। नसीर से पहले पीसीबी



चैयरमैन ने शेड्यूल तय होने से पहले आईसीसी अधिकारियों से बात की थी।

पाकिस्तान को लंबे समय बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली है। हालांकि, भारत का इ टूर्नामेंट में हिस्सा लेना अभी तय नहीं है। भारतीय सरकार ने इससे पहले कभी टीम को पाकिस्तान भेजने के लिए कोई आधिकारिक पत्र नहीं दिया है और रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बार भी ऐसा नहीं करेंगे।

पीसीबी का कहना है कि बीसीसीआई भारतीय सरकार की अनुमति लेकर लिखित में जवाब दे। अगर ऐसा नहीं होता है तो आईसीसी जो शेड्यूल जारी करेगा उसमें भारत के मैच पाकिस्तान में ही होंगे। अगर भारत हिस्सा लेने से इनकार करता है तो आईसीसी ने बैकअप प्लान तैयार किया हुआ है। वह बजट को रिवाइज करेगा लेकिन इस बारे में और जानकारी नहीं दी गई है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कुछ समय चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा कि, फिलहाल किसी तरह का स्टैंड नहीं लिया गया है। लेकिन जब आएगा तो तय कर लिया जाएगा। भारतीय टीम 2008 के बाद से पाकिस्तान नहीं गई है। भारतीय टीम एशिया कप के लिए भी पाकिस्तान नहीं गई थी। उसने अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे, पिछली बार एशिया कप का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत हुआ था।

# अल्जारी जोसेफ की बीच मैच में कप्तान से भिड़े, गुस्से में छोड़ा मैदान



वेस्टइंडीज और इंग्लैंड तीसरे वनडे के दौरान कुछ ऐसा हुआ जिसकी शायद ही किसी को उम्मीद नहीं थी। दरअसल, वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ की कप्तान शे होप से बीच मैदान में तू तू मैं मैं हो गई। जोसेफ कप्तान से इतना गुस्सा हो गए थे कि वह बीच मैच में मैदान छोड़कर बाहर चले गए। ये नजारा देख कर हर कोई हैरान था।

बताया जा रहा है कि अल्जारी जोसेफ कप्तान शे होफ द्वारा सेट की गई फील्डिंग से नाखुश थे, जब उन्होंने कप्तान से इसे बदलने की बात कही तो उन्होंने इनकार कर दिया जिससे वह गुस्सा हो गए।

ये घटना इंग्लैंड के पारी के चौथे ओवर की है। जोसेफ फील्डिंग पोजिशन से नाखुश थे, वह स्लिप के फील्डर को कुछ इशारा करते हुए नजर आए। कुछ देर तक ये ड्रामा चला, लेकिन शायद अल्जारी जोसेफ की बात नहीं सुनी गई। इसके बाद उन्होंने गुस्से में गेंदबाजी करना शुरू की। ओवर की चौथी गेंद उन्होंने बाउंसर डाली जिस पर इंग्लिश बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स आउट हो गए।

जोसेफ का गुस्सा विकेट मिलने पर भी शांत नहीं हुआ। ना तो उन्होंने विकेट मिलने का जश्न मनाया और ना ही टीम के साथ इसकी खुशी मनाई। उस दौरान मैदान पर आए वेस्टइंडीज के एक्स्ट्रा खिलाड़ी ने जोसेफ को शांत कर उनका मुंह साफ करना चाहा, लेकिन गुस्से में गेंदबाज ने खिलाड़ी का हाथ हटा दिया।

ओवर खत्म होने के बाद जोसेफ मैदान छोड़कर बाहर चले गए। ये नजारा देख डैरेन सैमी भी हैरान थे। एक ओवर तक वेस्टइंडीज के 10 ही खिलाड़ी मैदान पर फील्डिंग करते रहे। जैसे ही टीम सब्स्टिट्यूट खिलाड़ी को फील्डिंग पर भेजने वाली थी वैसे ही जोसेफ वापस आ गए। जोसेफ को इसके तुरंत बाद गेंदबाजी नहीं दी गई। हालांकि, मैच खत्म होते-होते उन्होंने अपने कोटे के 10 ओवर पूरे किए।

# रिद्धीमान साहा के संन्यास वापस लेने के पीछे सौरव गांगुली का हाथ, 4 दिन पहले ही किया था ऐलान



भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धीमान साहा ने 3 नवंबर को संन्यास का ऐलान किया था। अब साहा ने सोशल मीडिया के जरिए कहा था कि वह उनका आखिरी रणजी सीजन होगा, जिसमें वह बंगाल के लिए खेल रहे हैं। अब साहा ने बताया कि कैसे उन्होंने टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के कहने पर अपने संन्यास का फैसला बदल लिया था। बता दें कि, साहा ने बीते दो साल त्रिपुरा के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेला और पिछले सीजन में त्रिपुरा के लिए खेलने के बाद वह संन्यास लेने के लिए पूरी तरह तैयार थे। ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से साहा ने कहा कि, मैं इस साल नहीं खेलता, लेकिन सौरव गांगुली और मेरी पत्नी ने मुझे त्रिपुरा के साथ दो सीजन के बाद बंगाल के खेलने और उनके साथ खत्म करने के लिए प्रेरित किया। शाह खेलने के लिए तैयार हो गए, लेकिन उन्होंने इस बात को साफ कर दिया कि वह घरेलू क्रिकेट में सिर्फ रेड बॉल फॉर्मेट में हिस्सा लेंगे। शाह ने अपनी शारीरिक सीमाओं और युवा खिलाड़ियों को मौके देने के इरादे से ये फैसला किया था। शाह ने गुजरात टाइटंस को भी इस बात की जानकारी दे दी थी कि वह रणजी ट्रॉफी में फोकस करने के लिए आईपीएल नहीं खेलेंगे।

# बॉर्डर- गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऋषभ पंत के लिए कंगारू बना रहे हैं बड़ा प्लान

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैच की बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज का आगाज 22 नवंबर से होने जा रहा है। न्यूजीलैंड से 0-3 से सीरीज हारने के बाद टीम इंडिया का आत्मविश्वास पूरी तरह से डगमगाया हुआ है। बीजीटी से पहले रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों की फॉर्म ने टीम इंडिया की चिंता बढ़ाई हुई है।

वहीं दूसरी ओर वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया भारत की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है। पैट कमिंस ने खुलासा किया है कि वह ऋषभ पंत जैसे विस्फोटक बल्लेबाज के लिए खास प्लान तैयार कर रही है। वहीं इसके अलावा उन्होंने रोहित शर्मा और विराट कोहली की फॉर्म पर भी बड़ी बात कही है।



एक इंटरव्यू में पैट कमिंस ने पंत को लेकर कहा कि, हां वह हमेशा खेल को बहुत तेजी से आगे बढ़ाता है इसलिए कुछ खिलाड़ियों के लिए, आपके पास कुछ ठोस योजनाएं भी होनी चाहिए। उसने अच्छा खेला है, उसने पिछली बार ऑस्ट्रेलिया में एक अच्छी सीरीज खेली थी। तो हां, हम जानते हैं कि जब वह आगे बढ़ता है तो वह खतरनाक हो सकता है इसलिए कोशिश करेंगे और कुछ अच्छी योजनाएं बनाएंगे और उम्मीद करेंगे कि वे सफल हों।

फिलहाल, विराट कोहली और रोहित शर्मा की फॉर्म भारत के लिए बड़ी चिंता है। पिछली 10 पारियों में दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर 350 रन तक नहीं बनाए हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उनका प्रदर्शन कैसा रहता है ये देखने वाली बात होगी।

# मनीषा ने कहा शाहरुख के किरदार को दिल से में मरना नहीं था, फिर ऐसा यों हुआ

मणि रत्नम के निर्देशन में बनीं फिल्म दिल से (1998) में मनीषा कोइराला और शाहरुख खान की जोड़ी को दर्शकों ने बहुत सराहा। फिल्म में उनके अभिनय से भी दर्शक काफी प्रभावित हुए। एक बात का बुरा शाहरुख खान के फैंस को लगा कि फिल्म के आखिर में उनका किरदार मर जाता है। हाल ही में मनीषा ने बताया कि पहले फिल्म का यह अंत नहीं था, फिल्म दिल से में शाहरुख के किरदार को मरना नहीं था। फिर ऐसा क्या हुआ कि फिल्म के आखिर में शाहरुख के किरदार को मार दिया गया, इसकी असल वजह मनीषा ने एक इंटरव्यू में बताई। मनीषा बताती हैं, जब फिल्म दिल से की कहानी लिखी गई, तो शाहरुख के किरदार को इसमें मरना नहीं था। लेकिन आखिर में अंत को बदल दिया गया, शाहरुख का किरदार मेरे किरदार के साथ खुद को बम से उड़ा देता है। पहले जो अंत लिखा गया



था, उसके हिसाब से शाहरुख का किरदार मेरे किरदार को रोकता है, लेकिन मेरा किरदार अपने लक्ष्य से हटता नहीं है। ऐसे में शाहरुख के किरदार के पास कोई विकल्प नहीं बचता और वह मेरे किरदार को बम से खुद को उड़ाने से रोकने की कोशिश नहीं करता। लेकिन आखिर में फिल्म से जुड़े लोगों को लगा कि ऐसा अंत दिखाकर शाहरुख और मेरे किरदार के बीच के प्यार को अच्छे से नहीं दिखा पाएंगे। बाद में शाहरुख का किरदार लोगों को धमाकों से बचाने के लिए मेरे किरदार के साथ मिलकर खाली जगह पर खुद को बम से उड़ा देता है। ऐसा अंत दिखाकर फिल्ममेकर्स यह साबित कर पाए कि शाहरुख के किरदार का प्यार मेरे किरदार के लिए बहुत अधिक रहा, साथ ही वह लोगों की जान बचाने में भी कामयाब रहा।

इसी इंटरव्यू में माधुरी की तारीफों के पुल भी मनीषा कोइराला ने बांधे। अपने युवा दिनों में मनीषा की तुलना माधुरी से की जाती थी। इस बात से आज वह काफी खुश हैं। वह माधुरी को एक उम्दा अभिनेत्री और इंसान मानती हैं। दोनों ने फिल्म लज्जा में साथ काम किया। इस दौरान मनीषा ने जाना कि माधुरी कितनी मेहनती कलाकार हैं, इस वजह से वह उनकी कायल हो गई।

मनीषा कोइराला ने दिल से से पहले फिल्म बॉम्बे (1995) में भी मणि रत्नम के साथ काम किया। उस फिल्म में भी उनकी खूबसूरती और अभिनय को उभारने में मणि रत्नम कामयाब रहे। यही कारण है कि बतौर अभिनेत्री आज भी मनीषा निर्देशक मणि रत्नम का बहुत सम्मान करती है। हाल ही में उन्होंने बताया कि जब यह फिल्म उन्हें ऑफर हुई थी, तो कई लोगों ने उनके मन में शक डाल दिया कि अगर यह फिल्म की तो आगे हीरोइन के रोल नहीं मिलेंगे। लेकिन उन्होंने किसी की नहीं सुनी और मणि रत्नम के साथ काम किया।

# सलमान खान के बाद शाहरुख खान को मिली जान से मारने की धमकी, जानें सुपरस्टार के पीछे क्यों पड़े धमकीबाज?

मुंबई पुलिस सूत्रों के अनुसार, रायपुर के एक व्यक्ति ने शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी दी है। मामले की जांच जारी है। मुंबई पुलिस के वरिष्ठ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, शाहरुख खान को रायपुर के एक व्यक्ति ने धमकी भरा फोन किया है। मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करने के बाद पुलिस की टीम छत्तीसगढ़ के रायपुर पहुंची। जिस नंबर से बॉलीवुड सुपरस्टार को धमकी भरा फोन आया था, उसे ट्रेस करने पर पता चला कि वह नंबर रायपुर के फैजान के नाम से रजिस्टर्ड है। फोन थाने में ही आया था।

हालांकि, फोन करने वाले व्यक्ति ने किसी रकम का जिक्र नहीं किया। अभी तक शाहरुख की टीम की ओर से थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। गौरतलब है कि सलमान खान के बाद अब शाहरुख को भी जान से मारने की धमकी मिली है। पिछले साल अक्टूबर में भी उन्हें धमकी मिली थी।

शाहरुख हमेशा से अंडरवर्ल्ड की हिट लिस्ट में रहे हैं। अपने करियर के शुरुआती दिनों में भी उन्हें कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। पिछले साल अक्टूबर में भी उन्हें पठान और जवान



फिल्मों की सफलता के बाद जान से मारने की धमकी मिली थी। इस बारे में अभिनेता ने महाराष्ट्र पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद उन्हें सुरक्षा दी गई थी।

बॉलीवुड स्टार सलमान खान को 30 अक्टूबर को फिर से जान से मारने की धमकी मिली थी, जिसमें फिरौती मांगी गई थी। उस समय अज्ञात कॉलर ने अभिनेता से 2 करोड़ रुपये की मांग की थी। खबर सामने आने के तुरंत बाद, मुंबई पुलिस तुरंत हरकत में आई और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुंबई पुलिस ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर पर फिरौती मांगने वाले कई व्हाट्सएप संदेश भेजने का मामला दर्ज किया। संदेश के अनुसार, अज्ञात कॉलर ने कहा कि अगर 2 करोड़ रुपये नहीं दिए गए, तो सलमान खान को मार दिया जाएगा। इसके अलावा, यह पहली बार नहीं है जब सेलेब्स को जान से मारने की धमकी मिली हो। इससे पहले अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, करण जौहर, संजय दत्त और कंगना रनौत जैसे अभिनेताओं को भी जान से मारने की धमकी मिल चुकी है।

# टीआरपी के मामले में आगे बढ़ा झनक, उड़ने की आशा आया एक पायदान नीचे

टीवी की दुनिया में सीरियल में अच्छी टीआरपी का इंतजार सभी करते हैं। कुछ सीरियल दर्शक पसंद करते हैं, कुछ को नापसंद करते हैं। ऐसे में सारा असर पड़ता है टीआरपी पर। इस हफ्ते रिसर्च काउंसिल की ओर से इस हफ्ते के टीआरपी रेटिंग सामने आ गई हैं। आइए आपको बताते हैं इस हफ्ते के टॉप 20 अच्छे टीआरपी सीरियल्स के बारे में।

टीवी की दुनिया में सबसे ज्यादा टीआरपी पाने वाला सीरियल अनुपमा ही है। दूसरे नंबर पर ये रिश्ता क्या कहलाता है को अच्छे टीआरपी रेटिंग्स मिले हैं। तीसरे नंबर पर है, झनक। चौथे नंबर पर है उड़ने की आशा। पांचवें नंबर पर है एडवोकेट अंजली अवस्थी। छठवें नंबर पर है गुम है किसी के प्यार में। सातवें नंबर पर आएगा मंगल लक्ष्मी। आठवें नंबर पर है शिव शक्ति। मेरा बालम थानेदार नौवें नंबर पर है। वहीं, दसवें नंबर पर है सीरियल दुर्गा।



हर बार की तरह इस बार भी अनुपमा सीरियल पहले स्थान पर है। रूपाली गांगुली, गौरव खन्ना अभिनीत ये शो इस बार भी पहले स्थान पर है। शो को खूब प्यार मिल रहा है और हाल ही में इसने 15 साल आगे की एक बड़ी छलांग लगाई है। इस हफ्ते ये रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल को टीआरपी में दूसरा स्थान मिला है। शो में अभिरा और अरमान की केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आ रही है।

झनक ने पिछले साल से ऊपर उछाल मारी है। शो इस हफ्ते टीआरपी के मामले में तीसरे स्थान पर आ गया है। झनक की कहानी दर्शकों को पसंद आ रही है।

कंवर ढिल्लों और नेहा हरसोरा अभिनीत उड़ने की आशा इस हफ्ते लुढ़क कर चौथे स्थान पर आ गया है। शो में दोनों की कहानी प्रशंसकों को पसंद आ रही है।

एडवोकेट अंजलि अवस्थी एक पायदान फिसलकर पांचवे स्थान पर आ गया है। सीरियल टॉप 5 में अपनी जगह बनाए हुए है। यह शो प्रशंसकों को पसंद आ रही है।

# 31 साल पहले सलमान की फिल्म से हो जाता सोमी अली का डेयू फिर उसी कहानी पर बनी ऋतिक की फिल्म

नब्बे के दशक में सलमान खान के साथ रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में रहीं सोमी अली इन दिनों फिर खबरों में हैं। सोमी आए दिन सोशल मीडिया पर कई तरह के दावे कर रही हैं। कभी वो कहती हैं कि सलमान ने रिलेशनशिप में रहते हुए उन्हें खूब टॉर्चर किया था तो कभी कहती हैं कि वो सलमान के वन नाइट स्टैंड से बेहद परेशान थीं। भले ही आज इन दोनों का रिश्ता बेहतर ना हो पर एक वक्त था जब सोमी, सलमान के साथ फिल्म 'बुलंद' से डेब्यू करने वाली थीं। चलिए हम आपको बताते हैं पांच साल के करियर में महज आठ फिल्मों में काम करने वाली एक्ट्रेस सोमी अली के बारे में। पाकिस्तान में जन्मीं और अमेरिका में पली-बढ़ीं सोमी अली ने 1991 में सलमान खान के साथ डेब्यू फिल्म साइन की। ढ्ढस्ढ्ढक्क की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म का नाम था बुलंद। इसकी कहानी एक ऐसे अंधे लड़के की थी, जो अपनी प्रेमिका के दुष्कर्म और हत्या का बदला लेता है। फिल्म में मोहनीश बहल और डैनी नेगेटिव रोल में थे। इसे शाहजहां निर्देशित कर रहे थे। दो साल में इस फिल्म की शूटिंग 80त्न पूरी हो गई थी और यह 1993 में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, शूटिंग के दौरान प्रोड्यूसर रफी काजी




का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनके निधन के बाद इस फिल्म पर किसी ने पैसे नहीं लगाए और यह डिब्बा बंद हो गई। 24 साल बाद साल 2017 में इसी तरह की कहानी पर ऋतिक रोशन और यामी गौतम स्टारर काबिल बनी। फिल्म बुलंद के डिब्बा बंद होने के बाद सोमी ने 1993 में रिलीज हुई फिल्म कृष्णन अवतार से मिथुन चक्रवर्ती के अपोजिट डेब्यू किया। आगे सोमी ने अपने पांच साल के फिल्मी करियर में आठ फिल्मों में काम किया। इनमें से गोविंदा और संजय दत्त स्टारर 'आंदोलन' और धर्मेंद्र स्टारर 'माफिया' हिट रही। भले ही सोमी की सभी फिल्में हिट नहीं रहीं पर उन्होंने हमेशा बॉलीवुड के बड़े अभिनेताओं के साथ ही काम किया। सोमी ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि जब वो 16 साल की थीं, तब सलमान उनका टीनएज क्रश हुआ करते थे। वो उन्हें देखकर ही बॉलीवुड में काम करने आई थीं। कई मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सोमी, सलमान खान के साथ रिलेशनशिप में रहीं। दोनों ने एक दूसरे को आठ साल तक (1991 से लेकर 1999) तक डेट किया था। दिसंबर 1999 में सोमी अपनी आगे की पढ़ाई पूरी करने के लिए अमेरिका लौट गईं।

कई सालों बाद नवंबर 2024 में अभिनेत्री ने दावा किया था कि दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत और जिया खान के निधन का उनके बॉयफ्रेंड के साथ कनेक्शन है। माना गया कि सोमी अली का इशारा सलमान की तरफ है।

इस साल अप्रैल में सलमान खान के घर के बाहर हुई गोलीबारी के बाद से वे लगातार सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं। जब से लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है, सोमी लगातार लॉरेंस और सलमान पर कुछ न कुछ बयान देती आ रही हैं। कुछ दिनों पहले सोमी ने लॉरेंस बिश्नोई को एक ओपन लेटर भी लिखा था। अभिनेत्री ने लॉरेंस को भैया बुलाते हुए उनसे सलमान की तरफ से माफी मांगी थी। सोमी ने कहा था, मैं मौत की सजा और हत्या के खिलाफ हूं, चाहे वह सलमान खान हों या सड़क पर कोई अजनबी। मुझे सलमान की परवाह नहीं है। मैं उसे बर्दाश्त नहीं कर सकती, लेकिन मैं नहीं चाहती कि उनकी जान को खतरा रहे।'इन दिनों सोमी अमेरिका में रहती हैं और वहां नो मोर टीयर्स नाम से एक हफता चलाती हैं। उन्होंने हाल ही में सलमान को लेकर कई बयान दिए हैं। हालांकि, सलमान की तरफ इस पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## अमेजन और फ्लिपकार्ट से जुड़े विक्रेताओं के 16 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कथित मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों को लेकर अमेज़न और फ्लिपकार्ट सहित ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जुड़े देश भर के कई विक्रेताओं के यहां छापे मारे। केंद्रीय एजेंसी ने इन विक्रेताओं से संबंधित कम से कम 15 से 16 ठिकानों पर छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) जांच के तहत अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी ई-कॉमर्स दिग्गज कंपनियों पर कारोबार करने वाले कुछ विक्रेताओं के खिलाफ छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई कुछ ÷पसंदीदा÷ विक्रेताओं के वित्तीय लेन-देन से संबंधित है, जो अमेज़न और फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से व्यापार करते हैं। फेमा के तहत की जा रही इस जांच के संबंध में दिल्ली, गुरुग्राम (हरियाणा), हैदराबाद (तेलंगाना) और बेंगलुरु (कर्नाटक) में कई स्थानों पर तलाशी ली गई। दरअसल, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की एंटीट्रस्ट जांच में पाया गया है कि अमेजन और फ्लिपकार्ट ने चुनिंदा विक्रेताओं को तरजीह देकर, कुछ लिस्टिंग को प्राथमिकता देकर और उत्पादों पर भारी छूट देकर स्थानीय प्रतिस्पर्धा कानूनों का उल्लंघन किया, जिससे अन्य कंपनियों को नुकसान हुआ। ईडी अमेज़न और फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के संभावित दुरुपयोग की जांच कर रहा है, जो अवैध वित्तीय प्रथाओं में शामिल हो सकते हैं। अवैध वित्तीय गतिविधियों में भी लिप्त होने की सबसे अधिक संभावना है।

# भारत-भूटान सीमा पर दरांगा इमिग्रेशन चेक पोस्ट का उद्घाटन

**भूमिका**

असम और भूटान की भौगोलिक निकटता को देखते हुए राज्य एक बड़ी भूमिका के लिए तैयार है।



**तामुलपुर।** भारत और भूटान के बीच आपसी संबंधों को बढ़ावा देते हुए असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने गुरुवार को तामुलपुर जिले के दरंगा में आयोजित एक समारोह में भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग तोबगे की मौजूदगी में दरांगा इमिग्रेशन चेक पोस्ट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल आचार्य ने कहा कि यह भारत और भूटान के बीच आपसी मित्रता और सहयोग के लिए एक उपयुक्त समय है, जिसमें असम सभी गतिविधियों का केंद्र है। असम और भूटान की भौगोलिक निकटता को देखते हुए राज्य एक बड़ी भूमिका के लिए तैयार है। और इसे भारत-भूटान द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए एक स्प्रिंग बोर्ड के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने सीमावर्ती बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, व्यापार और वाणिज्य की सुचारू आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के प्रयासों और पहलों के लिए केन्द्र सरकार को भी धन्यवाद दिया। राज्यपाल ने कहा कि यह चेक पोस्ट भारत और भूटान के बीच यात्रा को आसान बनाएगा। यह व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देगा। हमारा रिश्ता अनोखा, साझा सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक संबंधों पर आधारित है। राज्यपाल ने प्रस्तावित रेल संपर्क सहित सीमा पार संपर्क पहलों के महत्व पर बल दिया तथा द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए दोनों देशों की सरकारों, अधिकारियों और नागरिकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस चेक पोस्ट का उद्घाटन हमारे दीर्घकालिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो क्षेत्रीय विकास और सहयोग के लिए नए अवसर खोलता है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार, केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्घेरिटा, असम सरकार के एक्ट ईस्ट नीति मामलों के मंत्री चंद्र मोहन पटवारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने विचार भी रखे। कार्यक्रम में सांसद दिलीप सैकिया, भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण के अध्यक्ष आदित्य मिश्रा, सीमा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. राजेंद्र कुमार, असम सरकार के अतिरिक्त सचिव डॉ. जेबी एक्का, भूटान में भारत के राजदूत सुधाकर दलेला लांग सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, पराली जलाने वालों पर अब लगेगा दोगुना जुर्माना



**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण से देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर के लोग बुरी तरह परेशान हैं। इस बीच सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत केंद्र सरकार ने पराली जलाने वाले किसानों पर जुर्माने की राशि बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। दिल्ली और एनसीआर में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग संशोधन नियम-2024 प्रभावी होगा। केंद्र सरकार ने इसे लेकर एक नोटिफिकेशन जारी किया है। बुधवार को प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार पांच एकड़ से अधिक कृषि भूमि वाले किसानों को अब 30,000 रुपये का जुर्माना देना होगा। दो एकड़ से कम भूमि वाले किसानों को अब 2,500 रुपये की जगह 5,000 रुपये का पर्यावरण मुआवजा देना होगा और दो से पांच एकड़ रकबा के बीच वाले किसानों पर 5,000 रुपये की जगह 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। पराली जलाने पर प्रतिबंध पूर्ण रूप से लागू रहेगा। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के विश्लेषण के अनुसार शहर में 1 से 15 नवंबर तक प्रदूषण का चरम रहता है, जब पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। पराली जलाने के पीछे मुख्य कारणों में धान-गेहूं की फसल प्रणाली, लंबी अवधि की धान की किस्मों की खेती, मशीनों से कटाई, जिसके कारण खेत में खड़ी पराली, मज़दूरों की कमी और पराली के लिए व्यवहारिक बाज़ार की कमी शामिल है। इस बारे में अब तक किए गये विभिन्न अध्ययनों का अनुमान है कि पराली जलाने की चरम अवधि के दौरान दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक पीएम के स्तर में 30 प्रतिशत तक का योगदान पराली जलाने से होता है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने में विफल रहने के लिए पंजाब और हरियाणा की सरकारों को फटकार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता आयोग को पराली जलाने की घटनाएं नहीं रोक पाने पर पंजाब और हरियाणा सरकार के अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 पर फिर हंगामा, बाहर निकाले गए भाजपा विधायक

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में गुरुवार को भी भाजपा और सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों के बीच अनुच्छेद 370 की बहाली के प्रस्ताव को लेकर विवाद जारी रहा। दोनों पक्षों में नारेबाजी के बीच हाथापाई भी हुई, जिसके बाद मार्शल ने कुछ भाजपा विधायकों को सदन से बाहर निकाला। लगातार हंगामा जारी रहने पर पहले स्पीकर को सदन की कार्यवाही 20 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। इसके बाद भी विवाद शांत न होने पर सदन को कल तक के लिए स्थगित करना पड़ा। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 हटाने के ख़िलाफ बुधवार को एक प्रस्ताव पारित हुआ था। इस पर कल भी सदन में हंगामा हुआ था और हाथापाई की नौबत आ गई थी। इसके बाद सदन की कार्यवाही आज तक के लिए स्थगित की गई थी। आज विधानसभा में जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष के नेता सुनील शर्मा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने सदन में पारित प्रस्ताव को वापस लेने की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद स्पीकर को सदन की कार्यवाही 20 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। विधानसभा में हंदवाड़ा विधायक सज्जाद लोन, लंगेट विधायक शेख खुर्शीद, पीडीपी विधायकों और भाजपा विधायकों के बीच हाथापाई हुई।

## उद्धव ठाकरे ने जारी किया शिवसेना (यूबीटी) का घोषणापत्र

**मुंबई।** शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को मुंबई में विधान सभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया है।उन्होंने कहा कि सूबे में महाविकास आघाड़ी की सरकार आने पर धारावी में एक नया अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र स्थापित किया जाएगा। साथ ही ठाकरे ने घोषणा पत्र में सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का भी वादा किया है। शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने वरिष्ठ नेता सुभाष देसाई और पूर्व मंत्री अनिल परब मौजूदगी में कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन की ओर से एक संयुक्त घोषणापत्र सप्ताहांत तक जारी किया जाएगा। ठाकरे ने अपनी पार्टी का घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा, ÷हम अडानी को दिए गए धारावी पुनर्विकास परियोजना को रद्द कर देंगे।

# राहुल की बिजनेस विरोधी छवि बदलने की कोशिश में जुटी कांग्रेस

**विरोधी**

राहुल का कहना है कि वे दो या पांच उद्योगपतियों की बाजार में पैठ के विरोधी हैं।



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी और स्वयं राहुल गांधी उनकी बिजनेस विरोधी छवि को बदलने का प्रयास कर रहे हैं। पार्टी नेताओं का मानना है कि लगातार अडानी और अंबानी जैसे बड़े उद्योगपतियों पर निशाना साधने के चलते उनकी छवि बिजनेस विरोधी बन रही है। इसी क्रम में कल राहुल के लेख के बाद आज पार्टी नेता राहुल की सोच को स्पष्ट कर रहे हैं। स्वयं राहुल गांधी ने कहा है कि वे बिजनेस विरोधी नहीं है बल्कि बिजनेस की दुनिया में एकाधिकार के विरोधी हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज एक एक्स पोस्ट में कहा, ÷मैं नौकरियों का समर्थक हूं, व्यवसाय का समर्थक हूं, नवप्रवर्तन का समर्थक हूं, प्रतिस्पर्धा का समर्थक हूं। मैं एकाधिकार विरोधी हूं। राहुल का कहना है कि वे दो या पांच उद्योगपतियों की बाजार में पैठ के विरोधी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार इसमें उनका साथ दे रही है। अधिकांश भारतीय व्यवसायों में समान अवसर का अभाव है। मेरा मानना ??है कि व्यवसायों का समर्थन करना और उनके लिए समान अवसर उपलब्ध कराना मेरा कर्तव्य है, जिससे नौकरी देने वालों को सशक्त बनाया जा सके। कल राहुल गांधी ने इंडियन एक्सप्रेस और दैनिक जागरण अखबार में लेख लिखकर अपनी बिजनेस विरोधी छवि को बदलने का प्रयास किया था। राहुल गांधी ने एक वीडियो वक्तव्य में कहा था कि भाजपा और उनके विरोधी उनकी बिजनेस विरोधी छवि बना रहे हैं जबकि ऐसा नहीं है वे असल में एकाधिकार के विरोधी हैं। राहुल के लेख और वीडियो वक्तव्य के बाद आज पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भारत के आर्थिक विकास के लिए निजी निवेशकों की जरूरत है लेकिन आज जिस तरह से हमारी अर्थव्यवस्था में एकाधिकार है। भय और धमकी देने का वातावरण है, वह देशहित में नहीं है। राहुल गांधी ने देश के लिए एक एजेंडा पेश किया है कि आर्थिक विकास किस ढंग से होना चाहिए। उनका मानना है कि आर्थिक विकास सभी भारतवासियों के लिए हो, सभी को समान अवसर मिले। इसे सिर्फ चंद पूंजीपतियों तक सीमित नहीं होना चाहिए। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि पारदर्शी नियम और निष्पक्ष खेल किसी भी लोकतंत्र के लिए अनिवार्य हैं। खासकर जब व्यवसाय बढ़ाने की बात हो। राहुल गांधी कल के लेख में बताया गया है कि पिछले 10 वर्षों की अवधि में पादर्शिता और निष्पक्षता के सिद्धांतों का पालन नहीं किया गया है।

कांग्रेस नेता अशोक गहलोत का कहना है कि दुनिया के कई मुल्कों में उद्योगपतियों को वहां के नेताओं से मिलने की ज़रूरत नहीं पड़ती। क्योंकि वहां पर सभी उद्योगपतियों के लिए समान नियम होते हैं। संस्थाएं सभी को एक नज़र से देखती हैं और उन्हें कोई डर भी नहीं रहता।इसी बीच राहुल गांधी के कल लेख में आजादी के पूर्व महाराजाओं और नवावों के ईस्ट इंडिया कंपनी का साथ देने संबंधी टिप्पणी पर भी विवाद हो गया है। भाजपा के राजघरानों की पृष्ठभूमि वाले नेताओं ने राहुल गांधी की इसको लेकर आलोचना की है। भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि नफरत बेचने वालों को भारतीय गौरव और इतिहास पर व्याख्यान देने का कोई अधिकार नहीं है। राहुल गांधी भारत ने समृद्ध विरासत के बारे में अज्ञानता और औपनिवेशिक मानसिकता ने सभी सीमाएं पार कर ली हैं। सिंधिया ने कहा कि वे भारत माता का अपमान करना बंद करें और महादजी सिंधिया, युवराज बीर टिकेंद्रजीत, कित्तूर चेन्नम्मा और रानी वेलु नाचियार जैसे सच्चे भारतीय नायकों के बारे में जानें, जिन्होंने हमारी आजादी के लिए जमकर लड़ाई लड़ी। राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिव्या कुमारी ने कहा है कि वे संपादकीय में भारत के पूर्व राजसी परिवारों को बदनाम करने के राहुल गांधी के प्रयास की कड़ी निंदा करती हैं। एकीकृत भारत का सपना भारत के पूर्व राजपरिवारों के सर्वोच्च बलिदान के कारण ही संभव हो सका। ऐतिहासिक तथ्यों की आधी-अधूरी व्याख्या के आधार पर लगाए गए निराधार आरोप पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं।

## पराजय के बाद कमला हैरिस ने समर्थकों से कहा-जनादेश का सम्मान करना चाहिए



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ऐतिहासिक वापसी के बाद प्रमुख और निकटतम प्रतिद्वंद्वी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस अपने समर्थकों के बीच बेहद भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि हम सबको जनादेश का सम्मान करना चाहिए। पराजय के बाद वॉशिंगटन डीसी स्थित हावर्ड यूनिवर्सिटी में अपने पहले भाषण में हैरिस ने समर्थकों से डोनाल्ड ट्रंप की जीत को स्वीकार करने का आग्रह किया। इस दौरान वो थोड़ा भावुक हुईं। उन्होंने कहा कि अपने आदर्शों के लिए कभी हार मत मानो। इस दौरान हैरिस ने कहा कि यकीनन चुनाव का परिणाम वह नहीं, जिसकी उम्मीद थी। अब सत्ता का हस्तांतरण खुशी के साथ शांतिपूर्ण होना चाहिए। हैरिस ने समर्थकों से कहा कि इस हार से किसी को भी निराश होने की जरूरत नहीं। कमला हैरिस अपने कैंपेन सॉन्ग के साथ मंच पर पहुंचीं। फिर अपने रनिंग मेट मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज, कैंपेन स्टाफ, समर्थकों, पोल वर्कर्स और चुनाव अधिकारियों का आभार जताया। उनके भाषण के दौरान कई समर्थक आंसू पोंछते नजर आए। हैरिस ने कहा कि उन्हें मालूम है कि आपमें से कई लोग अभी भी भावनाओं में बह रहे हैं। वह स्वाभाविक है, लेकिन हम सभी को चुनाव नतीजों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेशक वह चुनाव हार गई हैं। बावजूद इसके वह चुनाव अभियान के दौरान उठाए गए अपने मुद्दों के लिए लड़ाई जारी रखेंगी।

## विदेशमंत्री जयशंकर ने सिडनी में बिजनेस लीडर्स से की मुलाकात

**सिडनी (आस्ट्रेलिया)।** भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने आज यहां प्रमुख कंपनियों के सीईओ और बिजनेस लीडर्स से मुलाकात की। इससे पहले एनएसडब्ल्यू संसद में प्रवासी सदस्यों और सांसदों से भेंट की। उन्होंने उद्योग जगत की हस्तियों से मुलाकात के दौरान एक-दूसरे के विकास में सहयोग के लिए महत्वपूर्ण मसलों पर चर्चा की। विदेशमंत्री जयशंकर ने एक्स हैंडल पर लिखा, सिडनी में सीईओ और बिजनेस लीडर्स से मुलाकात दिन की एक अच्छी शुरुआत है। भारत में डिजिटल, बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और कौशल में चल रहे परिवर्तनों को रेखांकित किया गया। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, आज सिडनी में एनएसडब्ल्यू संसद में प्रवासी सदस्यों, सांसदों और भारत के दोस्तों से मिलकर खुशी हुई।

# बांग्लादेश में पूर्व मंत्री अमू को कोर्ट ने पुलिस रिमांड पर भेजा, बहस के दौरान उनके वकील से मारपीट

**रिमांड**

घटना के पीछे के तथ्यों का खुलासा करने के लिए पूछताछ के लिए उन्हें रिमांड पर लेना जरूरी है।



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका की एक अदालत में आज पूर्व मंत्री और अवामी लीग सलाहकार परिषद के सदस्य अमीर हुसैन अमू के वकील के साथ वकीलों के एक समूह ने मारपीट की। इसके बाद उसे कोर्ट रूम से बाहर कर दिया। गंभीर आरोपों में गिरफ्तार अमू को इस वजह से अदालत के समक्ष खुद के बचाव में तर्क रखने पड़े। अदालत ने उन्हें पूछताछ के लिए छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। ढाका से छपने वाले अखबार प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार अमू को व्यापारी अब्दुल वदूद की हत्या के मामले में राजधानी के न्यू मार्केट थाने में दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। ढाका के मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने आज उन्हें पूछताछ के लिए छह दिन की हिरासत पर पुलिस को सौंप दिया। सुनवाई के एक बिंदु पर वकीलों के एक समूह ने अमू के वकील पर हमला कर उन्हें अदालत से बाहर निकाल दिया। पुलिस आज अमू को कोर्ट रूम लेकर पहुंची और 10 दिन का रिमांड मांगा। अपील में कहा गया कि व्यापारी अब्दुल वदूद की हत्या के मामले में अमू को आरोपित बनाया गया है। घटना के पीछे के तथ्यों का खुलासा करने के लिए पूछताछ के लिए उन्हें रिमांड पर लेना जरूरी है। मुख्य लोक अभियोजक उमर फारुक फारुकी ने कहा कि अमू पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के मुख्य सहयोगियों में से एक थे। छात्र-जन आंदोलनों के दौरान निर्दोष लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोपित इन हत्याओं की साजिश रचने और योजना बनाने में शामिल था। घटनाओं के रहस्य से पर्दा उठाने के लिए उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करना जरूरी है। बचाव पक्ष ने अमू की जमानत की अपील करते हुए रिमांड की अपील खारिज करने की मांग की। सुनवाई के दौरान अमू के वकील स्वपन रॉय चौधरी ने बोलना शुरू किया, तभी वकीलों के एक समूह ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें अदालत से बाहर निकाल दिया। बाद में अमू ने खुद कोर्ट में अपनी बात रखी। बाद में अमू के वकील स्वपन रॉय चौधरी ने कहा कि जैसे ही उन्होंने अपना पक्ष रखना शुरू किया, वकीलों के एक समूह ने उन पर हमला किया और उन्हें अदालत से बाहर निकाल दिया। आज सुबह करीब 11:00 बजे अमू को कोर्ट परिसर लाया गया। उन्हें पहले अदालत की हिरासत में रखा गया और बाद में पुलिस हेलमेट और बुलेट प्रूफ जैकेट पहनाकर अदालत कक्ष में लेकर पहुंची। पुलिस ने बताया कि अमू को बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे राजधानी के धनमंडी स्थित एक घर से गिरफ्तार किया गया।

## ओली की प्रस्तावित चीन यात्रा का विरोध ठंडा करने के लिए दो लोगों की समिति बनी

**मौजूद**

बैठक में प्रमुख रूप से ओली और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा मौजूद रहे।



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की दिसंबर में प्रस्तावित चीन यात्रा का सत्तारूढ़ घटक दल ने विरोध किया है। इसके मद्देनजर एजेंडा तय करने के लिए दो लोगों की समिति बनाई गई है। ओली की चीन यात्रा के दौरान बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव समझौते पर दस्तखत होने हैं। प्रधानमंत्री निवास पर आज हुई नेपाली कांग्रेस और नेकपा एमाले के शीर्ष नेताओं की बैठक में इस मसले पर बात हुई। बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि ओली के चीन दौरे का एजेंडा तय करने के लिए दोनों दलों के दो नेताओं की समिति बनाकर फैसला उस पर छोड़ दिया जाए। बैठक में प्रमुख रूप से ओली और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा मौजूद रहे। समिति में शामिल विदेशमंत्री आरजू देउवा चीन भ्रमण की संपूर्ण तैयारी का जायजा खुद लेंगी। वह बातचीत का एजेंडा तय करेंगी। समझौते पर दस्तखत किए जाएं या नहीं, इस पर भी समिति को फैसला लेना है। चीन के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर दो से पांच दिसंबर तक ओली की बीजिंग यात्रा हो रही है। वहां उनकी चीन के राष्ट्रपति से भी मुलाकात होनी है। चीन लगातार बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर के लिए नेपाल पर दबाव बना रहा है। नेपाल महंगी ब्याज दर पर ऋण लेने से इनकार कर रहा है। नेपाल ने पोखरा में बनाए गए अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल के निर्माण के लिए लिए गए 26 बिलियन डॉलर के ऋण को माफ करने का प्रस्ताव भी रखा है। चीन ब्याज दर में कुछ कटौती करने के संकेत दे रहा है, लेकिन वह ऋण माफ करने के पक्ष में नहीं है।

## निसान मोटर 9,000 कर्मचारियों की छंटनी करेगी




**लंदन।** दुनिया की प्रमुख ऑटो मोबाइल कंपनी निसान मोटर 9,000 कर्मचारियों की छंटनी करेगी। साथ ही अपने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के मासिक वेतन में कटौती करने की घोषणा की है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, निसान मोटर ने आज कहा कि वह 9,000 नौकरियों की छंटनी कर देगी और अपनी वैश्विक उत्पादन क्षमता को 20 प्रतिशत तक कम करेगी। उल्लेखनीय है कि निसान अपने सभी मुख्य बाजारों में कमजोर बिक्री से जूझ रही है। कंपनी ने कहा कि जापानी ऑटो निर्माता के मुख्य कार्यकारी मकोतो उचिडा ने अपने मासिक वेतन में 50 प्रतिशत की कटौती पर सहमति जताई है। यह कदम निसान के परिचालन लाभ में भारी गिरावट के बाद आया है। यह चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 90 प्रतिशत गिरकर 214 मिलियन डॉलर हो गया। इस अवधि के दौरान कंपनी के सभी प्रमुख उत्तरी अमेरिका, जापान और चीन के बाजारों में खुदरा बिक्री में गिरावट आई है।

## पाकिस्तान में तीन जगह आतंकी हमला, फ्रंटियर कोर के चार जवान, दो बच्चों समेत सात की जान गई



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में तीन स्थानों पर हुए आतंकी हमलों में सात लोगों की जान चली गई। मृतकों में फ्रंटियर कोर के चार जवान और प्राइमरी स्कूल के दो बच्चे हैं। ये हमले दक्षिण वजीरिस्तान अपर और खैबर के तिराह में हुए। डॉन अखबार की खबर में सूत्रों के हवाले से इन घटनाओं का विवरण साझा किया गया है। इसमें कहा गया है कि इन हमलों में फ्रंटियर कोर के चार जवानों सहित कम से कम सात लोग हताहत हुए। पहला हमला दक्षिण वजीरिस्तान अपर की तहसील लाधा के करम इलाके में सुरक्षा बलों के एक बम निरोधक वाहन पर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से किया गया। इसके बाद फायरिंग की गई। विवरण के अनुसार तहसील लाधा के करम इलाके में हुए इस हमले में फ्रंटियर कोर के चार जवान शहीद हो गए और पांच अन्य घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर है। उन्हें वाना के स्काउट्स अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया है। इसके अलावा आतंकवादियों ने दाजा घुंडई इलाके में एक वाहन को निशाना बनाया। इस हमले में आतंकवाद निरोधक विभाग का एक अधिकारी शहीद हो गया और दो नागरिक घायल हो गए। खैबर की तिराह घाटी में अज्ञात स्थान से दागा गया मोर्टार गोला दो बच्चों की मौत का सबब बन गया। इस हमले में पांच अन्य लोग घायल हो गए। यह हमला तिराह घाटी के बार कंबार खेल के भूटान शरीफ इलाके में हुआ है। हमले में मारे गए दोनों बच्चे सरकारी प्राथमिक विद्यालय हाशिम खान कलाय में पढ़ते थे।

# पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता का दूसरा दिन

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** विश्वविद्यालय परिसर स्थित मेजर ध्यान चन्द क्रीड़ संकुल में पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालयीय कबड्डी पुरूष प्रतियोगिता 2024-2025 के दूसरे दिन का पहला मैच एल.एन. मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा और मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर के बीच खेला गया जिसमें एल.एन. मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा ने मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर को 55-14 के अन्तर से पराजित किया। दूसरा मैच गुरूघासी दास विश्वविद्यालय विलासपुर और रेवेन्सा विश्वविद्यालय कटक के बीच खेला गया जिसमें गुरूघासी दास विश्वविद्यालय विलासपुर ने रेवेन्सा विश्वविद्यालय कटक को 47-27 के अन्तर से पराजित किया। तीसरा मैच एस.के.एम. बस्तर विश्वविद्यालय और कल्यानी विश्वविद्यालय पं. बंगाल के बीच खेला गया जिसमें एस.के.एम. बस्तर विश्वविद्यालय ने कल्यानी विश्वविद्यालय पं. बंगाल को 28-20 के अन्तर से पराजित किया। चैथा मैच एम.एस.डी. विश्वविद्यालय, आजमगढ़ और सी.एम.वी.टी. विश्वविद्यालय भिलाई के बीच खेला गया जिसमें एम.एस.डी. विश्वविद्यालय, आजमगढ ने सी.एम.वी.टी. विश्वविद्यालय भिलाई को 39-21 के अन्तर से पराजित किया।

पांचवा मैच सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, और वर्द्धमान विश्वविद्यालय पं. बंगाल के बीच खेला गया जिसमें डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय ने वर्द्धमान विश्वविद्यालय पं. बंगाल को 30-21 के अन्तर से पराजित किया। छठवाँ मैच पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर और मणिपुर विश्वविद्यालय के बीच खेला गया जिसमें पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर ने मणिपुर विश्वविद्यालय को 41-30 के अंतर से पराजित किया। सातवां मैच बी.एन.एम. विश्वविद्यालय, मधेपुरा और विनोवा भावे विश्वविद्यालय के बीच खेला गया जिसमें बी.एन.एम. विश्वविद्यालय, मधेपुरा ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय को 42-41 के अंतर से पराजित किया। आठवां मैच हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग और एम. श्री रामचंद्र विश्वविद्यालय के बीच खेला गया जिसमें मैच हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ने एम. श्री रामचंद्र विश्वविद्यालय को 38-19 के अंतर से पराजित किया। नौवाँ मैच महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी और उत्कल विश्वविद्यालय, उड़ीसा के बीच खेला गया जिसमें मैच महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी ने उत्कल विश्वविद्यालय, उड़ीसा को 58-31 के अन्तर से पराजित किया। दसवाँ मैच ललित नारायन मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा और ओपी. जिन्दल विश्वविद्यालय के बीच खेला गया जिसमें ललित नारायन मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा ने ओपी. जिन्दल विश्वविद्यालय को 49-20 के अन्तर से पराजित किया। ग्यारहवाँ मैच महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ और अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के बीच खेला गया जिसमें महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ ने अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय को 49-32 के अन्तर से पराजित किया।

उक्त अवसर पर प्रो. ओ.पी. सिंह, सचिव, खेलकूद परिषद, प्रो. चन्द्रभान सिंह, डा. पी.के. सिंह कौशिक, रजनीश कुमार सिंह, खेल सहायक, डा. राजेश सिंह, मोहन चन्द पाण्डेय, अरुण सिंह, सत्येन्द्र कुमार सिंह, जय सिह गहलोत, विजय प्रकाश, अल्का सिंह, भानु शर्मा, आदि उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका में रवि चन्द यादव, दशरथ पाल, विरेन्द्र यादव, मो. अकरम, जे.पी. सिंह, धीरज प्रसाद, प्रशान्त सिंह, श्री ध्वज, अमित कुमार, हूबलाल, राकेश यादव, लाल साहब, कमलेश सिंह, अखिलेश यादव, धर्मेन्द्र पटेल, गुलाब चन्द यादव, कन्हैया लाल, सुरेश कुमार यादव आदि रहे।

## अखाड़ा के संतो की बैठक में जबरदस्त हंगामा

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 2025 महाकुंभ को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों और साधु संत अखाड़ों के साथ लगातार बैठकें हो रही हैं। गुरुवार को मेला प्राधिकरण दफ्तर पहुंचे अखाड़ों के साधु संतों के बीच जमीन आवंटन को लेकर विवाद खुलकर सामने आ गया। मेलाधिकारी और अन्य अफसरों के सामने ही साधु संत भिड़ गए। अखाड़ों के बीच पहले कहासुनी, हंगामा फिर मारपीट होने लगी। इससे अफरा-तफरी मच गई। अखाड़ों की जमीन निरीक्षण के पहले 13 अखाड़ों के साधु-संत बैठक के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान निर्मोही अखाड़े के महंत राजेंद्र दास से किसी बात को लेकर किसी साधु से झगड़ा हुआ और नौबत मारपीट तक आ गई। इस बीच अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री स्वामी हरी गिरी महाराज को झगड़ा रोकना पड़ा। बताया जा रहा है कि ये झगड़ा अखाड़ों के दो गुटों साधु-संतों के बीच है। कहा जा रहा है एक गुट बैठक के दौरान हर-हर महादेव के नारे लगा रहा था जिससे दूसरे गुट को ये नागवार गुजरा जिसके बाद विवाद बढ़ा और मारपीट, धक्का-मुक्की शुरू हो गई।

# अस्ताचलगामी सूर्य को व्रती महिलाओं ने दिया अर्घ्य

**हजारों श्रद्धालुओं ने घाट पर पहुंचकर भगवान भास्कर कर आशीर्वाद लिया**






**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (कजगांव)।** स्थानीय नगर पंचायत स्थित माधवपट्टी स्थित घाट पर छठ पूजा समिति द्वारा लोक आस्था का महापर्व सूर्य देव की आराधना सूर्य षष्ठी (छठ) गुरूवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

व्रती महिलाओं ने अस्ताचल सूर्य का अर्घ्य देकर पुत्रों और परिवार के लंबी उम्र की कामना की। अर्घ्य देने के बाद तालाब में प्रवाहित किए दीपों का विहंगम दृश्य देखते ही बना। दोपहर बाद से ही नगर से लेकर ग्रामीण इलाके के श्रद्धालु सिर पर पूजा सामग्री लेकर तालाब की तरफ चल पड़े। शाम होते-होते श्रद्धालु इकट्ठा हुए। महिलाएं वेदी पूजन के बाद नदी में सामने खड़ी होकर सूर्य देव के डूबने का इंतजार करने लगी।अर्घ्य के बाद कुछ महिलाएं अपने घर को लौटीं तो कुछ कोसी भरने के लिए रात भर तालाब पर जमी रही। व्रती महिलाओं में व पूजा आदि ने बताया की छठ पूजा में सूर्य देव और छठी मैया की पूजा का प्रचलन और उन्हें अर्घ्य देने का विधान है। अतिथि चैयरमेन फिरोज खान ने छठ मेला घाट पर पहुंचकर आयोजक मंडल का आभार ज्ञापित करते हुए भगवान भास्कर का आशीर्वाद लिया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रखते हुए , ईओ आस्था पाठक तथा थाना प्रभारी जफराबाद मय फोर्स के साथ छठ मेला घाट पर डटे रहें। संचालन सभासद आकाश सिंह हनी ने किया। ,कृष्णकांत सिंह, राजीव सिंह, नरेंद्र प्रसाद मिश्रा, रवि प्रकाश सिंह, मुकेश सिंह, सुभाष सिंह रामजतन सिंह , दयालु सिंह, लड्डू सिंह,व नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। छठ पूजा की व्यवस्था को देखकर क्षेत्र की जनता ने ईओ आस्था पाठक एवं सभासद आकाश सिंह हनी की प्रशंसा की।

## आदित्य, मनस्वी और यशस्वी को मिली ब्लैक बेल्ट



**प्रयागराज।** कुकीवॉन ताईक्वांडो सेंटर ऑफ साउथ कोरिया द्वारा आयोजित हुई कलर बेल्ट परीक्षा में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ताईक्वांडो अकादमी के आदित्य सिंह, मनस्वी सिंह और यशस्वी सिंह ने ब्लैक बेल्ट प्राप्त की है। अकादमी के कोच अनुराग सिंह के अनुसार फरवरी माह में हुई परीक्षा में उत्तीर्ण होकर प्रमाण पत्र पाने वाले यह तीनों खिलाड़ी सगे भाई-बहन हैं। इनकी उपलब्धि पर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक अभिषेक तिवारी, प्रधानाचार्य दिनेश कुमार श्रीवास्तव ने शुभकामनाएं देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## श्री सहायक क्लब फाइनल में

**प्रयागराज।** श्री सहायक क्लब ने शिवपुर क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हराकर यश हॉस्पिटल ट्रॉफी अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उसका मुकाबला शुक्रवार को पीए युनिटी क्लब से होगा। दौलत हुसैन मैदान पर गुरुवार को खेले गये मैच में शिवपुर क्लब ने 30 ओवर में 151 रन (रुद्रांश सिंह 52, मोहम्मद अहमद 45, लक्ष्य यादव, काव्यांशु, अभिजीत एवं शिवांश पांडेय दो-दो विकेट) बनाये। जवाब में श्री सहायक क्लब ने 27.3 ओवर में 4 विकेट पर 154 रन (शिवांश पांडेय 41 नाबाद, पार्थवर्धन सहायक 41, ईशान सिंह 37, लक्ष्य यादव 21, शिवम यादव 2/23, रोहित पटेल 2/24) बना लिये। शिवांश को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

## चौधरी नौनिहाल क्लब बी फाइनल में



**प्रयागराज।** चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब बी ने आशीष नेहरा क्लब ए को छह रन से हराकर डॉ. रवि वर्मा अंडर-19 क्रिकेट लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। केपी कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गये दूसरे सेमीफाइनल मैच में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब बी ने 40 ओवर में 182 रन (अंशुमान शुक्ला 67, देवांश पाठक व विपुल द्विवेदी 24-24, अर्जुन दुबे 3/31, अर्जुन शुक्ला 2/23) बनाये। जवाब में आशीष नेहरा क्लब ए की टीम 39.3 ओवर में 176 रन (अमितेश शुक्ला 44, पीयूष मिश्र 23, अर्जुन दुबे 21, हर्षित नारायण तिवारी 4/30, आशुतोष पांडेय 3/28, अमन पटेल 2/26) पर सिमट गई। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व आशीष सिंह अंपायर एवं प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे।

## रुक्मिणी विवाह तथा कृष्ण सुदामा की मित्रता की कथा सुन लोग हुए भावुक



**प्रयागराज।** पट्टी के सराय महेश गाँव में जगदुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरान्द सरस्वती जी के मीडिया प्रभारी के बड़े पिता द्वारा सुनी जा रही है। आज कथा में आज रुक्मिणी का विवाह श्री कृष्ण से हुआ तथा श्री कृष्ण सुदामा के चरित्र का वर्णन किया गया। जब सुदामा ने कृष्ण को देखा तो कन्हैया कन्हैया पुकारते हुए गले से लगा लिया और सुदामा की आंखों से अश्रु की धारा बहनें लगी यह वर्णन सुनकर श्रोताओं की भी आंखें नम हो गई। कथा का सुंदर वर्णन करते हुए कहा कि जब जब धरा पर अत्याचार,दुराचार, पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जयघोष से वातावरण गूंजमान हो उठा। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख आसपुर देवसरा लाल बहादुर, अजीत सिंह, रणविजय सिंह, जयबहादुर सिंह, सुनीता, अनीता, अर्चना, दीपक, अंजू, रजनीश रिंकी, अनीता, साक्षी, सृष्टि, स्वाती, आंचल, रोली, अनुराग गुडडू, सर्वेश राजू, संजय सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

## सुजीत और आर्यन ने वर्मा क्लब को दिलाई जीत


सुजीत सरोज आर्यन

**प्रयागराज।** सुजीत सरोज के हरफनमौला खेल (26 रन एवं 7.2-2-17-5) और आर्यन जायसवाल की उम्दा गेंदबाजी (7-1-17-4) के दम पर वर्मा क्लब ने फिफ्त पिलर क्लब को 40 रन से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। एक अन्य मैच में भानु प्रताप सिंह क्लब ने विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल हॉस्टल को 40 रन से हराया। सीएवी कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेल गये मैच में वर्मा क्लब ने 29.3 ओवर में 105 रन (सुजीत सरोज 26, प्रभोध यादव 10, नीरव 2/13, जन्मेजय त्रिपाठी 2/15, प्रियांश गुप्ता 2/18) बनाकर फिफ्त पिलर क्लब को 21.2 ओवर में 65 रन (कार्तिकेय शुक्ला 11, सुजीत सरोज 5/17, आर्यन जायसवाल 4/17) पर समेट दिया। मैच में अजय कुमार व विपिन यादव अंपायर एवं अंकित पांडेय स्कोरर रहे। वीबीपीएस मैदान पर भानु प्रताप क्लब ने 38.5 ओवर में 194 रन (प्रियांश 47, वैसल त्रिपाठी 20, संस्कार 16, तेजवंश चौधरी 3/46, तन्मय यादव 2/32, अमन द्विवेदी 2/33) बनाकर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल हॉस्टल को 25.4 ओवर में 96 रन (अमन द्विवेदी 15, अर्णव गर्ग 14, प्रियांश 3/16, राज 2/03, आदित्य यादव 2/15) पर समेटा। मैच में हितेश श्रीवास्तव व मोहम्मद आरिफ अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे।

# निकाली गई राष्ट्रीय रामायण मेला सद्भावना संदेश यात्रा

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** श्रृंगी ऋषि की तपोस्थली निषाद राज की नगरी भगवान श्री सीताराम केवट मिलनस्थली श्रृंगवेरपुर धाम मैं वर्ष 1990 से संचालित 35 वा राष्ट्रीय रामायण मेला के आयोजन से पूर्व आयोजको द्वारा राष्ट्रीय रामायण मेला सद्भावना संदेश जन जागरण यात्रा निकालकर राष्ट्रीय रामायण मेले भव्य कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया। यात्रा में भगवान श्री राम लक्ष्मण सीता की प्रतीकात्मक झांकी निषाद राज पीठाधीश्वर माधव दास के साथ निकाली गई। सर्वप्रथम मां भगवती गंगा जी का पूजन तीर्थ पुरोहित समाज के अध्यक्ष काली सहाय त्रिपाठी, तीर्थ पुरोहित उमेश त्रिपाठी, निर्मल बाबा, संजय त्रिपाठी आदि ने पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रो से संपन्न कराया। इस अवसर पर राष्ट्रीय रामायण मेला की उपाध्यक्ष सियाराम सरोज रामानुजाचार्य जगतगुरु नारायणाचार्य जी शांडिल्य महाराज, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा, समाजसेवी विनोद ओझा, श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष कमलाकांत द्विवेदी, महामंत्री ओमप्रकाश द्विवेदी, सहकारी संघ श्रृंगवेरपुर धाम के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र पांडे, सुधांशु मिश्रा आशीष केसरवानी आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे। यहां यह भी बताना आवश्यक है किया राष्ट्रीय रामायण मेला आगामी 11 नवंबर से प्रारंभ होकर 15 नवंबर को पंचदिवसीय आयोजन संपन्न होगा।

# छात्रों को साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

**क्रिमिनल आपका डिवाइस नहीं बल्कि आपके मस्तिक को करते हैं हैक**

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** सिटी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को आकृति फाउंडेशन एवं एडटेक स्टार्टअप टेक्नोलॉजी संयुक्त द्वारा साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया. साइबर ठगी से बचने के लिए कई बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर जागरूकता शिविर का शुभारंभ प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता ने फीता काट कर किया। वाराणसी से आए आशीष गुप्ता व आकाश सिंह ने कहा कि किसी अपरिचित व्यक्ति की फोन कॉल आने पर अपने वित्तीय मामले की डिटेल कभी भी शेयर न करें। सोशल साइट के माध्यम से या ऑनलाइन मदद के नाम पर रुपये मांगने वालों को बिना पहचान किए कोई धनराशि न दें। किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने अकाउंट का विवरण, एटीएम कार्ड नंबर, पिन नंबर, ओटीपी नंबर व एसएमएस को शेयर न करें। एटीएम हमेशा अकेले प्रयोग करें। किसी अनजान व्यक्ति की मदद न लें। अपने एटीएम कार्ड की सुरक्षा विशेष तौर पर करें। इसका प्रयोग स्वयं अथवा अत्यंत विश्वसनीय व्यक्ति के द्वारा ही करवाएं। अपने खाते का पासवर्ड किसी के साथ शेयर न करें न ही उसे कंप्यूटर या मोबाइल पर सेव करें।अपना पासवर्ड नियमित रूप से बदलें। टीवी, अखबार, ऑनलाइन माध्यम के जरिये दिए जाने वाले लोक लुभावने ऑफरों के झांसे में न आएं। ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930, 112 पर कॉल करें। तत्पश्चात थाना बैंक साइबर सेल को सूचना जरूर दें। एंटी वायरस, एंटी स्पाइवेयर और अन्य साइबर सुरक्षा वाले उपकरण सॉफ्टवेयर अपने कंप्यूटर, मोबाइल में इंस्टॉल करें। साइबर अपराध से बचने के लिए युवाओं को स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा।मुख्य वक्ता संदीप चैटर्जी साइबर फ्रॉड व विभिन्न प्रकार के साइबर-धमकी के बारे में विस्तार से बताया इस समस्या से निबटने के कानूनी उपाय की जानकारी दी।आशीष कुमार गुप्ता ने भारत सरकार के विभिन्न जागरूकता अभियान की जानकारी दी. वाराणसी से आये साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट आकाश कुमार ने विद्यार्थियों को हैकिंग, साइबर फ्रॉड के विभिन्न स्वरूपों के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि स्मार्ट होने का मतलब है कि आप सजग होकर नई-नई टेक्नोलॉजी को सीखें. कभी किसी भी तरह के स्कैम का शिकार हो, तो छिपाने के बजाय अपने आसपास के लोगों से मदद जरूर ले। साइबर अपराध जागरूकता शिविर में 300 छात्रों प्रतिभा किया। कार्यक्रम का संचालन वाइस प्रिंसिपल अभिषेक तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमेश चंद मिश्रा,एस. सी तिवारी, अभिषेक तिवारी, रंजीत गुप्ता, नीरज मिश्रा, इकरा, हिना, राहुल, इंद्रजीत, टीवी सिंह, गुलाब, ज्ञानचंद, जगत, मधु,सुमन, पल्लवी, सुभाष मिश्रा, कंचन व निकिता राय आदि लोग मौजूद रहे।

## छठ पूजा पर सेल्फी लेने की लगी रही होड़

**प्रयागराज।** छठ पूजा के अवसर पर 14 फिट संगम नोज पर स्थापित सूर्य की प्रतिमा के साथ सेल्फी लेने की मची होड़ मची रही। पूर्वांचल विकास एवं छठ पूजा समिति के पंडाल संगम नोज प्रयागराज मे भजन संध्या के माध्यम से लोग झूमते नजर आये। समिति के अध्यक्ष अजय राय एवं पदाधिकारियों ने संध्या आरती किया। उसके बाद संगम नोज पर पूर्वांचल विकास समिति के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व मे भजन संध्या के माध्यम से कांच ही बांस के बहँगिया बहँगी लचकात जाय, आवा हो गणेश बाबा हमरे आंगनवा रिद्धि सिद्ध साथे लाइह करब पूजनवा गीत पर लोग झूमते नजर आये।

इस अवसर पर समिति के संरक्षक शेषनाथ सिंह, सुदामा सिंह, संस्थापक सदस्य कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र, ओ पी सिंह, कृष्णानंद तिवारी, जगदेवानंद दूबे, अमन सिंह यादव, अभिषेक आर्या, शिवसेवक सिंह, कमलेश दादा, सुरेश सिंह आदि लोगों ने संध्या आरती किया।

# गुड्डू जमाली ने असहाय गरीब मरीजों के लिए दिये 5:30 लाख रुपए

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के नेता वा विधान परिषद सदस्य (डस्ब) शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली पूर्व विधायक मुबारकपुर ने अपने आजमगढ़ आवास से जिले के विभिन्न गांव वा क्षेत्र के असहाय गरीब मरीजों के इलाज वा गरीब बच्चियों की शादी कान की मशीन के लिए चेक द्वार पांच लाख अड़तीस हजार तीन सौ रुपए (538300) आर्थिक मदद की। वाहीं शाह आलम गुड्डू जमाली ने ये कहा कि मैंने जनता की सेवा का जो बीड़ा उठाया है, उसे आजीवन निभाता रहूंगा । क्योंकि गरीबों व असहायों की सेवा ही मानवता की सच्ची सेवा है मैंने बिना भेदभाव लोगों की हमेशा सेवा की है, मैं जब राजनीत में नहीं भी था तब भी गरीबों असहायों की मदद करता रहता था। आज मैं जो कुछ भी हूं इन्हीं की दुआओं (आशीर्वादों)की बदौलत हूं द्यमैं हमेशा अपने जिले व अपने क्षेत्र के लोगों के लिए एक पैर पर खड़ा रहता हूं और आगे भी खड़ा रहूंगा, एमएलसी गुड्डू जमाली ने कहा कि राजनीति में आने का मेरा उद्देश्य है कि गरीब कमजोर जनता की सेवा करना है ना की राजनीति से कोई लाभ लेना है। मेरा मकसद सिर्फ लोगों की सेवा करना है! उन्होंने यह भी कहा कि अल्लाह,(ईश्वर),का शुक्र है कि लोग मुझे इस लायक समझते हैं यह तो उनका एहसान है कि मुझ पर भरोसा करते है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आया सायकिल सवार युवक की मौत

**आजमगढ़।** सठियांव-आजमगढ़ मुख्य मार्ग पर मुबारकपुर थाना क्षेत्र के कुकुड़ीपुर गांव के पास बुधवार की देर रात साढ़े 8 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आकर सायकिल सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर लोहरा चौकी प्रभारी मौके पर पहुँचे और काफी प्रयास के बाद शव की शिनाख्त रमेश राजभर पुत्र पंखड़ी राजभर के रूप में की गई। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमुड़ी निवासी रमेश राजभर (38) की ससुराल थाना क्षेत्र के ही कुकुड़ीपुर गांव में है। वह घटना के शाम सायकिल से अपने ससुराल कुकुड़ीपुर जा रहा था। वह जैसे ही कुकुड़ीपुर पहुंच कर सड़क पार कर रहा था कि विपरीत दिशा से तेज रफ्तार सठियांव की तरफसे आ रहा वाहन उसे कुचल किया और रात के अंधेरे का फायदा उठा कर वाहन चालक फरार हो गया, जबकि सायकिल सवार रमेश सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। और वही पर दम तोड़ दिया।

# जोड़े जोड़े फलवा सुरुज देव घटवा पे तीवई चढ़ावेले हो



**महिलाओं ने पानी में खड़े होकर अस्ताचल सूर्य को दिया अर्घ्य, लगाया पकवानों का भोग**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** जोड़े जोड़े फलवा सुरुज देव घटवा पे तीवई चढ़ावेले हो ,जोड़े जोड़े फलवा सुरुज देव घटवा पे तीवई चढ़ावेले हो। जल बिच खड़ा होई दर्शन ला, आसरा लगावेले हो....। इन्हीं गीतों के साथ सूर्योपासना के महापर्व छठ पर पूरा घाट गुंजायमान हो रहा था। नहाए खाए और खरना के बाद गुरूवार को संध्याकाल में 36 घंटे निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं ने घाट पर पहुंचकर छठ मईया की पूजा की और कमर तक पानी प्रवेश कर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर अपने परिवार की मंगलकामना के लिए प्रार्थना की। मुख्य रूप से पूर्वांचल और बिहार में पुत्रों की दीर्घायु कामना के लिए मनाये जाने वाले महापर्व की शुरुवात मंगलवार की किया। नहाए खाए और खरना के बाद इस महापर्व पर गुरूवार की दोपहर से ही फलों और प्रसाद के साथ पूजन समाग्री से भरी दौरी डाला सिर पर रखकर महिलाएं व उनके पति ढोल नगाड़े के साथ घाट पर पहुंचे। संगम नोज, बलुआघाट व्रती महिलाओं और उनके परिवार से खचाखच भरा रहा। महिलाओं ने घाट पर लेप बनाकर गन्ने की छावनी बनाकर छठी मईया की पूजा की। पूजन कर बाद कमर तक पानी में उतरकर अस्ताचल डूबते हुए भगवान आदित्य (सूर्य) को संध्याकाल में अर्घ्य दिया। नैनी के अरेल घाट पर पहुंचे प्रदेश के।कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और उनकी पत्नी अभिलाषा गुप्ता ने भी छठ की पूजा की। मंत्री नंदी ने भी सिर पर छठ मईया की दौरी को उठाया और मंगलकामना की।

## ठेकुआ व चावल के लड्डू का लगाया भोग

**प्रयागराज।** कहते है कि छठ पर भगवान सूर्य की उपासना और पूजन करने से संतान प्राप्ति, संतान के जीवन की रक्षा, सुख समृद्धि का फल प्राप्त होता है। यह छठ पूजा कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाई जाती है। इस दिन सुबह से अर्घ्य की तैयारियां शुरु हो जाती हैं। पूजा में प्रसाद के लिए ठेकुआ, चावल के लड्डू बनाया जाता हैं। छठ पूजा के लिए बांस की बनी एक टोकरी में तमाम प्रकार के फल, फूल को डाला में सजाया जाता है। वहीं एक सूप में नारियल, पांच प्रकार के फल रखकर सूर्य देव की ओर मुख करके डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर पांच बार परिक्रमा की जाती हैं। अर्घ्य देते समय सूर्य देव को दूध और जल भी चढ़ाते है।

## सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

**प्रयागराज।** छठ पर्व को लेकर प्रयागराज कमिश्नरेट की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं। संगम और बलुआघाट बारादरी में भारी पुलिस फोर्स व सादे पोशाक में पुलिस के जवानों को लगाया गया।स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी इस पर्व पर पुलिस का विशेष सहयोग किया। पर्व पर घाट के किनारे आतिशबाजी करने पर रोक लगाई गयी थी। आतिशबाजी के लिए घाट से कुछ दूर मैदान मे व्यवस्था की गयी थी। भीड़ और यातायात को देखते हुए मुख्य चौराहों पर बैरिकेडिंग और पार्किंग की व्यवस्था भी बनाई गयी है। जिससे भीड़ होने पर यातायात प्रभावित न हो।


# संक्षिप्त समाचार

## 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार



**जौनपुर।** मुंगराबादशाहपुर थाने की पुलिस व एसटीएफ यूनिट प्रयागराज के संयुक्त टीम द्वारा उ0प्र0 गैगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित पचास हजार रुपये के इनामी बदमाश को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस टीम व एसटीएफ यूनिट प्रयागराज के संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर कि मु0अ0सं0 126/24 धारा 3(1) गैगेस्टर एक्ट थाना मछलीशहर से सम्बन्धित वान्छित अभियुक्त व 50,000/-रु0 (पचास हजार रूपये) का पुरस्कार घोषित आरोपी आशीष जायसवाल पुत्र रामजी जायसवाल निवासी ग्राम हबुसा मोड थाना सरायइनायत जनपद प्रयागराज सोहांसा मिश्रांस गेट से पकड़ लिया।

## रेशम नगरी मुबारकपुर में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया छठ पूजा महोत्सव



**मुबारकपुर,आजमगढ।** सुर्य उपासना का महान पर्व डाल छठ गुरुवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण से सूर्य देव भास्कर को देखकर व्रती महिलाओं ने पुत्र दीर्घायु के साथ ही जगत कल्याण की कामनाएं की उक्त महान पर्व नगर के थाना स्थित पोखरें के ठीक सामने,समौधी स्थित कच्चा पोखरें पर शाम होते-होते पाव रखने की कहीं जगह नहीं रही लोगों द्वारा सप्ताह पूर्व से ही अपने-अपने वेदियों को बनाने एवं जगह सुरक्षित करने का कार्य बदस्तूर जारी रहा किसके साथ हुई विभिन्न प्रकार के फ्लों सहित भास्कर दीनानाथ को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को साफ सुथरे स्थान पर बनाया गया सुरक्षा की दृष्टि से निहारनंदन कुमार एवं चौकी प्रभारी मुरारी मिश्रा ने क्षेत्र का भ्रमण करने और घाटों का निरीक्षण करने लोगों को अधिक पानियों में न प्रवेश करने का सुझाव देते देखा गया।

## आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने प्रभारी निरीक्षक सिधारी को किया किया सम्मान

**आजमगढ़।** आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडे सरस द्वारा प्रभारी निरीक्षक सिधारी वीरेंद्र कुमार वर्मा को अंग वस्त्रम एवं बुके भेट किया वोही शिवा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मनोज पांडे ने सिधारी थाने पर तैनात उप निरीक्षक भगत सिंह पदोन्नति करके इंस्पेक्टर बनने पर सम्मान पत्र एवं बुके भेट कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर साहित्यकार संजय कुमार पांडे ने कहा प्रभारी निरीक्षक सिधारी एवं इंस्पेक्टर भगत सिंह द्वारा जनता की समस्याओं त्वरित गति से समाधान एवं न्याय दिलाने का कार्य करते हैं जो बहुत ही सराहनीय है अपने सम्मान से अभिभूत प्रभारी निरीक्षक सिधारी वीरेंद्र कुमार वर्मा एवं इंस्पेक्टर भगत सिंह ने एसोसिएशन के प्रति आभार प्रकट किया।

# दो दिन की तेजी के बाद शेयर बाजार में मुनाफा वसूली, सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** लगातार 2 दिन की मजबूती के बाद घरेलू शेयर बाजार आज मुनाफा वसूली का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलने



के बाद से ही बाजार पर बिकवाली का दबाव बन गया। चौतरफा बिकवाली के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में गिरावट आ गई। हालांकि, खरीदारों ने बाद में लिवाली करके बाजार को सपोर्ट देने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि शेयर बाजार लगातार लाल निशान में ही कारोबार करता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.04 प्रतिशत और निफ्टी 1.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल, ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल, रियल्टी और टेलीकॉम सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसके अलावा बैंकिंग, आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी गिरावट का शिकार हो गए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.67 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.44 प्रतिशत लुढ़क कर आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 448.31 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 452.59 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.28 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,053 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,825 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,129 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 99 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,494 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 944 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,550 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से सिर्फ 1 शेयर बढ़त के साथ और 29 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 5 शेयर हरे निशान में और 45 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 185.29 अंक की मजबूती के साथ 80,563.42 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक सुबह 10 बजे के थोड़ी देर बाद ही 958.79 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 79,419.34 अंक के स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में मामूली सुधार भी हुआ, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि ये सूचकांक लगातार लाल निशान में ही कारोबार करता रहा। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 836.34 अंक की कमजोरी के साथ 73,541.79 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 5.55 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,489.60 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण पहले घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक 305 अंक टूट कर 24,179.05 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि, इसके बाद लिवालों ने खरीदारी का जोर बनाने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली के दबाव की वजह से इस सूचकांक की चाल में अधिक सुधार नहीं हो सका।

# घरेलू सर्राफा बाजार में बढ़ी सोने की चमक, चांदी में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में तेजी का रुख नजर आ रहा है। इस कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24



कैरेट सोना आज 80,510 रुपये से लेकर 80,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 73,810 रुपये से लेकर 73,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच ही बना हुआ है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 95,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 80,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 80,360 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,660 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 80,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 80,410 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 80,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# Le&legis.ai प्रस्तुत करता है इंटरैक्टः कानूनी दस्तावेज़ों के प्रबंधन के लिए एक परिवर्तनकारी ए.आई. समाधान

**मुंबई।** विधिक टेक्नोलॉजी और लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स (एल.एल.एम.) में सबसे आगे, Lexlegis.ai ने परिवर्तनकारी सुविधा, इंटरैक्ट के पेशकश की घोषणा कर दी है, जिसे कानूनी व्यावसायियों द्वारा दस्तावेज़ की कार्य-प्रणाली का प्रबंधन, विश्लेषण और उन्हें अनुकूलित करने के तरीके को बदलने के लिए तैयार किया गया है। एक शक्तिशाली लीगल सर्च टूल के रूप में Lexlegis.ai की प्रतिष्ठा पर आधारित, इंटरैक्ट कानूनी प्रक्रियाओं को और भी अधिक सुचारु, तेज़ और अधिक कुशल बनाने के लिए ए.आई.-आधारित क्षमताओं को एकीकृत करते हुए इस प्लैटफ़ॉर्म के विकास को केस प्रबंधन के एक संपूर्ण समाधान के रूप में प्रदर्शित करता है। Lexlegis.ai के संस्थापक, साकार एस. यादव ने कहा, इंटरैक्ट कानूनी दस्तावेज़ों प्रबंधन को अगले स्तर पर ले जाता है। इसका उद्देश्य केवल शोधकार्य को तेज़ करना नहीं है– बल्कि उन कार्यों को स्वचालित करना है जिनके लिए बहुत परिश्रम करना पड़ता है और जो अक्सर विधिक कार्य-प्रणाली की रफ़्तार को धीमा कर देते हैं, जिससे व्यावसायी महत्वपूर्ण निर्णयों और केस के सर्वश्रेष्ठ परिणामों पर पूरा ध्यान नहीं दे पाते हैं।

दस्तावेज़ों की तुलना, विश्लेषण और अंतर्दृष्टि के प्रासिकरण के लिए कुशल उपकरणों के साथ कानूनी व्यावसायियों को सशक्त बनाने की इसकी क्षमता इंटरैक्ट का मुख्य आधार है। एकल, इंट्यूइटिव इंटरफ़ेस के साथ, इसका उपयोग करने वाले अब ये कार्य कर सकते हैं-

कानूनी दस्तावेज़ों की तुलना करना- अंतरों की पहचान करने और संगतता को सुनिश्चित करने के लिए अनुबंधों, करारों या केस की फाइलों की सहजता से तुलना करना।

महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करना- लंबे कानूनी दस्तावेज़ों से महत्वपूर्ण विवरण प्राप्त करने या पी.डी.एफ. और चित्रों से लिखित सामग्री को स्कैन करने के लिए ए.आई. का लाभ उठाना, जिससे स्वयं ढूँढने के प्रयास न करने पड़ें।

दस्तावेज़ों का अनुवाद- कानूनी विषय-सामग्री को स्वचालित रूप से विभिन्न भाषाओं में अनुवाद करना, जिससे सीमा पार के मामलों और सहयोगों को सुविधाजनक बनाया जा सके।

ज़ जोखिम का विश्लेषण- दस्तावेज़ों के भीतर संभावित जोखिमों या विसंगतियों की तुरंत पहचान करना, जिससे निर्णय लेने में बेहतर सहायता मिलती है।

विधिक कार्यप्रवाह में मुख्य चुनौतियों का समाधान करते हुए

इंटरैक्ट सुविधा को कानूनी टीमों द्वारा सदा बार-बार सामना की जाने वाली कुछ चुनौतियों से निपटने के लिए डिज़ाइन किया गया है - विशेष रूप से बड़ी मात्रा में विधिक लिखित सामग्री की समीक्षा और विश्लेषण की समय लगने वाली प्रक्रिया। यह उपकरण तुरंत महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है, मानवीय त्रुटि के जोखिम को कम करते हुए स्वयं समीक्षा करने के समय को कम करता है। कुशल स्वचालन की यह प्रक्रिया वकीलों और कानूनी टीमों को अत्यंत महत्वपूर्ण गतिविधियों, जैसे केस की रणनीति, क्लाइंट की संबद्धता और लागू कानून के तर्कों के विकास की दिशा में अपने प्रयासों को मोड़ने में सक्षम बनाता है।

कंपनियों या इन-हाउस टीमों में काम करने वाले कानूनी व्यावसायियों के लिए, सहयोगात्मक कार्य को बेहतर बनाने के लिए इंटरैक्ट एक बहुमूल्य उपकरण है।

# शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 830 अंक लुढ़का, निफ्टी भी 255 अंक टूटा

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में हफ्ते के चौथे दिन आज शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 830.66 अंक यानी 1.03 फीसदी लुढ़ककर 79,547.48 पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 255.45 अंक यानी 1.04 फीसदी की गिरावट के साथ 24,228.60 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है।




सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 शेयरों में गिरावट और 9 शेयर में तेजी है। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 35 में गिरावट और 15 में तेजी देखने को मिल रही है। एनएसई के बैंकिंग, ऑटो और मेटर सेक्टर गिरावट के साथ अभी कारोबार कर रहे हैं। हालांकि, सेंसेक्स ने 185 अंक की तेजी के साथ 80,563 के स्तर पर कारोबार शुरू किया था, जबकि निफ्टी 10 अंक की तेजी के साथ खुला था।

एशियाई बाजार में भी मिला-जुला कारोबार देखने को मिल रहा है। जापान के निक्केई में 0.40 फीसदी की गिरावट है। वहीं, कोरिया का कोस्पी 0.18 फीसदी और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.79 फीसदी की तेजी के साथ कारोबार कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले बुधवार को सेंसेक्स 901 अंक यानी 1.13 फीसदी की तेजी के साथ 80,378 के स्तर पर बंद हुआ था। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 270 अंक यानी 1.12 फीसदी की तेजी के साथ 24,484 के स्तर पर बंद हुआ था।

# सैमसंग तीसरी तिमाही में 23% की हिस्सेदारी के साथ भारत के स्मार्टफोन बाजार में पहले स्थान पर रहाः काउंटरप्वाइंट रिसर्च


**गुरुग्राम।** सैमसंग 2024 की तीसरी तिमाही में भारत में वैल्यू के हिसाब से सबसे बड़ा स्मार्टफोन ब्रांड रहा। यह जानकारी काउंटरपॉइंट रिसर्च के द्वारा दी गई है। रिसर्च एजेंसी के अनुसार, इस तिमाही में सैमसंग के नेतृत्व में भारत के स्मार्टफोन बाजार ने सबसे ज्यादा वैल्यू प्राप्त की, और सैमसंग की बाजार हिस्सेदारी 23% रही।

सीनियर रिसर्च एनालिस्ट प्रचीर सिंह ने कहा, ''बाजार में अब कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ बिक्री में भी वृद्धि हो रही है। ईएमआई के आसान विकल्प और पुराने फोन बदलने की सुविधा इसका प्रमुख कारण हैं। सैमसंग फिलहाल 23% की हिस्सेदारी के साथ बाजार में पहले नंबर पर है। इसने अपनी प्रमुख गैलेक्सी एस सीरीज़ पर ध्यान देकर और अपने मूल्य-आधारित पोर्टफोलियो को बेहतर बनाकर अपनी स्थिति बनाए रखा है। अपनी बाजार उपस्थिति मजबूत करने के लिए, सैमसंग ने ए सीरीज में अपने मिड-रेंज और किफायती प्रीमियम मॉडलों में गैलेक्सी एआई फीचर्स को शामिल किया है।''

काउंटरप्वाइंट ने कहा कि, जुलाई से सितंबर 2024 की तीसरी तिमाही के दौरान, स्मार्टफोन बाजार का कुल मूल्य पिछले साल की तुलना में 12% बढ़ गया, जो एक तिमाही में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि है। वहीं, इस दौरान स्मार्टफोन की बिक्री की संख्या में 3% की सालाना बढ़ोतरी हुई है।

दरअसल, उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी और त्योहारी सीज़न के जल्दी शुरू होने के कारण बिक्री में बढ़ोतरी हुई है। रिसर्च एजेंसी के मुताबिक, ओईएम ने खुदरा विक्रेताओं को त्योहारी के लिए तैयार करने के लिए पर्याप्त सामान उपलब्ध करा दिया था, ताकि त्योहारों के दौरान बिक्री में होने वाली अनुमानित बढ़ोतरी को पूरा किया जा सके। हालांकि, पिछले साल की तुलना में इस साल त्योहारी बिक्री धीमी गति से शुरू हुई है।

# अभय प्रभावना म्युज़ियम का पुणे में हुआ उद्घाटन



**लखनऊ।** अभय प्रभावना म्युज़ियम, जैन दर्शन और भारतीय विरासत को समर्पित सबसे बड़े 'म्युज़ियम ऑफ आइडियाज़' का आधिकारिक उद्घाटन पुणे में हुआ। म्युज़ियम के संस्थापक एवं अमर प्रेरणा ट्रस्ट के चेयरमैन अभय फिरोदिया द्वारा स्थापित यह म्युज़ियम भारत की आध्यात्मिक धरोहर को संरक्षित करने और बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उद्घाटन के अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गड़करी तथा ग्वालियर के महाराजा एवं केन्द्रीय मंत्री महामहिम ज्योर्तिदात्यि सिंदिया मौजूद रहे। जस्टिस दलवीर भंडारी, इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस, द हॉग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मेवाड़ के महामहिम महाराज कुमार लक्ष्यराज सिंह; पद्मभूषण डी आर मेहता, संस्थापक बीएमवीएसएस; और पद्म भूषण अन्ना हज़ारे, गांधियन नेता माननीय अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इन्द्रयानी नदी के किनारे पर स्थित अभय प्रभावना म्युज़ियम 3.5 लाख वर्गफीट में एयर-कंडीशन्ड स्पेस में फैला है। इसे भारतीय मूल्यों और जैन शिक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। 30 से अधिक गैलेरीज़ में 350 से अधिक कलाकृतियां जैन मूल्यों जैसे सुरक्षा, उत्पादकता, समृद्धि, सहानुभुति, खुले विचारों एवं व्यक्तिगत स्तर पर नैतिक जीवनशैली पर ज़ोर देती हैं। 50 एकड़ (20 हेक्टेयर) में स्थित यह म्युज़िम हाई-टेक ऑडियो-विज़ुअल्स, एनीमेशन्स, वर्चुअल रिएल्टी, 350 से अधिक कलाकृतियों, मूर्तियों और भव्य प्रतिकृतियों के साथ अनूठा अनुभव प्रदान करता है। तथा जटिल आध्यात्मिक एवं दार्शनिक अवधारणाओं को आसान तरीके से समझने में मदद करता है।

# मेंटोस ने रंगारंग कैम्पेन यस टू फ्रेश लॉन्च किया

परफेटी वैन मेले इंडिया के ब्रांड मेंटोस ने लंबे समय के बाद टेलीविजन स्क्रीन पर रंगारंग कैम्पेन यस टू फ्रेश लॉन्च किया है। यह कैम्पेन मेंटोस के ताजा स्वाद के साथ उबाऊ और बोरियत भरे पलों को शानदार अनुभव में बदलने की कहानी कहता है। इस कैम्पेन में अभिनेता अभय वर्मा मुख्य भूमिका में दिखेंगे। इस कैम्पेन में दिखाया गया है कि किस प्रकार मेंटोस आपके रोज़मर्रा के पलों को तरोताजा और ऊर्जा से भरपूर बना देता है। ब्रांड फिल्म के पीछे की सोच यह दिखाना है कि मेंटोस कैंडी खाने का मतलब है मौज-मस्ती, साथ ही इसे खाने से जिंदगी में एक ताजगी और क्रिएटिविटी आ जाती है। मेंटोस की यही खूबी 'यस टू फ्रेश' कॉन्सेप्ट में भी दिखाई देती है।

8 साल बाद मेंटोस की वापसी पर ओगिल्वी वेस्ट के मैनेजिंग पार्टनर (क्रिएटिव) अनुराग अग्निहोत्री ने कहा, ÷हम बेहद सरल लेकिन प्रभावशाली तरीके से अपना संदेश देना चाहते थे। हमारी जिंदगी में अक्सर ऐसे पल आते हैं जहां हम नीरसता के चक्र में फंसा हुआ महसूस करते हैं। यहीं पर मेंटोस की भूमिका और भी अहम हो जाती है। सिर्फ़ एक





बार में, मेंटोस आपके बोरियत भरे पलों को मौज-मस्ती में बदल देता है। परिस्थिति चाहे कितनी भी उबाऊ क्यों न हो, मेंटोस उसे यादगार और तरोताज़ा बना देता है। यही कारण है कि मेंटोस - यस टू फ्रेश! है।

अभिनेता अभय वर्मा कहते हैं, कि ÷बचपन में, मेरे लिए रिफ्रेशमेंट का मतलब मेंटोस था। मैं अपनी रोज़ाना की पॉकेट मनी से सबसे पहले मेंटोस खरीदता था। ईमानदारी से कहूँ तो आज भी यही होता है! वास्तव में, अब रेनबो रोल के साथ मेंटोस और भी बेहतर हो गई है। यह हमेशा से मेरी जिंदगी में शामिल रहा है। यही कारण है कि इतने सालों के बाद भी इस प्रतिष्ठित ब्रांड का चेहरा बनकर, मुझे ऐसा लगता है जैसे मेरी जिंदगी का चक्र पूरा हो गया हो। यह मेरी ओर से यस टू फ्रेश है, क्योंकि मैं जिंदगी को खुलकर जीता हूं। इस एड फिल्म में मेंटोस रेनबो रोल को दिखाया गया है। यह मेंटोस के वाइब्रेंट पोर्टफोलियो का सबसे लोकप्रिय प्रोडक्ट है। इसमें स्ट्रॉबेरी, संतरा, तरबूज और अनानास जैसे फलों का स्वाद मिलता है। ये रेनबो रोल क्लासिक मेंटोस के टेस्ट को और भी शानदार बना देता है।

इस फिल्म की शुरुआत एक आम बायोलॉजी क्लास से होती है, जहां छात्र ऊबे हुए, जम्हाई लेते और खोए खोए से दिखाई देते हैं। मुख्य भूमिका निभाने वाले अभय वर्मा इसी ऊब के बीच मेंटोस कैंडी को अपने मुंह में डालते हैं। मेंटोस खाते ही तुरन्त ही उसे ताजगी की लहर महसूस होती है। उनके मूड में आया ये बदलाव दमदार म्यूजिक और बदले माहौल से साफ पता भी चलता है।

ऐसे में बोरियत भरी क्लास अभय के दिमाग में एक जिंदादिल जगह में बदल जाती है। उसके कपड़े रंग-बिरंगे हो जाते हैं, दीवारें जगमगाने लगती हैं, बेंचें घूमने लग जाती हैं और पूरे माहौल में मस्ती फैल जाती है, जबकि उसके पास बैठे दूसरे छात्र इससे पूरी तरह से अनजान रहते हैं, यह इस पूरे सीन को और भी मजेदार बना देता है।

# काउंटडाउन शुरू हुआ... नेटफ्लिक्स की 'सिकंदर का मुकद्दर' इस दिन प्रसारित होगी




**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स का क्राईम ड्रामा सिकंदर का मुकद्दर सभी का इंतजार खत्म करते हुए 29 नवंबर को प्रसारित होने वाला है। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जिमी शेरगिल, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, और राजीव मेहता मुख्य भूमिकाएं निभा रहे हैं। इस फिल्म में पांडे ने अपने सिग्नेचर स्टाईल में नेटफ्लिक्स के दर्शकों के लिए कहानी को बहुत दिलचस्प बना दिया है। सिकंदर का मुकद्दर में एक चोरी, एक पुलिस अधिकारी के इंस्टिंक्ट्स, और 15 साल तक पीछा करने की रोचक कहानी एक रोमांचक अनुभव प्रदान करेगी। इससे पहले नीरज पांडे ने नेटफ्लिक्स के साथ खाकीःबिहार चैप्टर के लिए काम किया था। इस क्राईम और पीछा करने की कहानी के साथ उन्होंने नेटफ्लिक्स पर अपनी वापसी की है।

तो तैयार हो जाईये, 29 नवंबर को केवल नेटफ्लिक्स पर यह रोमांचक कहानी देखने के लिए।

# केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी हैदराबाद में IEEE GRSS SYW 2024 का भव्य आयोजन



**नई दिल्ली।** केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, हैदराबाद के अजीज नगर कैंपस में IEEE GRSS SYW 2024 का आयोजन किया गया, जहाँ IEEE GRSS के छात्र, युवा प्रोफेशनल और महिला कांग्रेस के सदस्य एकत्रित हुए। यह सम्मेलन IEEE GRSS की प्रोफेशनल गतिविधियों, ग्लोबल इनिशिएटिव्स और IEEE REACT इंडिया इनिशिएटिव के सहयोग से संचालित हुआ। इसका प्रमुख विषय कृषि-खाद्य प्रणालियों में मशीन लर्निंग और GIS' रहा, जो कृषि और खाद्य प्रणालियों में इन उन्नत तकनीकों के योगदान को उजागर करता है। वक्ताओं में प्रमुख नाम शामिल थे जैसे कीली रॉथ (प्लैनेट, USA), फैरूज़ स्टाम्बौली (DLR, जर्मनी), मिहाई डाट्कू (DLR, जर्मनी), अविक भट्टाचार्य (IIT बॉम्बे), रहिशा थोट्टोलिल (IIIT बेंगलुरु), और शोभा पेरियासामी (अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई)। इन विशेषज्ञों ने भूविज्ञान अनुप्रयोगों की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए, जो कृषि को बढ़ावा दे सकते हैं।

इस कार्यक्रम में भारत के छह GRSS चैप्टर्स–हैदराबाद, बेंगलुरु, कोलकाता, गुजरात, केरल और बॉम्बे–और नौ छात्र शाखाओं से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें IITs, IIITs और ISRO केंद्रों जैसे 29 प्रतिष्ठित संस्थानों से 121 लोग शामिल हुए। इस शानदार उपस्थिति ने इस कांफ्रेंस की व्यापक अपील और पेशेवर समुदाय पर इसके प्रभाव को दर्शाया।

हमें IEEE GRSS SYW 2024 की मेज़बानी करने का गर्व है, क्योंकि यह विशेषज्ञों को एक मंच पर लाती है जहां वे कृषि में मशीन लर्निंग और GIS की नई संभावनाओं पर चर्चा कर सकते हैं," KL डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. जी. परधा सारधी वर्मा ने कहा यह आयोजन हमारे नवाचार और अंतरविभागीय सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक कदम है, जो छात्रों और पेशेवरों को ऐसे आवश्यक ज्ञान प्रदान करती है जो उन्हें खाद्य प्रणालियों में प्रभावी योगदान देने में सहायता करता है। हमारा उद्देश्य कृषि और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्रों में अग्रणी बनने का है, जिससे हम न केवल भविष्य के विद्यार्थियों को प्रेरित कर सकें, बल्कि उन्हें खाद्य सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता से जुड़े चुनौतीपूर्ण मुद्दों के समाधान हेतु भी तैयार कर सकें।

# हजरतगंज सोशल लखनऊ में भोजन, संस्कृति और अविस्मरणीय वाइब्स के लिए जाना-माना स्थल बन गया है

हज़रतगंज SOCIAL

**लखनऊ।** सितंबर में अपनी शुरुआत के बाद से, हजरतगंज सोशल ने हजारों मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया है, और जल्द ही लखनऊ का पसंदीदा मिलन स्थल बन गया है। खूबसूरती से बहाल की गई हवेली में बसा, हजरतगंज सोशल विरासत और आधुनिक स्वभाव का एक अनूठा मिश्रण लाता है, जो हजरतगंज की जीवंत ÷गंजिंग÷ संस्कृति को दर्शाता है, जहाँ स्थानीय लोग टहलते हैं, खरीदारी करते हैं और मिलते-जुलते हैं।

अतिथियों ने अबरा कबाब रा प्लेटर, पनीर टिक्का और भीड़ को लुभाने वाले संस्कारी मोजिटो जैसे बेस्टसेलर के साथ रोमांचक मेनू का आनंद लिया है। बेल पेपर पिज्जा भी शाकाहारी भोजन करने वालों के बीच पसंदीदा बन गया है, जो हर स्वाद के लिए कुछ न कुछ पेश करने की सोशल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रत्येक व्यंजन लखनऊ के पाक सार को दर्शाने के लिए तैयार किया गया है, जिसमें बोल्ड और आरामदायक स्वाद हैं जो शहर के भोजन-प्रेमी लोगों के साथ प्रतिध्वनित होते हैं। हजरतगंज सोशल की छत पर बना सोशल छत एक अनूठा अनुभव प्रदान करता है, जहाँ से जनरल पोस्ट ऑफिस जैसे स्थलों का मनोरम दृश्य दिखाई देता है, जो इसे शहर के आकर्षण में डूबने के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है। यह स्थान जल्दी ही लखनऊवासियों के लिए पसंदीदा स्थान बन गया है, चाहे वह कैजुअल कॉफ़ी के लिए हो, एक जीवंत सभा के लिए हो या दोस्तों के साथ रात बिताने के लिए हो। लखनऊ में सोशल के पहले आउटलेट के रूप में, हजरतगंज सोशल लखनऊ के समृद्ध इतिहास को आधुनिक मोड़ के साथ जोड़ता है, जिससे हर यात्रा यादगार बन जाती है।

# जुगल किशोर ज्वैलर्स 'बाय राजन रस्तोगी से खरीदारी कर भाग्यशाली विजेताओं ने जीता बलेनो कार और थाईलैंड ट्रिप

**लखनऊ।** राजधानी के प्रतिष्ठित आभूषण ब्रांड जुगल किशोर ज्वैलर्स बाय राजन रस्तोगी ने अपने ग्राहकों के लिए धनतेरस और दिवाली के खास मौके पर एक मेगा ड्रा का आयोजन किया, जिसमें विजेताओं को आकर्षक उपहार जीतने का अवसर मिला। इस मेगा ड्रा में लकी विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप एक शानदार बलेनो कार और कपल के लिए थाईलैंड ट्रिप जैसे बड़े इनाम दिए गए।

इस विशेष आयोजन के प्रथम पुरस्कार में श्रीमती अंजू देवी जैन ने बलेनो कार जीतकर अपनी किस्मत का ताला खोला। वहीं, दूसरे पुरस्कार में श्रीमती नमृता सिंह को थाईलैंड ट्रिप का अवसर मिला। जुगल किशोर ज्वैलर्स की इस योजना को ग्राहकों से भारी समर्थन और प्रोत्साहन मिला।

जुगल किशोर ज्वैलर्स बाय राजन रस्तोगी के प्रबंध निदेशक राजन रस्तोगी ने इस अवसर पर कहा, हमारे लिए यह बहुत गर्व की बात है कि हम अपने ग्राहकों को इस पर्व के



अवसर पर कुछ विशेष दे पा रहे हैं। हमारे ग्राहकों का भरोसा और उनकी पसंद ही हमारे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है और दीपावली के शुभ अवसर पर हम उन्हें उपहार देकर उनकी खुशी में शामिल होना चाहते हैं।

जुगल किशोर ज्वैलर्स के निदेशक श्री राघव रस्तोगी ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, धनतेरस और दिवाली पर आयोजित इस मेगा ड्रा का उद्देश्य हमारे ग्राहकों के साथ जुड़ाव को और मजबूत करना था। हमने पिछले साल भी इसी तरह की योजना में इग्निस कार, होंडा एक्टिवा और आईफोन जैसे बड़े इनाम दिए थे और इस बार भी हमने कुछ ऐसा ही प्रयास किया है।

यह योजना 3 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक चली, जिसमें 25000 रुपये या उससे अधिक की खरीदारी करने वाले ग्राहकों को एक लकी कूपन प्रदान किया गया। इन कूपनों के माध्यम से ग्राहकों को मेगा ड्रा में भाग लेने का मौका मिला, जिससे वे बड़े इनाम जीत सकते थे। इस आयोजन का उद्देश्य न सिर्फ ग्राहकों को आभूषणों की खरीदारी पर बेहतरीन ऑफर देना था, बल्कि त्योहारों के मौके पर उनकी खुशियों को भी बढ़ाना था।

# शराब तस्करी गैंग का पर्दाफाश, 10 लाख की अवैध शराब बरामद



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कोतवाली हाटा पुलिस ने अंर्तराज्यीय शराब तस्करी गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो शराब तस्करों के पास से कुल 10 लाख रुपए की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है।

अवैध शराब की बिक्री, निष्कर्षण व परिवहन के रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना कोतवाली हाटा पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर दो अभियुक्तों पवन कुमार पुत्र स्व. रामसेवक निवासी रजमऊ थाना वेदपुरा जनपद इटावा व वीरेन्द्र सिंह पुत्र विशुन दयाल सिंह निवासी रजमऊ थाना वेदपुरा जनपद इटावा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक पिकअप से तस्करी कर ले जाई जा रही 30 पेटी (कुल 1440 टेट्रा पैक) रॉयल क्लासिक व्हिस्की अंग्रेजी शराब राजस्थान निर्मित प्रत्येक 180 एमएल कुल 259.2 लीटर शराब की बरामदगी की गई। पूछताछ में तस्करों द्वारा बताया गया कि वे लोग आगरा के समीपवर्ती राज्य राजस्थान के भरतपुर जिला से अवैध शराब खरीद कर यूपी के रास्ते बिहार राज्य में शराब बेचने हेतु ले जा रहे थे और बिहार राज्य में अच्छे दर से शराब की बिक्री कर धन अर्जित करते हैं। पुलिस आवश्यक कार्रवाई करते तस्करों को जेल भेज दिया।

## कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय...अस्ताचलगामी सूर्य को वर्ती महिलाओं ने दिया अर्घ्य

# छठ घाटों पर मेले जैसा रहा माहौल, सुरक्षा व्यवस्था का रहा पुख्ता इंतजाम









अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय, केरवा जे फरेला घवद से, ओहि पर सुगा मेड़राय÷ कर्ण प्रिय पारंपरिक गीत गाती व्रती महिलाएं गुरुवार की शाम जब घाट पर पहुंचीं तो तालाब व पोखरों पर आध्यात्मिक छटा बिखर गई। विभिन्न नदियों व ताल के किनारे बने छठ घाट भी छठ गीतों से गूंज उठे। छठ वेदियों की पूजा के बाद व्रती महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर घर की तरफ रुख किया। रात भर घरों में कोशी भरने और पूजन का क्रम चलता रहा। जगह-जगह सांस्कृतिक व भजन संध्या का भी आयोजन हुआ। करीब तीन बजे से घर के पुरुष अपने माथे पर दउरा लिए आगे चले पीछे से घर की महिलाए छठ गीत गाती अपने अपने छठ घाटों पर पहुंची। जहां पूजन कर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया।

### रंग-बिरंगी रोशनी से गुलजार रहा घाट

छठ घाट पर रंग-बिरंगी रोशनी से जिले भर के छठ घाट गुलजार रहे। गीतों की गूंज दूर दूर तक सुनाई देती रही। हाथ में जल लेकर भगवान तजोरुप की ओर टकटकी लगाए पानी में खड़ी महिलाओं की श्रद्धा देखने लायक रही। भगवान दीप्त मूर्ति के दर्शन के लिए महिलाओं का धैर्य नहीं टूटा। उगते हुए ओजस्कर को अर्घ्य देने के बाद महिलाओं ने जलते हुए दीप पानी में प्रभावित किया। इसी के साथ छठ पूजन का चार दिवसीय व्रत समापन हुआ।

### सुरक्षा को लेकर प्रशासन मुस्तैद रही

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही। डीएम विशाल भारद्वाज व एसपी संतोष कुमार मिश्रा खुद छठ घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा के इंतजाम को देख और मातहतों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद रहे।

### छठ घाटों पर मेले जैसा दिखा उत्साह

पडरौना नगर छावनी स्थित पोखरा, जंगल बेलवा स्थित घाट, रामलीला मैदान स्थित पोखरा, बावली चौक स्थित पोखरा, कसया में हिरण्यवती नदी घाट, श्रीनाथ पोखरा, कप्तानगंज में राम जानकी घाट, हाटा स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर की छठ घाट, सेवरही के शिवा घाट, बांसी घाट, मथौली में काली मंदिर घाट सहित जिले के सभी छठ घाटों पर व्रती महिलाओं का उत्साह देखने लायक था। घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। यहां का दृश्य मेले जैसे था।

### जनप्रतिनिधियों ने मांगा आर्शीवाद

छठ घाट पर जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए छठी मइया एवं व्रती महिलाओं से अपने राजनीति उज्जवल भविष्य की कामना के लिए आर्शीवाद प्राप्त किया।

### युवाओं में सेल्फी का दिखा क्रेज

पूजन सामग्री के साथ युवाओं ने खूब सेल्फी ली। इस दौरान बच्चों ने भी परिवार के साथ सेल्फी ली। बच्चों ने पूजन सामग्री को सिर पर रखकर भी सेल्फी ली। साथ ही युवाओं ने सेल्फी और फोटो को सोशल साइट पर अपलोड किया। फेसबुक, व्हाट्सएप के अलावा इंस्टाग्राम पर भी सेल्फी का खूब क्रेज दिखाई दिया। लोगों में छठ व्रत को लेकर काफी उत्साह भी नजर आया।

### डीएम व एसपी ने छठ घाट का किया निरीक्षण

सेवरही के शिवा घाट पर लोग आस्था का महापर्व छठ को लेकर जिलाधिकारी कुशीनगर व पुलिस अधीक्षक द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। नगर पंचायत सेवरही कस्बे से सटे शिवा घाट पर लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर जिलाधिकारी कुशीनगर विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान डीएम श्री भारद्वाज ने संबंधित अधिकारियों सहित नगर पंचायत को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालु तथा महिला भर्ती को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे लेकर सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। आवागमन की सुविधा के साथ ही पथ प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

# पीएन पाठक को हमीरपुर जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया



अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश में भाजपा के संगठन चुनाव के लिए हर जिले में अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी जा रही है कुशीनगर विधायक पीएन पाठक को हमीरपुर जिले के संगठन चुनाव के लिए प्रभारी मनोनीत किया गया है विधायक को नई जिम्मेदारी मिलने पर कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र की क्षेत्रीय जनता में हर्ष है।

बता दें कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश में हर जिले में संगठन चुनाव के लिए प्रदेश के हर जिले में संगठन चुनाव के लिए एक प्रभारी नियुक्त किया जा रहा है इसके तहत कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पीएन पाठक को हमीरपुर जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया नवनियुक्त प्रभारी पीएन पाठक ने कहा कि जो हमको नेतृत्व ने जिम्मेदारी सौंपी है उसको इमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का प्रयास किया जाएगा पूरी पारदर्शिता के साथ जिले के संगठन चुनाव को सम्पन्न कराया जाएगा विधायक पीएन पाठक को हमीरपुर जिले का प्रभारी नियुक्त होने पर मण्डल अध्यक्ष रामायण कुशवाहा, बच्चा सिंह, बिनोद कुमार गुप्ता अनिल प्रताप राव, विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, नीतीश यादव, दीपक शर्मा, राजकुमार यादव, दिनेश गुप्ता, शिब्लू सिंह राजेश कुमार शुभम दीक्षित राजू सिंह आदि ने बधाई दी है।

# निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 9 व 10 को

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर दिनाक 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवम्बर 2024 तक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम के दौरान 09 नवम्बर 2024 (शनिवार) एवं 10 नवम्बर 2024 (रविवार) को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त के अतिरिक्त माह के अन्य दिवसों यथा 23 एवं 24 नवम्बर 2024 को भी विशेष कैम्प आयोजित किया जायेगा जिसमें सम्बन्धित बी0एल0ओ0 मतदाता सूची एवं फार्मो के साथ मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहेंगे तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने सभी अर्ह नागरिकों से अपील की है कि उपरोक्त अवधि में संबंधित मतदेय स्थल अथवा तहसील में जाकर आलेख्य मतदाता सूची का निरीक्षण कर लें।यदि किसी अर्ह मतदाता जो 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की उम्र पूरी कर रहे हो अथवा उससे अधिक आयु के हों परन्तु उनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित न हुआ हो तो प्रारूप-6 में अपना आवेदन सम्बन्धित पदाभिहीत स्थल पर नियुक्त पदाभिहीत अधिकारी बूथ लेबिल आफिसर (बी0एल0ओ0) के समक्ष अथवा सम्बन्धित तहसील क्षेत्र के मतदाता रजिस्ट्रेशन केन्द्रों पर प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने बताया कि किसी सम्मिलित नाम के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो प्रारूप-7 एवं मतदाता के नाम से सम्बन्धित किसी प्रविष्टि में कोई त्रुटि हो तो उसे शुद्ध कराने या उसी विधानसभा के किसी अन्य मतदेय स्थल पर स्थानांतरित कराये जाने अथवा डुप्लीकेट पहचान पत्र जारी कराये जाने या दिव्यांग मतदाता चिन्हित कराये जाने हेतु प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं इसके अतिरिक्त निर्वाचन आयोग द्वारा अब वर्ष में 04 अर्हक तिथि क्रमशः 01 जनवरी, 01 अप्रैल 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित की गयी है अर्थात एक पात्र नागरिक की जो वर्ष 2025 में अर्ह तारीख अर्थात 01 अप्रैल 2025, 01 जुलाई 2025 या 01 अक्टूबर 2025 में से किसी भी तिथि को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाला है यह अग्रिम में प्रारूप-6 में निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित करने के लिए दावा कर सकेगा और उस पर संबंधित अर्हता तारीख के संदर्भ में संबंधित तिमाही में विचार और विनिश्चय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन के प्रारूप सम्बन्धित तहसील के मतदाता पंजीकरण केन्द्र एवं समस्त पदाभिहीत स्थलों पर नियुक्त पदाभिहीत आफिसरों बूथ लेबिल आफीसर (बी0एल0ओ0) विशेष कैम्प में समस्त मतदेय स्थलों पर तथा जिला निर्वाचन कार्यालय अमेठी में निःशुल्क प्राप्त जमा किये जा सकते है तथा इस हेतु मतदाता सूची को अद्यावधिक शुद्ध एवं सही तैयार कराने के लिए जिले के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं समाजसेवी संस्थानों तथा नागरिकों से सहयोग अपेक्षित है।

### जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमेठी।** मिशन शक्ति फेज 05 के तहत पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्दति विद्यालय असैदापुर विकास खंड गौरीगंज में मिशन शक्ति के उद्देश्यों एवं महिलाओं के आत्म रक्षा संबंधी विषयों पर चर्चा जागरूकता कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महिलाओं से संबंधित सरकारी योजनाओं हेल्प लाइन नंबर 1090 साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे में भी छात्राओं को विस्तार से बताया गया ।कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुश्री रागिनी पांडेय सुश्री अंजली राय एवं विद्यालय के सहयोग से किया गया।

# आईजीआरएस निस्तारण में कुशीनगर को मिला प्रदेश में पहला स्थान

### जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि पर सभी अधिकारियों को दी बधाई

**कुशीनगर। (अवधनामा ब्यूरो)** जन शिकायतों के निस्तारण में प्रशासन की ओर से की जा रही पहल में जनपद को बड़ी सफलता मिली है। आज जारी अक्टूबर माह की एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) रैंकिंग में जनपद कुशीनगर को पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। शासन द्वारा जारी रैंकिंग में कुशीनगर को 96.15 अंक मिले हैं। जनपद के 06 तहसीलों में 05 तहसीलों को प्रथम स्थान मिला, तथा प्रदेश में जनपद को प्रथम स्थान मिला है। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने इस उपलब्धि के लिए आईजीआरएस के नोडल अधिकारी एडीएम वैभव मिश्रा सहित जनपद के समस्त अधिकारियों, कार्मिकों को बधाई दी हैं। उन्होंने कहा कि शासन की नीति के अनुसार आईजीआरएस प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। आईजीआरएस प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग एवं समीक्षा की जा रही है। शिकायतों के निस्तारण में जन अपेक्षाओं के अनुरूप और बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा। आईजीआरएस रैंकिंग का निर्धारण जन शिकायतों के निस्तारण के आधार पर किया जाता है। इन शिकायतों में जिलाधिकारी जनता दर्शन, तहसील दिवस, पीजी पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय संदर्भ, सहित विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों के माध्यम से आने वाली शिकायतों एवं उनके निस्तारण के आधार पर किया जाता है। जिन शिकायतों का निस्तारण संतोषजनक नहीं होता है, उन्हें सी श्रेणी में प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराया जाता है। जिसके तहत 24 घंटे से 15 दिन के बीच शिकायतों के निस्तारण का प्रावधान है।

# चकबंदी कार्यों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में चल रहे चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के संबंध में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से जानकारी ली जिस पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में जनपद में चकबंदी की प्रक्रिया में 52 गांव शामिल थे जिसमें से अब तक 6 गांव की चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है गांव के अभिलेख तहसील को भेजे जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त धारा 7 में 11 गांव धारा 8 में 3 गांव धारा 9 में 1 गांव धारा 10 में 9 गांव धारा 20 में 9 गांव तथा धारा 27 में 11 गांवों में कार्य चल रहा है जिन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्य निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार करें साथ ही पुराने गांव जो चकबंदी में चल रहे हैं उनको शीघ्र कब्जा परिवर्तन कर चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं। किसी भी गांव में चकबंदी प्रक्रिया को रोका न जाए सभी गांवों में चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए। बैठक में उन्होंने चकबंदी के तहत लंबित मुकदमों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार कार्य करते हुए चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरती जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्र बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह सहित समस्त चकबंदी अधिकारी सहायक संबंधी अधिकारी उपस्थित रहे।

### गांव से लेकर शहर तक रही छठ गीतों की धूम

**अमेठी।** जिले में गांव से लेकर शहर तक छठ गीतों की धूम रही। मोबाइल और अन्य उपकरणों पर जो लोग छठ व्रत नहीं करते वह भी गुरुवार को निष्ठा भाव के साथ छठ गीत सुनते नजर आए।जनपद में बने विभिन्न छठ घाटों पर गुरुवार की शाम छठ व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया 36 घंटे तक चलने वाले निर्जला व्रत में छठ व्रतियों ने दिनभर उपवास के बाद शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया।शुक्रवार को सुबह सूर्योदय के समय अर्घ्य देकर यह व्रत सम्पन्न होगा।छठ घाट पर छठ गीतों की धूम लोगो को आकर्षित कर रही है।नगर अमेठी में मुंशीगंज रोड पर फायर स्टेशन के पास छठ घाट बनाया गया है।यहां दर्जनों परिवार की महिलाओं ने पूजन कर अर्घ्य दिया। वहीं कालिकन धाम सगरा में भी दर्जनों व्रतियों ने पूजन कर अर्घ्य दिया। जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित लोदी बाबा धाम पर छठ की घूम रही यहां भी व्रतियों ने पूजन अर्चन कर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया।पूर्वांचल और बिहार का प्रमुख त्यौहार उत्तर भारत में भी मनाया जा रहा है नौकरी पेशा के कारण कई परिवार पूर्वांचल और बिहार के यहां रहने लगे है साथ ही शादी विवाह के कारण कुछ महिलाये अपने मायके के अनुरूप छठ पर्व को यहां मना रही है।धीरे धीरे छठ पर्व की लोकप्रियता यहां भी बढ़ती जा रही है।मंगलवार से छठ पूजा का महापर्व शुरू हुआ है । यह त्योहार 4 दिन तक मनाया जाता है।पहले दिन नहाय-खाए दूसरे दिन खरना और तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य की पूजा और अर्घ्य चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हैं।

# छह माह की बच्ची अस्पताल में लावारिश हालत में मिली, मां का पता नहीं



अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज में एक बेरहम मां ने छह माह की बच्ची को लावारिस हालत में छोड़ दिया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर पहुंचे स्वास्थ्य कर्मियों ने उसके मां को तलाश करने लगे, लेकिन पता नहीं चला। इसकी जानकारी एमओआईसी ने चाइल्ड लाइन को दिया। तब तक बच्ची की देखभाल एक आशा कार्यकत्रिय द्वारा की जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज में गुरुवार को एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बेरहम मां ने छह माह की बच्ची को अस्पताल में लावारिश हालत में छोड़ दिया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर स्वास्थ्य कर्मी पहुंचे और इसकी जानकारी प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर सूर्यभान कुशवाहा को दिए। स्वास्थ्य कर्मियों ने घंटों तक बच्ची के मां का तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद एमओआईसी डॉक्टर सूर्यभान कुशवाहा ने 1090 पर फोन कर चाइल्ड लाइन को दिया। तब तक नवजात बच्ची का देखभाल एक आशा कार्यकत्रिय रीना कुशवाहा जो सिधावट रामकोला की रहने वाली है कर रही है। डॉ सूर्यभान कुशवाहा ने संभ्रांत व अन्य लोगों से अपील किया कि जिस महिला का यह बच्ची है उसे आकर ले जा सकती है नहीं तो बच्ची को चाइल्ड लाइन में सुपुर्द कर दिया जाएगा। उधर आश कार्यकत्री बच्ची को पालन पोषण करने के लिए मांग रही है।

# जिलाधिकारी ने धान क्रय केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने डलमऊ के राजकीय धान क्रय केंद्र,कठगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि धान क्रय केंद्रों पर धान खरीद में तेजी लाई जाए और क्रय केंद्र पर किसानों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाए। उन्हें लाइन में ना लगाया जाए और समय से उनके धानो का क्रय किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की समस्याओं को समझें और उनका समय पर समाधान करे। धान खरीद की प्रक्रिया में कोई देरी न हो और किसानों को उनकी उपज का मूल्य सही समय पर मिले। जिलाधिकारी ने कहा कि अब तक क्रय किए गए धानो का रखरखाव ठीक प्रकार से किया जाए।

# जिलाधिकारी ने क्रॉप कटिंग का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** धान की पैदावार की हकीकत देखने के लिए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सदर तहसील क्षेत्र के सताव ब्लॉक के दरीबा गांव में पहुंची। उनकी देखरेख में क्रॉप कटिंग कर उत्पादकता का आकलन किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल धान कटाई के कुल चार खेतों में प्रयोग किए गए। एक निश्चित त्रिकोण क्षेत्र में फसल कटाई करके यह देखा गया कि कितनी उत्पादकता प्राप्त हो रही है।इसके के अंतर्गत दो खेतों में क्रॉप कटिंग की गई, जिसमें गाटा संख्या 492 में लगभग 55.9 कुंतल/हेक्टेयर के हिसाब से तथा गाटा संख्या 781 में 75.7 कुंतल/हेक्टेयर के हिसाब से उपज प्राप्त हुई। इसी प्रकार गाटा संख्या 496 में 48.9 कुंतल /हेक्टेयर, गाटा संख्या 767 में 7.6 कुंतल/हेक्टेयर के अनुपात में उपज प्राप्त हुई।

बता दें कि क्रॉप कटिंग से फसल की पैदावार देखी जाती है इसमें रेंडम आधार पर खेतों को चुनकर फसल की उत्पादकता का आकलन किया जाता है। कम उत्पादकता होने पर बीमा कंपनी किसानों को लाभ देती है, इसलिए किसानों को अधिक से अधिक फसल बीमा करा लेना चाहिए।

### 8 नवम्बर को छठ पूजा पर्व पर जनपद में स्थानीय अवकाश घोषितः डीएम

**रायबरेली।** जिलाधिकारी रायबरेली हर्षिता माथुर ने मैनुअल ऑफ गवर्नमेन्ट आर्डस (संशोधित) 1981 संस्करण पैरा-247 (सी) की व्यवस्था अंतर्गत जिलाधिकारी अपने स्तर से 03 स्थानीय अवकाश घोषित कर सकते हैं, के अनुसार 08 नवम्बर 2024 (दिन शुकवार) को छठ पूजा पर्व के उपलक्ष मे जनपद रायबरेली में स्थानीय अवकाश रहेगा। जिलाधिकारी रायबरेली हर्षिता माथुर ने यह भी बताया है कि शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त 01 नवम्बर 2024 (दिन शुकवार) को सार्वजनिक अवकाश निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट 1881 के अधीन घोषित किया गया है। दीपावली के सार्वजनिक अवकाश 01 नवम्बर 2024 को इस शर्त के अधीन घोषित किया जाता है कि 09 नवम्बर 2024 (दिन शनिवार) को शासकीय कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की भांति खुले रहेगें।

# हैण्डबाल प्रतियोगिता में आगरा गोरखपुर अयोध्या सहित विभिन्न टीमों ने किया शानदार प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** प्रदेश स्तरीय समन्वय सब-जूनियर बालक वर्ग हैण्डबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को आगरा गोरखपुर अयोध्या सहित विभिन्न मंडलों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया।नगर स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस अतिथि के रूप में तहसील अमेठी के उपजिलाधिकारी आशीष सिंह उपस्थित रहे। उपक्रीड़ाधिकारी मो मोसर्रफ खॉ ने बताया कि प्रतियोगिता में दो टीमों (टीम-ए व टीम-बी) के मध्य खेले गये मैचों में आजमगढ़ मण्डल ने 17-15 से बस्ती मण्डल अयोध्या मण्डल ने 20-05 से कानपुर मण्डल आजमगढ़ मण्डल ने 15-10 से प्रयागराज मण्डल देवीपाटन मण्डल ने 15-09 से गोरखपुर मण्डल अयोध्या मण्डल ने 23-16 से मुरादाबाद मण्डल लखनऊ मण्डल ने 20-05 से गोरखपुर मण्डल अलीगढ़ मण्डल ने 18-05 से झांसी मण्डल वाराणसी मण्डल ने 18-08 से बस्ती मण्डल आगरा मण्डल ने 12-03 से कानपुर मण्डल लखनऊ मण्डल ने 13-09 से बरेली मण्डल मिर्जापुर मण्डल ने 13-08 से झांसी मण्डल तथा लखनऊ मण्डल ने 21-11 से देवीपाटन मण्डल को पराजित किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान अर्न्तराष्ट्रीय प्रशिक्षक परमेन्द्र सिंह तौहीद खान संयुक्त सचिव उ0प्र0 हैण्डबाल संघ अमित पाण्डेय उपक्रीड़ाधिकारी मो मोसर्रफ खॉ एवं शमीम अहमद ने प्रतियोगिता में आये हुए अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया तथा प्रतियोगिता के आयोजन में निर्णायक के रूप में प्रेम प्रकाश संदीप राय पंकज यादव रणविजय त्रिपाठी उज्ज्वल जितेन्द्र शर्मा व गोविन्द निषाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# उत्तर प्रदेश में रेशम उत्पादन विकास के पथ पर अग्रसर

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश सरकार कृषि के विकास तथा किसानों की समृद्धि के लिए कृतसंकल्पित है। इस उद्देश्य से प्रदेश में किसानों के लिए अनेक योजनायें/कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। प्रदेश के किसानों की आय में वृद्धि के लिए कृषि का विविधीकरण आवश्यक है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने किसानों के कृषि उत्पादन में बढ़ोश्री और कृषकों को विविध फसलों की बुआई कर अतिरिक्त आय प्राप्त करने के लिए बीज, खाद, सिचाई आदि संसाधनों की पूरी सहायता दे रहे है। सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश फसलोत्पादन, तिलहन, दलहन आदि में अग्रणी है। कृषि विविधीकरण परियोजनाओं में रेशम कीट पालन किसानों के अतिरिक्त आय का प्रमुख स्रोत है।

प्रदेश में रेशम उत्पादन को दी जा रही सहायता/सुविधा का ही परिणाम है कि गत 10 वर्षों में उत्तर प्रदेश से रेशम के निर्यात में 28 गुना की वृद्धि हुई है, जो कृषि व अन्य उत्पादों के मुकाबले सर्वाधिक है। उत्र्रर प्रदेश में पिछले 9 वर्षों में रेशम का निर्यात रू0 9.11 करोड़ से बढ़कर रू0 251.65 करोड़ हो गया है। रेशम एक जैविक एवं प्राकृतिक कृषि आधारित उत्पाद है। प्रदेश में रेशम उत्पादन की अपार संभावनाये है। रेशम उत्पादन की वृद्धि के लिए किसानों को जागरूक कर रेशम कृषि से जोड़ा जा रहा है। परम्परागत फसलो के साथ-साथ रेशम कीट-पालन के लिए कृषको को शहतूत के पौधें, मेड़ों व खाली भूमि पर लगाते हुए कीट पालन करने के लिए विशेष जागरूकता लाई जा रही है। भारत सरकार के सेन्ट्रल सिल्क बोर्ड द्वारा सिल्क उत्पादन के लिए काफी सुविधायें दी जा रही है। वर्तमान में भारत अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व में दूसरा सबसे बड़ा रेशम उत्पादक देश है। विश्व रेशम उत्पादन का 42 प्रतिशत रेशम भारत वर्ष में उत्पादित होता है। विश्व में कुल 93,986 मीट्रिकटन उत्पादित रेशम में 38,913 मी0टन रेशम भारत में उत्पादित होता है। प्रदेश को रेशम उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए नवाचारों, नवीनतम तकनीको एवं अनुसंधानो पर बल देते हुए रेशम उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है। प्रदेश में नई परिभाषा एवं उत्साह के साथ रेशम उद्योग विकास के पथ पर अग्रसर है। कृषकों को रेशम कीटपालन एवं कोया उत्पादन अथवा धागा उत्पादन कार्य प्रारम्भ करने के लिये केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से संचालित योजनाओं के अन्तर्गत अनुदान सहायता दिये जाने हेतु पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से ''रेशम मित्र पोर्टल'' पर वर्ष 2023-24 से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने तथा पंजीकरण एवं मॉनीटरिंग व्यवस्था प्रारम्भ कर दी गयी है। कृषकों को मोबाइल के माध्यम से योजनाओं की आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने तथा शिकायते एवं सुझाव प्राप्त कर निस्तारण हेतु शिकायत प्रकोष्ठ के अन्तर्गत रेशम विभाग द्वारा मो0 नं0 7388305554 जारी किया गया है जो रेशम मित्र पोर्टल पर उपलब्ध है। प्रदेश में प्रथमबार एफ0पी0ओ0 को रेशम उत्पादन कार्यक्रमों से जोड़ कर परियोजनायें संचालित की जायेंगी जिसके लिये प्रथम चरण में कुल 03 एफ0पी0ओ0 जिनमें (2) शहतूती रेशम उत्पादन एवं 01 एरी रेशम उत्पादन) के प्रस्तावों का अनुमोदन भारत सरकार के केन्द्रीय रेशम बोर्ड से प्राप्त किया गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के लगभग 1050 महिला सदस्यों को रेशम उत्पादन के कार्यक्रमों से जोडा जा रहा है जिसके लिये राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं रेशम निदेशालय, उ0प्र0 के मध्य एम0ओ0यू0 गठित किया गया है। इसके अतिरिक्त कृषि आजीविका सखियों का उपयोग रेशम उद्योग के प्रचार प्रसार हेतु किया जा रहा है।

कच्चे रेशम उत्पादन में प्रदेश को आत्म निर्भर बनाने एवं प्रदेश में उत्पादित रेशम कोये की खपत प्रदेश में ही किये जाने की नीति तैयार कर रेशम धागाकरण इकाईयों को बढ़ावा दिया जा रहा है। पूर्व में संचालित 2 मल्टीइण्ड रीलिंग इकाई के अतिरिक्त रा0 कृ0वि0यो0 से 06 नई धागाकरण इकाईयों का विभिन्न जनपदों में स्थापित कर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। वर्ष 2024-25 में 4 नई मल्टीइण्ड रीलिंग इकाईयों की स्थापना का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त टसर क्षेत्र में टसर धागा उत्पादन कार्य हेतु 30 महिलाओं का ग्रुप बनाकर प्रत्येक सदस्य का एक-एक बुनियादी टसर रीलिंग चरखों की स्थापना की गयी है।प्रदेश में रेशम उत्पादन के लिए किसानों को कोया उत्पादन के लिए प्रदेश सरकार प्रशिक्षण एवं अनुदान भी दे रही है।

## उर्वरक सम्बन्धी समस्याओं के समाधान के लिए स्थापित हुआ कन्ट्रोल रूम

**बहराइच।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि रबी बुआई अभियान वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत जनपद में उर्वरकों की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की सतत् निगरानी रखने तथा जनपद के कृषकों की उर्वरक मांग के सापेक्ष उपलब्धता एवं वितरण से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी, बहराइच के कार्यालय मे कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है जिसका मोबाइल नम्बर 7839882245 है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि कृषक बन्धु सहकारी/निजी क्षेत्र के उर्वरक बिकी केन्द्र पर उर्वरकों की उपलब्धता, ओवररेटिंग/जमाखोरी, तस्करी या उर्वरकों के साथ विक्रेता द्वारा अन्य उर्वरक की टैगिंग किये जाने आदि के सम्बन्ध में अपनी शिकायत कन्ट्रोल रूम के मोबाइल नम्बर 78398 82245 के साथ साथ मो.न. 998414 5705 अथवा मो.न. 9839701048 पर दर्ज करा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुष्मान आरोग्य उपकेंद्र कंधईपुर का हाल-बेहाल, चारों तरफ गन्दगी मूत्रालय बना परिसर



**सुलतानपुर।** आरोग्यं परम् धनम का नारा देने वालों के लिये कंधईपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र परिसर की हाल-ए-गन्दगी किसी तमाचे से कम नहीं हैं। नाम है आयुष्मान आरोग्य मंदिर जिसका स्लोगन है आरोग्यं परम् धनम। ज़बाब में चारों तरफ गन्दगी की भरमार है, या यूं समझें स्वास्थ्य उपकेंद्र परिसर में पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण कीड़े बिलबिला रहे हैं। स्वास्थ्य इलाज़ की बात करें तो प्रतिदिन सैकड़ों के करीब मरीज आतें हैं अपना इलाज कराने, जहां स्वच्छ पेय जल की विकट समस्या है। आरोग्य मंदिर के सामने लगा हुआ इंडियामार्का नल पूरी तरह रोग ग्रस्त हैं स्वच्छ पानी के बजाय आंसुओं की धार बहा रहा है उसके महज़ उपयोग की बात करें तो लोग मूत्र विसर्जन के बाद हांथ शुद्ध करने का कार्य करते हैं। जनमानस के स्वास्थ्य मामले को लेकर सरकार की महत्वपूर्ण आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना इन ज़िम्मेदारों की भेंट चढ़ चुका है, दृष्टिगत महामारी जैसी घातक व मच्छर बीमारी की प्रबल् संभावना बरकरार है।

### अपर पुलिस अधीक्षक का आई पी एस के पद पर प्रोन्नत होने पर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में हुआ आयोजन



**सुल्तानपुर।** पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय सुल्तानपुर में नियुक्त अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा को आईपीएस संवर्ग में प्रोन्नत होने पर संस्थान में पिपिंग सरमनी का आयोजन किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक अजय आनंद, पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार मिश्र तथा अन्य अधिकारियों ने प्रोन्नत अधिकारी को आईपीएस का वैज पहनाकर शुभकामनायें दीं। अभी हाल ही में भारत सरकार द्वारा मायाराम वर्मा अपर पुलिस अधीक्षक का प्रमोशन आईपीएस संवर्ग (यू.पी.कैडर) में किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम के आईपीएस संवर्ग में प्रोन्नत होने पर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में खुशी का माहौल है।

### रन फार यूनिटी का आयोजन




**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया। प्रोग्राम का उद्देश्य एकता के माध्यम से अखंड भारत का सन्देश देना था। अवकाश होने के कारण यह प्रोग्राम आज आयोजित हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ एम पी सिंह ने बताया कि दिवाली अवकाश होने के कारण उस समय छात्र उपलब्ध नहीं हुए। इस दौरान डॉ टी एच नकवी, प्रवीन कुमार पालीवाल, डॉ सुशील कुमार, डॉ आर बी पांडेय, नवीन पालीवाल, एजाज आदि उपस्थित रहे। छात्राओं में आरुशी तथा छात्रों में ब्रजेश प्रथम रहे। प्राचार्य ने अपने संदेश में सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

### विद्यार्थियों ने किया पर्यावरण मित्र वन दर्शन




**शिकोहाबाद।** संस्था पर्यावरण मित्र द्वारा आयोजित वन दर्शन कार्यक्रम में नारायाण महाविद्यालया कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने वनों के बारे में जानकारी के साथ ही जैविक खेती के बारे में भी ज्ञान प्राप्त किया। वन दर्शन का मुख्य उद्देश्य वर्तमान पीढ़ी को प्रकृति एवं जैविक खेती के प्रति जारूगक करना है। विद्यार्थियों को बताया गया कि पर्यावरण मित्र संस्था भूमि, जल, वायु एवं ध्वनि प्रदूषणों को यथाशक्ति कम करने के उद्देश्य के साथ वर्ष 2004 से संस्था अध्यक्ष किरण बजाज के नेतृत्व में कार्य कर रही है। विद्यार्थियों ने पर्यावरण मित्र द्वारा संचालित जैविक खेती, जैविक खाद, नर्सरी, मिश्रित वन. बागानों का विजिट कर उनकी उपियोगिता के बारे में ज्ञान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय से नारायण महाविद्यालय से डॉ, एएन यादव उपस्थित रहे।

### पति ने दर्ज कराई पत्नी व बच्चों के गुम होने की रिपोर्ट

**टूंडला।** पत्नी सहित बच्चे साई मंदिर की बोलकर गये थे। जब घर वापस नहीं आये तो परिजनों को शंका होने लगी। परिजनों काफी खोजबिन की लेकिन कोई अता पता नहीं चल सका। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रवेश कुमार पुत्र लक्ष्मन प्रसाद निवासी राजपूत कालोनी टूंडला ने लिखाई रिपोर्ट में बताया है कि चांट, पकौड़ी ठेल लगाता है प्रतिदिन की भांति बाजार आया था। शाम को उसकी पत्नी सरोज व पुत्री किरन, शिवानी, प्रज्ञा, पुत्र सूरज को लेकर सांई मंदिर जाने की कहकर गयी थी।

## अवैध तमंचा सहित एक पुलिस गिरफ्त में



**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को 01 अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त रोहित गुप्ता पुत्र राजकुमार गुप्ता निवासी म0नं0 52/7 पुरानी मंडी छोटा चौराहा थाना दक्षिण फिरोजाबाद को भोजपुरा फैक्ट्री के पास से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त पर मु0अ0सं0- 698/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना दक्षिण पर पंजीकृत है। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 योगेन्द्र पाल सिंह, उ0नि0 सिंहराज सिंह, हे0का0170 मदनलाल, का0 1069 पवन चपराना, का01550 विशेष राठी सम्मिलित रहे।

## दुष्कर्म वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के वाछिंत अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 331/2024 धारा 420/406/376 भादवि, थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद से संबंधित वांछित अभियुक्त सनी पुत्र फ़रजन्द अली निवासी घटिया आजम खाँ थाना हरिपर्वत जनपद आगरा को 07-11-2024 मसकन एसएफफर्नीचर स्टेशन रोड़ घटिया आजम खान थाना हरिपर्वत जनपद आगरा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सम्मिलित रहे निरीक्षक अपराध मोहम्मद हारुन, है0का0 434 लोकेन्द्र सिंह, है0का0 उपेन्द्र सिहं, है0का0 267 राहुल कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।

## आखिर क्यों है जिला प्रशासन लेखपाल मनोज पाठक पर मेहरबान

**सुल्तानपुर।** जहां एक तरफ अस्थाई पटाखा लाइसेंस के लाइसेंस जारी करने में अनियमितता बरतने पर अग्निशमन विभाग के सिपाही को पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने तुरन्त प्रभाव से निलंबित कर दिया। वहीं लेखपाल मनोज पाठक का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद भी उन्हें सिर्फ हटाया गया, निलंबित नहीं किया गया। अब सवाल या उठता है की मनोज पाठक की कितनी बड़ी पहुंच है, जिसकी वजह से आज भी वह तहसील सदर में ही जमे हुए हैं। उनका निलंबन तक नहीं हुआ है। सूत्रों के अनुसार तहसील में 10 साल की अवधि तक ही कार्य किया जा सकता है।लेकिन लेखपाल मनोज पाठक को 11 वर्ष हो गए हैं,उसके बाद भी उनके ऊपर ऐसा कौन सा बड़ा हाथ है। जिसकी वजह से उनको अभी तक तहसील से हटाया नहीं गया है। दबी जुबान से लोग यह भी कहते हैं की ऊंची पहुंच रखने के कारण मनोज पाठक कई सालों से तहसील में जमे हुए हैं।साथ ही साथ उनके पास अमहट और पयागीपुर का भी चार्ज है।

## नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को सम्पन्न कराये

**फिरोजाबाद।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी, ने जिला विद्यालय निरीक्षक, फिरोजाबाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, फिरोजाबाद को निर्देशित करते हुए कहा कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण अहंता तिथि 01.01.2025 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण दिनांक 29.10.2024 से 28.11.2024 तक अभियान चल रहा है। उक्त अभियान के दौरान 04 (चार) विशेष अभियान तिथियां यथा- 09.11.2024 (शनिवार), 10.11.2024 (रविवार), 23.11.2024 (शनिवार) एवं 24.11.2024 (रविवार) तिथियां निर्धारित की गयी है। उक्त तिथियों में पदानिहित अधिकारी मतदान केन्द्रों पर अर्ह मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने फार्म-6. नाम अपमार्जन फार्म-7 नामों में त्रुटियों को सही कराने हेतु फार्म-8 प्राप्त किये जायेगें, जिनके लिए बैठने की व्यवस्था, फर्नीचर, पानी व साफ-सफाई व्यवस्था तथा एक कर्मचारी को तैनात किया जायेगा।

## विधिक सेवा दिवस समाज के कमजोर वर्गों को न्याय तक पहुँच सुनिश्चित करने का महाअभियान

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विधिक सेवा दिवस दिनांक 09-11-2024 को भव्य रूप से मनाने के लिए 07-11-2024 को जनपद के समस्त तहसीलदारों और परा विधिक स्वयं सेवकों को विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। इस दिन का उद्देश्य समाज के हर वर्ग, विशेषकर कमजोर और पिछड़े वर्गो को न्यायिक सहायता और उन्हें कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। प्राधिकरण के सचिव श्री पीयूष सिद्धार्थ, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, फिरोजाबाद द्वारा बताया गया कि विधिक सेवा दिवस का मूल उद्देश्य ''न्याय सबके लिए'' की भावना को साकार करना है। यह दिन न केवल कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए समर्पित है, बल्कि उन लोगों तक न्याय पहुंचाने का माध्यम भी है, जो अपने अधिकारों से बंचित हैं। इसके तहत अनुसूचित जाति, जनजाति, महिलाएं, बच्चे, दिव्यांगजन और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो एवं अन्य पात्र व्यक्तियों के लिए विधिक सेवायें उपलब्ध कराई जाती हैं। इसी क्रम में बताया कि जिले के प्रत्येक तहसील स्तर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम शिविर एवं रैलियाँ आयोजित की जायेंगी। इन कार्यक्रमों के तहत लोगों को उनके विधिक अधिकार, सरकारी योजनाएं और निःशुल्क कानूनी सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। उपस्थित सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र में विधिक सेवा दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाएं। इसके तहत वे सुनिश्चित करेंगे कि हर व्यक्ति को न केवल अपने अधिकारों के बारे में जानकारी मिले, बल्कि न्याय तक उनकी पहुंच भी सुलभ हो। विशेष शिविरों में मुकदमों के त्वरित निपटारे, कानूनी सलाह, और आवश्यक सहायता की व्यवस्था होगी एवं परा विधिक स्वयं सेवक इस अभियान की रीढ़ होंगे। वे कानूनी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक विधिक सहायता प्रदान करायेंगे। विधिक जागरूकता रैली लोगों को विधिक सेवाओं के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित की जायेंगी।

## जनपद में उपलब्ध हैं पर्याप्त मात्रा में गुणवत्ता युक्त बीजः जिला कृषि अधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**रबी में अच्छे उत्पादन के लिए समय से बुआई करें किसान**

**बहराइच।** जिला कृषि अधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी है कि रबी 2024-25 में बुआई के लिए जनपद में पर्याप्त मात्रा में गुणवत्ता युक्त बीजों की उपलब्धता है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि गेहूँ (डीबीडब्लू-187, 222 व 303, डब्लूएच-1270, एच.डी.-3226, 3086, पीबीडब्लू-01 जेडएन, डी.बी.डब्लू.-327 व पीबीडब्लू-343 उन्नत प्रजाति का 7028.40 कुण्टल, मटर आईपीएफडी-2014-02 व आईपीएफडी-11-05 प्रजाति का 124.5 कुण्टल, चना पन्त-5, जीएनजी-2207 व एच-7 प्रजाति का 109.44 कुण्टल व राई/सरसों पीपीएस-01 प्रजाति का 24.20 कुण्टल, मसूर पीएल-09, कोटा-03, आईपीएल-220, केएलबी-2008-4 प्रजाति का 606.54 कुण्टल प्रमाणित/आधारीय जिले राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर कृषकों में बिक्री हेतु उपलब्ध हैं।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि रबी 2024-25 के लिए गेहूँ प्रमाणित बीज के लिए रू. 4395=00 व आधारीय बीज के लिए रू. 4595=00, मसूर प्रमाणित के लिए रू. 10440=00 व आधारीय के लिए रू. 10855=00, मटर प्रमाणित के लिए रू. 8170=00 व आधारीय के लिए रू. 8480=00, चना प्रमाणित के लिए रू. 9830=00 व आधारीय के लिए रू. 10440=00 तथा राई/सरसों प्रमाणित के लिए रू. 10660=00 व आधारीय के लिए रू. 10960=00 प्रति कण्टल बिक्री दर निर्धारित की गयी है। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को सुझाव दिया है कि रबी 2024-25 में अपने खेतों की बुआई के लिए बीज प्राप्त करने हेतु अपने ब्लाक के राजकीय कृषि बीज भण्डार प्रभारी से आधार कार्ड व खसरा/ खतौनी की छायाप्रति के साथ सम्पर्क कर पीओएस मशीन पर अंगूठा लगाकर बीज पर देय अनुदान को काटकर कृषक अंश का भुगतान कर बीज प्राप्त कर समय से बुआई कर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते है। बुआई से पूर्व कृषकों को 05 ग्राम ट्राइकोडरमा या 02 ग्राम कार्बन्डाजिम प्रति किलोग्राम बीज के साथ मिलाकर बीज शोधन अवश्य करें। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि मृदा स्वास्थ को सबसे अधिक नुकसान अत्यधिक मात्रा में डीएपी व यूरिया के प्रयोग से हो रहा है। उन्होंने कृषकों का सलाह दी है कि डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट व नैनो डीएपी तथा यूरिया के स्थान पर सुपर गोल्ड (सल्फर कोटेड), यूरिया या नैनो यूरिया का फसलों में अधिक से अधिक प्रयोग करें ताकि मृदा स्वास्थ और उत्पादन पर कोई प्रभाव न पड़े। साथ ही साथ गेहूं की बुआई माह नवम्बर में अवश्य कर दी जाय ताकि किसान भाई अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सके।

## गंगा गोमती को स्वच्छ बनाने का किया आवाहन

**सुलतानपुर।** प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग अमित सिंह के निर्देशन में जिला परियोजना अधिकारी डी.जी.सी. अभिनन्दन प्रताप द्वारा सीताकुण्ड घाट पर गंगा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके क्रम में केश कुमार राजकीय बालिका इण्टर कालेज, सुलतानपुर में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी।तत्पश्चात सीताकुण्ड घाट पर रंगोली बनायी गयी। इस अवसर पर सीताकुण्ड घाट पर भजन संध्या, प्रवचन, गोमती आरती एवं 2600 दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम में गोमती मित्र मण्डल अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह द्वारा गोमती नदी में किसी भी प्रकार के आस्था के फूल, पालीथीन आदि न डालने आग्रह किया गया। प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग ने गंगा उत्सव कार्यक्रम के महत्व एवं मनाये जाने के कारण पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर, गोमती मित्र मण्डल सदस्य, क्षे.व.अ. सुलतानपुर, उ.क्षे.व.अ. लम्भुआ एवं सदर, जे.आर.एफ. एवं वन विभाग के अधिकारी तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# खाते से निकले लाखों रुपये

**डॉ. अवधेश शुक्ला**

**मुकदमा दर्ज करने के बजाय पीड़ितों की चप्पल घिसवा रहे साइबर थाने के जिम्मेदार**

**सुल्तानपुर।** साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराना टेढ़ी खीर हो गई है। खाते से लाखों रुपए साइबर अपराधियों ने उड़ा दिए, लेकिन पुलिस लाइन में स्थित साइबर दफ्तर में पीड़ितों की दरखास्त धूल फांक रही है। बगैर मुकदमा दर्ज किये यहाँ जांच की बात कहकर पीड़ितों को टरका दिया जाता है। वही लुटा हुआ पीड़ित जब बैंक से डिटेल लेने जाता है, तो उसे कहा जाता है कि पहले एफआईआर कॉपी लाइए, फिर संबंधित जांच में सहयोग की जाएगी। वहीं साइबर सेल के प्रभारी कहते हैं कि जब जांच साइबर सेल की पुलिस कर रही है, तो बैंक को एफआईआर कॉपी देने का क्या मतलब है। जबकि साइबर सेल प्रभारी खुद स्वीकार कर रहे हैं कि बगैर एफआईआर दर्ज कराए भी जांच होती है।

**गर्भवती पत्नी को योजना का लाभ देने के लिए उड़ा दिए खाते से लंबी रकमः** पहला मामला महमूदपुर सेमरी का है। पीड़ित सुरेश ने बीते 4 नवंबर को साइबर थाना प्रभारी को दरखास्त देकर मुकदमा दर्ज करने का दरखास्त दी थी। पीड़ित मुकेश ने बताया कि उनके गर्भवती पत्नी को अनुदान देने के नाम पर फोन आया था और उनके खाते से लगभग 78,000/- गायब हो गए। वह बैंक गए तो उन्हें बताया गया कि जाइए और एफआईआर कॉपी लाइए।दूसरा और तीसरा मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के जासापारा गांव का है जहां पर मातृत्व लाभ योजना के लिए साइबर अपराधियों ने फोन करके दो लोगों के खातों से क्रमशः 20,000/- व लगभग 40,000/- रुपए उड़ा लिए। **चौथा मामला शहर के हृदय स्थली चौक का है-** जहां पर फर्जी वेबसाइट से एक युवक को तकरीबन 15 लाख रुपए की चपत लगा दी गई।उसने मामले की शिकायत साइबर सेल को भी की। यहां तक कि उसने अपनी फरियाद क्षेत्राधिकारी नगर से भी की।लेकिन साइबर थाना प्रभारी ने भागदौड़ से बचने के लिए यानी होमवर्क कम करने के लिए प्राथमिकी ही नहीं दर्ज की।इसके अलावा भी कई मामले जिनको साइबर थाने द्वारा कोई सपोर्ट नहीं किया जा रहा है।

सीताकुंड स्थित कुंवर दिनकर प्रताप सिंह की फेसबुक से साइबर अपराधियों ने छेड़छाड़ का प्रयास किया। मामले की प्राथमिकी साइबर थाने की पुलिस द्वारा नहीं दर्ज की गयी। ऐसे ही मिलते जुलते न जाने कितने मामले और हैं जिनको पुलिस दर्ज करने की बजाय ठंडे बस्ते में डाल देती है। कहीं तो भोले भाले ऐसे पीड़ित हैं, जिनको जांच के नाम पर दौड़ाया जा रहा है। पता चला है कि तहरीर का वजन किया जाता है। जबकि साइबर से जुड़े अपराधी, अपराधों के लिए रोज नई नई तरकीब खोज लेते है।उक्त प्रकरणों के लिए रोज नई एडवाइजरी जारी हो रही है, लेकिन साइबर थाने की पुलिस एक्टिविटी शिथिल पड़ गई है।अब तो घटना का वर्कआउट का प्रेस नोट भी नहीं जारी किया जाता है।

**साइबर थाने में महज 52 मुकदमें दर्ज हैं अब तक-** आईटी सेल के कानून का उल्लंघन करने तथा साइबर फ्रॉड के मामले यूं तो हजारों मामले घटित हुए हैं। लेकिन अभी तक पुलिस लाइन स्थित साइबर थाने में महज 52 मुकदमे ही दर्ज हुए हैं, जिससे पता चलता है कि पुलिस ज्यादातर मुकदमों को नजरअंदाज कर दे रही है।मात्र रिकॉर्ड मेंटेन करने के लिए ही पीड़ितों की एफआईआर नहीं लिखी जा रही है।मुकदमे नही लिखने से पीड़ित स्थानीय थाने का भी चक्कर लगाता है। जिससे नजदीक के इंचार्ज प्रभावित होते हैं। **साइबर थाने में दो हफ्ते से कोई एफआईआर नही हुई दर्ज-** साइबर थाने में बीते 24 अक्टूबर को एक महिला (बैंक की सहायक प्रबंधक) ने मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता ने कहा कि एक युवक को शादी के लिए मना किया तो वह उसकी आपत्तिजनक फोटो रिश्तेदारों को भेजने लगा । जिससे उसे तमाम परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है।आरोपी युवक जिओ कम्पनी में कार्यरत है, जिससे उसने उसके सारे नम्बर पता कर लिए हैं। इन्वर्टर बैठा- सिस्टम पड़ा ठप÷,साइबर थाने का हाल- बेहाल, पोल खोल बैठे प्रभारी- - सुल्तानपुर पुलिस लाइन में बना साइबर थाने का इन्वर्टर बैठने से ठप है, यह बात थानाप्रभारी देवेंद्र सिंह खुद बयां कर पुलिस स्टेशन की बदहाल व्यवस्था को बयां कर रहे हैं। साइबर थाना प्रभारी फरियादियों का मुकदमा नही दर्ज होने का कोई वाजिब कारण न बता सके। उल्टे उन्होंने बताया कि अभी इनवर्टर, सिस्टम सब बैठ गया है, इसलिए अभी अतिरिक्त जानकारी देना मुश्किल है।

# मास्टर ट्रेनर मतदान कार्मिकों को बेहतर ढंग से करें प्रशिक्षित : जिला निर्वाचन अधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने सुदिति ग्लोबल एकैडेमी में मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण सत्र के दौरान कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे मास्टर ट्रेनर से कहा कि मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान खासतौर पर पीठासीन अधिकारियों को मॉक-पोल, मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दें, किसी भी पीठासीन, मतदान अधिकारी के मन में किसी भी प्रक्रिया को लेकर कोई भ्रम न रहें। उन्होने मास्टर ट्रेनर से कहा कि कंट्रोल यूनिट, वैलेट यूनिट, वी.वी. पैट किस दशा में बदले जायेंगे, कितने स्थान पर सील होंगे, कहॉ पर किस रंग की सील लगेगी, ई.वी.एम. सैट को मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए लाने-ले जाने में किस प्रकार की सावधानी बरती जाये, वी.वी. पैट को तेज प्रकाश, धूप में न रखा जाये आदि के बारे में भली-भांति जागरूक करें। उन्होने कहा कि मतदान के दिन अधिकांश समस्याएं इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के संचालन को लेकर उत्पन्न होती हैं, मतदान कार्मिकों में जानकारी के आभाव में इस प्रकार की समस्याएं होती हैं यदि कार्मिक सही ढंग से प्रक्रिया समझेंगे, मानक के अनुसार मॉक-पोल की प्रक्रिया सम्पन्न करायेंगे, सी.यू.-वी.यू.-वी.वी. पैट को आपस में सही प्रकार से कनेक्ट करेंगे तो इस प्रकार की सभी समस्याओं से निजात मिलेगी और मतदान प्रक्रिया निर्विघ्न रूप से शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष, स्वतंत्र रूप से सम्पन्न कराने के लिये सबसे अहम भूमिका पीठासीन अधिकारी, मतदान कार्मिकों को निभानी है, इसलिए मतदान के दिन होने वाली विभिन्न गतिविधियों, सामान्य कार्यो, ई.वी.एम. संचालन, लिफाफे पेकिंग, सीलिंग, मतदान अभिकर्ताओं के दायित्वों आदि के बारे में प्रत्येक मतदान कार्मिक को जानकारी होना आवश्यक है।

# स्वच्छता ही सेवा है, गन्दगी जान लेवा है : डॉ. हरीशंकर पटेल

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में नगर पालिका परिषद इटावा के सहयोग से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पालिका परिषद इटावा की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी विनय मणि त्रिपाठी जी की देखरेख में तथा स्वच्छ भारत मिशन (नगरिय) के ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर हरिशंकर पटेल एवं डीपीएम सुनील कुमार के संयुक्त नेतृत्व में स्वच्छता का महाअभियान कार्यक्रम के अन्तगर्त शहर के सभी वार्डो के कार्मचारियों एवं जागरूक जनता को प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित तथा प्लास्टिक हटाओं, ठोस अपशिष्ट, जल, पर्यावरण प्रबंधन के साथ साथ सेप्टिक टैंक की सफाई आदि और स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारी लगातार जारी है उसी कड़ी में वार्ड मढैया शिवनारायान में वार्ड के सभासद प्रतिनिधि मंगू ठाकुर की अध्यक्षता में जन-जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। मंगू ठाकुर सभासद प्रतिनिधि ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाना में प्रथम कर्त्तव्य है। महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित डा0 हरीशंकर पटेल बाण्ड एम्बेसडर स्वच्छ भारत मिशन ने बताया स्वच्छता ही सेवा है, गन्दगी जान लेवा है आज से हम सभी लोग स्वच्छता को अपनायेगें आम जनमानस में जागरुकता लायेगे। राकेश कुमार मुख्य खाद्य एवं साफाई निरीक्षक ने कहां कि साफ सफाई करके कूडें करकट को नाली में मत फेकें। इन्जी0 राजेश कुमार वर्मा सेवा निवृत अधिशाषी अभियन्ता ने जल पर चर्चा करते हुए बताया जल की बर्बादी हमारे लिए भविष्य में विकराल समस्या बनने वाली है आओ हम सब मिलकर पानी की बर्बादी से बचे। सुनील कुमार डीपीएम स्वच्छ भारत मिशान ने सेफ्टिक टैंक की सफाई पर जोर देते हुए कहा 3 बर्षो में एक बार सेफ्टिंक टैंक को साफ करना जरूरी है। जयवीर सिंह परियोजना विश्लेषक ने गीले एवं सूखे कूंडे के पृथकीकरण पर जोर दिया। कर्यक्रम को सफल बनाने में सफाई नायक सुनील कुमार और अनिकेत, अंशुल, आसिफ का योगदान सराहनीय रहा।

## चारागाह की जमीन पर की जुताई, मुकदमा होगा दर्ज

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** नगरपालिका की गौशाला के पशुओं के लिए सुरक्षित जमीन जिसमें नगरपालिका द्वारा हरे चारे की बुआई की जाना था और लेखपाल तथा अन्य कर्मचारियों द्वारा जमीन के चिन्हांकन के साथ ही कलई डाल दी गई थी लेकिन कुछ लोगों ने उस जमीन पर जुताई बुआई कर दी है जिसके चलते नगरपालिका की ओर से आरोपियों को नोटिस जारी किया गया है और कोतवाली प्रभारी को पत्र लिखकर कार्यवाही करने की मांग की गई है। अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर ने कोतवाली पुलिस को लिखे पत्र में बताया कि गौशाला के निकट हरे चारे के लिए चिन्हित जमीन पर रागौल निवासी इस्माईल, मसूद, महमूद, रजा,शहीद,रोशन पुत्रगण दोस्त मोहम्मद ने जुताई बुआई कर ली है जिनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाए।

# मीडियाकर्मियों को पिटाई के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** 27 अक्टूबर की रात्रि को सरीला नगर पंचायत के चेयरमैन पवन अनुरागी द्वारा दो मीडिया कर्मियों को घर में बुलाकर बंधक बना कर उनकी अमानवीय पिटाई का मामला अब धीरे-धीरे तूल पकड़ता जा रहा है। मीडिया कर्मियों को निर्वस्त्र कर पीटने का यह कृत्य अब चेयरमैन की गिरफ्तारी के बाद पुलिस कार्रवाई में बदल चुका है, जिससे पीड़ितों ने थोड़ी राहत की सांस ली है। पवन अनुरागी ने मीडिया कर्मियों को घर में बंधक बनाकर न केवल बेरहमी से पीटा था, बल्कि इस घटना का वीडियो भी बनाया था, जो बाद में वायरल हो गया। वीडियो के वायरल होने के बाद मामले ने राजनीति और मीडिया में खासी हलचल मचाई थी, और विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए कार्यवाही की मांग की थी। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने पवन अनुरागी को पार्टी से निष्कासित कर दिया, और पुलिस ने उसके गिरफ्तार होने के बाद मामले में तेजी दिखाई। पवन अनुरागी के चार गुर्गो को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब पुलिस के लिए अगला लक्ष्य चेयरमैन के एक अन्य गुर्गे गंगा प्रसाद यादव की गिरफ्तारी है, जो मुख्य आरोपियों में से एक है। हालांकि, पीड़ित मीडिया कर्मियों अमित द्विवेदी और शैलेन्द्र मिश्रा ने चेयरमैन और उसके गुर्गो की गिरफ्तारी के बाद थोड़ी राहत की सांस ली है, लेकिन उन्होंने अपनी शिकायतों को लेकर पुलिस और प्रशासन पर दबाव बनाना जारी रखा है। वे अपने खिलाफ लिखाए गए फर्जी मुकदमे की वापसी की मांग कर रहे हैं और आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराएं बढ़ाने की भी मांग कर रहे हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं और बच्चों पर लैंगिक हिंसा की रोकथाम



**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एएचटीयू तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सभागार रिजर्व पुलिस लाइन हमीरपुर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जनपद के सभी थानों में नियुक्त बाल कल्याण अधिकारियों और सहायक पुलिस अधिकारियों /कर्मचारियों ने भाग लिया।कार्यशाला में महिलाओं और बच्चों पर होने वाली लैंगिक हिंसा,मानसिक स्वास्थ्य,साइबर क्राइम और पॉक्सो एक्ट के संबंध में जागरूकता फैलाना और इन मुद्दों पर प्रभावी समाधान व रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने इन गंभीर मुद्दों पर विस्तृत जानकारी दी और पुलिस अधिकारियों को इनसे संबंधित विभिन्न कानूनों, प्रक्रियाओं और सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में प्रशिक्षित किया।अपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा महिलाओं और बच्चों के खिलाफ लैंगिक हिंसा पर चर्चा करते हुए, यह बताया गया कि किस तरह समाज में लैंगिक भेदभाव और हिंसा को समाप्त करने के लिए पुलिस और प्रशासन को मिलकर काम करना चाहिए।

### जिलाधिकारी ने मृतक के आश्रित को दी नौकरी



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मृतक आश्रित कोटे के अंतर्गत ममता देवी पत्नी स्वर्गीय धर्मेंद्र सिंह को कलेक्ट्रेट में नियुक्ति पत्र दिया। ममता देवी को कलेक्ट्रेट में कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो कि उनके पति स्वर्गीय धर्मेंद्र सिंह हमीरपुर सदर तहसील में नजारत चपरासी के पद पर करत थे जिनकी बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। जिलाधिकारी ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए योग्यता के आधार पर मृतक की पत्नी ममता देवी को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति प्रदान करते हुए आगे के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि अपने कार्यों दायित्वों को अच्छे ढंग से संपादित करें। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिए कि मृतक कर्मचारी के परिवार को सेवा संबंधी समस्त लाभ यथा पेंशन ग्रेज्युती आदि जैसे भुगतान समयबद्ध ढंग से दिए जाएं।



### छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण कराया

**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में पीएम श्री विद्यालय केंद्रीय स्कूल द्वारा विगत दो दिनों से छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण कराया जा रहा है जिसका उद्देश्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक रुचि को बढ़ाया जाना है, भ्रमण के दौरान सेंट्रल स्कूल के प्रधानाचार्य और अध्यापकों द्वारा महाविद्यालय के भ्रमण में महाविद्यालय द्वारा दिए जा रहे सहयोग की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई उनके द्वारा बताया गया कि यह महाविद्यालय जिले में एक ख्याति प्राप्त संस्थान है और यह निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है बच्चों को भ्रमण कराने के लिए डॉक्टर एन के शर्मा, अधिष्ठाता द्वारा प्रधानाचार्य, सेंट्रल स्कूल को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# एकल गायन प्रतियोगिता में सुनैना, अमन व नितिन रहे प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा, बकेवर।** जनता कॉलेज बकेवर द्वारा एक्टिविटी तथा कल्चरल क्लब के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक सप्ताह के प्रथम दिवस पर एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य प्रो.डॉ. आर के त्रिपाठी की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ.डी जे मिश्र के निर्देशन में प्रभारी डॉ.अभिषेक प्रताप सिंह के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आर्यन गोयल , मोहिनी, तृप्ति, दीपाली मिश्रा, मनीषा, प्रज्ञा ओझा, निखिल, सुनैना, सौरभ गुप्ता, नितिन शुक्ल, अमन, दीपेंद्र आदि छात्र एवं छात्राओं ने अपने एकल गायन की प्रस्तुतियां दी। निर्णायक मंडल में प्राध्यापक डॉ.इंदु बाला मिश्रा, डॉ.ज्योति भदौरिया, डॉ.एस.के.एस. चंदेल, डॉ आनंद कुमार सिंह आदि के निर्णय द्वारा कु.सुनैना बीएससी तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम, अमन कुमार बीएससी कृषि तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय तथा नितिन शुक्ला बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रो.त्रिपाठी ने प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षणेत्तर गतिविधियों में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने पर बल दिया। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद शर्मा, डॉ सत्यार्थ प्रकाश मौर्य, डॉ दिव्यांशु पांडेय, इंजी.अजीत प्रताप अग्निहोत्री, डॉ.शैली यादव, इरम सलीम आदि प्राध्यापकों की उपस्थिति एवं सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन मुख्य संयोजक डॉ दिव्य ज्योति मिश्र द्वारा किया गया।

## जिले में 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया हुई शुरू

**बाँदा।** जिले में 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया की शुरुवात हो चुकी हैं। इस योजना के तहत पांच लाख तक की निःशुल्क उपचार की सुविधा किसी भी आयुष्मान पंजीकृत हॉस्पिटल में भर्ती होकर ले सकेंगे। अब 70 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्ग नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपए तक का सुरक्षा बीमा कवर मिलेगा। इससे वरिष्ठ नागरिक बीमारी के समय अपना पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज करा सकेगे।

**यहाँ बनेगें कार्ड:** जिले में बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड के लिए आरोग्य मित्र जरिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र - नरैनी,जसपुरा,बबेरू ,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र - कमासिन ,महुवा ,अतर्रा, बिसंडा ,मेडिकल कॉलेज - रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय- जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय एवं समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बनेगा।

# नारायन कॉलेज में हुआ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**जूनियर वर्ग से फेथ हाउस व करेज हाउस तथा सीनियर वर्ग से फेथ हाउस ने मारी बाज़ी**



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के विशाल ऑडीटोरियम में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा एवं श्रीमती पूनम शर्मा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के चारों हाउस से 4-4 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर व सीनियर दो वर्गों में किया गया। प्रतियोगिता में साइंस एवं जनरल नॉलेज से संबंधित प्रश्नों को प्रोजेक्टर स्क्रीन के माध्यम से छात्र-छात्राओं से पूछा गया। प्रतियोगिता चार राउण्ड में आयोजित की गई जिसमें पहला रेपिड फायर राउण्ड, दूसरा सब्जेक्ट केटेगरी राउण्ड, तीसरा बज़र एवं चौथा विज़ुअल राउण्ड था। हर राउण्ड के साथ चारों हाउसेस के स्कोर में उतार-चढ़ाव होता रहा तथा अंतिम राउण्ड में जूनियर वर्ग से फेथ हाउस एवं करेज हाउस विजयी रहे साथ ही सीनियर वर्ग से फेथ हाउस ने बाजी मारी।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ0 धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि क्विज प्रतियोगिता एक माइण्ड गेम है जो प्रायःविभिन्न विषयों के ज्ञान के मूल्यांकन में प्रयोग किया जाता है क्विज में प्रतिभाग करने से मानसिक विकास तीव्र होता है इस प्रकार की प्रतियोगिता आगे विभिन्न परीक्षाओं में सफलता के लिये बहुत उपयोगी होती हैं। डॉ.शर्मा ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं का मानसिक विकास होता है और उनमें अध्ययन करने की क्षमता का तीव्रता से विकास होता है। अंत में प्रधानाचार्य डॉ0 धर्मेन्द्र शर्मा ने विजयी टीम को ट्राफी तथा प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया और भाविष्य में उत्तम शिक्षा के लिये उन्हें आशीवार्द दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं प्रसारण स्कूल कॉर्डिनेटर उरूसा रिज़वान ने किया तथा कार्यक्रम के आयोजन में सीसीए इंचार्ज एंजिल तोमर एवं कृष्ण गोपाल त्रिवेदी ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# सूखती केन मरती मछलियां माला माल होते मौरंग खनन कारोबारी

**जल जीवन मिशन की कामयाबी पर घिर रहे है काले बादल**

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** पूरे जनपद मे केन की मौरंग निकालने की प्रतिस्पर्धा चल रही है , बात चाहे जिस मौरंग खदान की करें सभी मे स्थितियां एक जैसी हैं , परंतु अब तक जो स्थितियां थी उससे भी भयंकर आने वाले समय मे जल संकट के रूप मे सामने दिखायी देने लगी है , केन नदी का असतित्व समाप्ति की ओर जा रहा है , अभी तो बारिश समाप्त हुयी थी और तब केन लबालब थी खूब बाढ थी परंतु खनन प्रारम्भ होते ही नदी की जलधारा से मौरंग निकालने का कम्पटीशन प्रारम्भ हो गया है अब और परिणाम स्वरूप विशाल नदी एक पतली धारा मे बदलने लगी है , खनन कारोबारियों द्वारा अपने अपने खनन क्षेत्र से गुजरने वाली नदी की जलधारा रोककर अपने मनमुताबिक ट्रको मे मौरंग भरने के लिये विशालकाय मशीने उतार दी है वहीं नदी की जलधारा से नियमतः छेडछाड करने पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नियमो की अनदेखी होती है परंतु जब बात दौलत की हो तो नियम तोडते देर नही लगती जिसके परिणाम स्वरूप जलीय जीवजंतु भी असमय काल के गाल मे समा रहे हैं और असमय मृत्यु से नदी का पानी भी प्रदूषित एवं दुर्गंधयुक्त हो रहा है।

नदी के किनारे बाड लगाने वाले किसान भी इन खनन कारोबारियों से परेशान है क्योकि मौरंग खनन करने वाले कभी नही चाहते है कि उनके अलावा भी कोई नदी के आसपास दिखायी दे। अब जबकि नवम्बर का महिना प्रारम्भ हो गया है खनन करने के लाये कई मौरंग के नये नये पट्टे स्वीकृत हो चुके है कुछ होमे वाले है परंतु किसी को भी आने वाले समय मे जल संकट की आहट नही सुनायी दे रही है , सरकार की अरबो रूपये की महत्वाकांछी योजना ~हर घर जल ~ मे केन नदी से पानी लाकर बडी बडी टंकियों मे स्टोर कर पूरे क्षेत्र मे सप्लाई करना है परंतु जब केन नदी मे ही जल नही होगा तो टंकियों मे स्टोर कैसे होगा और जब स्टोर नही होगा तो क्षेत्र मे पानी घर घर तक कैसे जायेगा ये आने वाले समय मे पता चलेगा।

# एनसीएल खड़िया क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया छठ पूजा



**अवधनामा संवाददाता**

**शक्तिनगर/सोनभद्र।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा हर्षोल्लास के साथ एनसीएल खड़िया क्षेत्र के चैतन्य मंदिर वाटिका परिसर स्थित छठ घाट पर बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। व्रतियों और श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा। छठ घाट की सजावट और व्रतियों के लिए की गई सुविधाओं ने पूजा को और भी विशेष बना दिया। एनसीएल खड़िया क्षेत्र द्वारा छठ घाट पर अति उत्तम व्यवस्था की गई थी, जिससे व्रतियों को पूजा करने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। इस अवसर पर एनसीएल खड़िया के मुख्य महाप्रबंधक मनोज अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों को छठ पूजा की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि छठ पर्व लोक आस्था और समर्पण का पर्व है, जिसमें लोग उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने परिवार के कल्याण की कामना करते हैं। छठ घाट पर सुरक्षा, सफाई, और अन्य सुविधाओं के बेहतरीन इंतजाम ने इस आयोजन को सफल और सहज बना दिया। एनसीएल खड़िया क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरी तन्मयता से आयोजन में भाग लिया और क्षेत्रवासियों को सभी आवश्यक सुविधाएँ प्रदान किया। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने जल में खड़े होकर डूबते सूर्य देवता को अर्घ्य अर्पित किया और छठी माई से सुख, समृद्धि और शांति की प्रार्थना की। इस आयोजन में आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और छठ पूजा का महात्म्य देखते हुए पूरे श्रद्धा भाव से इस पर्व का आनंद लिया।

## श्रद्धा एवं आस्था के साथ स्नान एवं खरना किए

**अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को छठव्रतीयो ने दिया पहला अर्घ्य**



**सोनभद्र।** लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन बुधवार को व्रतियों ने नदियों व तालाबो के पावन तट पर श्रद्धा एवं आस्था के साथ स्नान एवं खरना किया। काफी संख्या में व्रतियों ने अपने घरों में भी खरना किया। वहीं गुरुवार को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को छठव्रती पहला अर्घ्य प्रदान करेंगे। इसके बाद शुक्रवार को उगते हुए सूर्य को छठ का दूसरा अर्घ्य दिया जाएगा। इसके साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व समाप्त हो जाएगा।

रावटसगंज नगर के राम शरोवर, मेहुडी नहर पर छठ पर्व की तैयारियां छठ महापर्व को लेकर राम शरोवर के घाट सहित तालाबों के किनारे भव्य तैयारी की गई है। छठव्रतियों ने दिनभर उपवास करने के बाद शाम को तालाब के पावन तट पर स्नान किया। तालाब के किनारे व्रतियों के आने का सिलसिला दोपहर बाद से ही शुरू हो गया। नदी किनारे आने वाले अधिकांश लोग अपने-अपने वाहन से पहुंच रहे थे। इसके अलावा घाट पर बसे मोहल्ले के लोग पैदल की नदी की धारा तक पहुंच रहे थे।

दीघा, कुर्जी, राजापुर, दुजरा, मंदिरी एवं गोलघर से काफी संख्या में महिला व्रती पैदल ही नदी घाट पहुंची। पैदल जाने वाली महिलाएं छठी माई की गीत गाते हुए नदी किनारे पहुंच रही थीं। नदी किनारे पहुंचने पर सबसे पहले व्रतियों ने आम की दातून से मुंह धोआ। उसके बाद नदी की धारा में स्नान करने का सिलसिला शुरू हुआ। हर-हर गंगे, हर-हर महादेव एवं जय छठी मईया की जय-जयकार के साथ नदी की धारा में व्रतियों ने डुबकी लगाई। जय छठी माईया की जय-जयकार से शाम को पूरा नदी तट गूंज उठा। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# राज्य महिला आयोग ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धि का किया निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र।** राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात द्वारा आज दुसरे दिन जनपद सोनभद्र में सीएचसी दुध्दी का निरीक्षण किया गया, एक दौरान अस्पताल में साफ सफाई न होने के कारण सदस्य द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर शाह आलम अंसारी से जानकारी लिया गया अधीक्षक द्वारा बताया गया कि कार्मिको की कमी के वजह से साफ सफाई होने मे दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं। राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात ने संबंधित को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अस्पताल में सफाई और सरकारी योजनाओं का पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि मरीजों को समय पर उचित इलाज मिल सके और उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा बनी रहे। उसके उपरान्त म्योरपुर ब्लाक के आगनवाड़ी केन्द्र खैराही मे गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी रामचन्द्र द्वारा आगनवाड़ी केन्द्र पर दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दिया गया इस मौके पर प्रोवेशन अधिकारी इन्द्रावती कुमारी, जिला बाल संरक्षण ईकाई संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे,वन स्टॉप सेंटर केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह महिला थाना रावर्टसगंज प्रभारी सविता सरोज, चौकी प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह, महिला थाना दुद्धी प्रभारी सन्तू सरोज आदि उपस्थित रहें।

## संयम संकल्प और समर्पण का प्रतीक है छठ पर्व

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** छठ पूजा हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो सूर्य देवता और छठी मैया की आराधना के रूप में मनाया जाता है। इसे मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, और नेपाल के कुछ हिस्सों में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, लेकिन अब इसकी लोकप्रियता पूरे भारत और दुनियाभर में फैली है, जहां भी बिहार-उत्तर प्रदेश के लोग बसे हैं। छठ पूजा के प्रति आस्था रखने वाले लोग बताते हैं कि छठ पूजा का सबसे प्रमुख उद्देश्य सूर्य देवता की उपासना है, जो ऊर्जा और जीवन के प्रतीक माने जाते हैं। यह मान्यता है कि सूर्य भगवान सभी जीवों को जीवन शक्ति और स्वास्थ्य प्रदान करते हैं, और उनकी पूजा से सुख, समृद्धि, और स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। साथ ही, इस पूजा में छठी मैया, जो उर्वरता, बच्चों के स्वास्थ्य और परिवार की भलाई का आशीर्वाद देती हैं, की भी आराधना की जाती है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार, इस पूजा को करने से संतान सुख और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। छठ पूजा कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को होती है, जो दिवाली के छह दिन बाद आती है। लोगो ने बताया कि यह चार दिनों का पर्व होता है, जिसमें हर दिन की अलग-अलग विधि होती है। पहले दिन को नहाय-खाय कहा जाता है, जिसमें व्रती अपने शरीर और आत्मा की शुद्धि के लिए स्नान करते हैं और सात्विक भोजन करते हैं। दूसरे दिन खरना होता है, जिसमें पूरे दिन उपवास के बाद रात में प्रसाद के रूप में गुड़ और चावल की खीर खाई जाती है। तीसरे दिन, व्रती डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हैं, और अंतिम दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रत पूरा किया जाता है। छठ पूजा में शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है, और सभी क्रियाएं एकदम पवित्रता के साथ की जाती हैं। व्रतियों द्वारा नदी, तालाब, या जलाशय के किनारे सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हुए पूजा की जाती है।

# छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं ने दिया डूबते सूर्य को अर्घ्य



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/चोपन।** छठ महापर्व के अवसर पर गुरुवार को श्रद्धालुओं ने अपने परिवारों के साथ घाटों पर पहुँचकर डूबते सूर्य को अर्ध्य दिया। इस अवसर पर घाटों पर भव्य आयोजन और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं और बच्चों ने पूजा-अर्चना कर छठी मईया और सूर्य देवता का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालु व्रत की कठिन साधना कर सोन नदी के किनारे पहुंचे जहा शाम होते ही डूबते सूर्य को अर्ध्य देने का सिलसिला शुरू हुआ, जो कि इस महापर्व का प्रमुख आयोजन है। प्रसाद में ठेकुआ, नारियल, गन्ना व विभिन्न प्रकार के फल चढ़ाए गए।छठ पूजा के दौरान व्रतियों ने स्वच्छता और नियमों का पालन करते हुए सभी धार्मिक अनुष्ठानों का निर्वहन किया। इस पावन पर्व का मुख्य उद्देश्य सूर्य उपासना और पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना है। नगर पंचायत द्वारा सुरक्षा और स्वच्छता के इंतजाम किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। छठ पूजा का महत्त्व भारतीय समाज में विशेष स्थान रखता है। यह पर्व विशेष रूप से बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

## महिलाओं ने चिल्काझील में खड़ी होकर सुख और समृद्ध की कामना की

**शक्तिनगर/सोनभद्र।** एनटीपीसी आवासीय की परिसर में स्थित चिल्काझील में खड़ी होकर सैकड़ो महिलाओं नेडूबतेसूर्य को अर्ध देकर परिवार के सुख एवं समृद्धि की कामना करते हुए। छठ मैया से प्रार्थना की कि। जिस प्रकार सूर्य देवता पूरे संसार को प्रकाश मय करते हैं। उसी प्रकार हमारा पूरा परिवार तथा विश्व कल्याण पर आपकी कृपा बनी रहे। और शांत सुख समृद्धि के साथ सभी प्राणिज्ण अपना जीवन व्यतीत करें। छठ पूजा श्रद्धा और आस्था का पर पर्व लोगों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया चिल्काझील के भीटे पर पर अनेक समाजसेवी संस्थाओं ने तरह-तरह के सामान बनाकर प्रसाद के रूप में लोगों को वितरित किया। चिल्काझील में झालर से सजाकर आकर्षक सजाया गया है वहीं रात्रि में जागरण का भी कार्यक्रम किया जा रहा है।

